रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 23 अगस्त 2024

प्रधानमंत्री आदर्श गांव पाकुरभाठ में साढ़े 3 वर्ष से अधिक समय पहले स्वीकृत हुए कार्य आज तक अधूरे, जिम्मेदारों ने हड़प ली राशि

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में जिम्मेदारो ने प्रधानमंत्री आदर्श गांव में विकास कार्यों के लिए जारी किए गए राशि में भी बंदरबाट और भ्रष्टाचार करने में कोई कसर नही छोड़ी है। और ये जिम्मेदार और कोई नही भाजपा पार्टी से ही ताल्लुक रखने वाले जनप्रतिनिधि है। मामला जनपद पंचायत बालोद अंतर्गत ग्राम पंचायत जगतरा के आश्रित ग्राम पाकुरभाठ का है। जिसे प्रधानमंत्री आदर्श गांव में शामिल है। 2019-20 में इस गांव को प्रधानमंत्री आदर्श गांव के लिए चयनित किया गया था। विभिन्न विकास कार्य इस गांव के लिए स्वीकृत हुए थे। जिसमें द्वारिका घर से चंद्रिका घर तक 6 लाख लागत से सीसी रोड, वार्ड-14 में साढ़े 5 लाख लागत से नाली निर्माण, प्राथमिक शाला में डेढ़ लाख लागत से शौचालय निर्माण, आंगनबाड़ी में 3 लाख से अहाता एवं पाथवे निर्माण, प्राथमिक शाला में साढ़े 5 लाख से अतिरिक्त कक्ष निर्माण, 6 लाख से प्राथमिक शाला में अहाता निर्माण, वार्ड-12 में 6 लाख से सीसी रोड़ निर्माण, वार्ड-14 में 5 लाख से सीसी रोड़ निर्माण तथा प्राथमिक शाला में डेढ़ लाख की लागत से मूत्रालय व शौचालय निर्माण कार्य स्वीकृत किये गए थे। लेकिन कई कार्य अधूरे है। इतना ही नही पंचायत के द्वारा राशि भी निकाल ली गई है, और कार्य को पूर्ण ही नही कराया गया है। आलम यह है कि 3 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरे पड़े हैं। इतना ही नही 3 वर्ष में कार्य पूर्ण नही होने से आँगनबाड़ी केंद्र जर्जर हो चुका है, यहां झाड़ियां उग गई है।

3 साल में 6 से अधिक नोटिस सरपंच को हुआ जारी-जनपद पंचायत से मिली जानकारी अनुसार ग्राम पाकुरभाठ में आंगनबाड़ी में अहाता एवं पाथवे निर्माण, प्राथमिक शाला में अहाता, शौचालय एवं निर्माण कार्य अपूर्ण है। जनपद पंचायत ने ग्राम पंचायत जगतरा को उक्त तीनों निर्माण कार्य की कुल राशि साढ़े 10 लाख में आधी राशि मार्च 2021 में जारी कर दी थी। बावजूद 3 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कार्य पूर्ण नही किया जा सका है। जबकि इन 3 साल में सरपंच को कार्य पूर्ण करने 6 बार से अधिक नोटिस भी जारी की गई है, बावजूद नोटिस को सरपंच के द्वारा अनदेखा किया गया, और आज तलक कार्य पूर्ण नही किया गया। राशि प्राप्त कर कार्य ही नही पूर्ण किया गया। 3 साल में सरपंच के द्वारा नोटिस के जवाब में यथाशीघ्र कार्य को प्रारम्भ कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया जाता रहा है। लेकिन आज तलक कार्य को पूर्ण नही किया गया। यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि प्रधानमंत्री आदर्श गांव का सपना इस गांव के लिए महज सपना बन के रह गया है। जिम्मेदारों के द्वारा प्रधानमंत्री आदर्श गांव के तहत जारी की गई राशि में बरती गई अनियमितता एवं बंदरबाट को लेकर अब जनपद पंचायत को पंचायती राज अधिनियम धारा 92 के तहत वसूली की कार्यवाही की जानी चाहिए।

दो नए गांव हुए चयनित-उल्लेखनीय हो कि जिले में 2019-20 में रुदा, नवागांव, कोसा, पाउवारा, सुखरी, पाकुरभाठ और रायपुरा गांव प्रधानमंत्री आदर्श गांव के रूप में चयनित हुए थे। वही इस सत्र दो नए गांव तमोरा और पड़कीभाट प्रधानमंत्री आदर्श गांव के लिए चयनित किये गए है। जहां विभिन्न तरह के विकास कार्य किये जायेंगे। लेकिन इन नए दोनों गावो के लिए शासन से राशि जारी नही किया गया हैं। जैसे ही फंड जारी होगा, यहां विकास के निर्माण कार्य किये जायेंगे। बता दे कि प्रधानमंत्री आदर्श गांव के नोडल आदिवासी विभाग है, यहां राशि आती है फिर उस राशि को एजेंसी को दे दी जाती है। जिसके बाद पूर्ण कार्यो की पूर्णतः और उपयोगिता लेकर शासन को प्रेषित की जाती हैं।

आदर्श ग्राम का सपना-'आदर्श ग्राम' वह है जिसमें लोगों को विभिन्न बुनियादी सेवाओं तक पहुँच प्राप्त हो ताकि समाज के सभी वर्गों की न्यूनतम ज़रूरतें पूरी हो सकें और असमानताएँ न्यूनतम हो सकें। इन गाँवों में सभी बुनियादी ढाँचे होंगे और उनके निवासियों को ऐसी सभी बुनियादी सेवाओं तक पहुँच होगी, जो एक सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं, जिससे ऐसा माहौल बनेगा जिसमें हर कोई अपनी क्षमता का पूरा उपयोग करने में सक्षम होगा। इसके लिए अनुसूचित जाति वर्ग के बहुल्यता वाले गांव का चयन प्राथमिकता से किया गया है, परंतु जो बुनियादी ढांचे इस गांव को मिलनी चाहिए, उससे यह गांव जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से कोसो दूर नजर आ रहा है।

> अपूर्ण कार्यों का साढ़े 10 लाख एएस में 50 प्रतिशत राशि जारी किया गया था, सरपंच को 6 से अधिक बार नोटिस जारी की गई है, लेकिन अब तक कार्य अपूर्ण है, अब आगे नियमानुसर कार्यवाही की जाएगी।
> **-पीताम्बर यादव, सीईओ, जनपद पंचायत, बालोद**

उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने 6 स्थानों पर रोड, नाली, निर्माण के लगभग 35 लाख के नये कार्य करवाने भूमिपूजन किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने नगर निगम जोन 3 के तहत शंकरनगर वार्ड क्रमांक 30 के क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा विस्तार हेतु अधोसंरचना मद के अंतर्गत 35 लाख रू. की स्वीकृत लागत से नवीन गुप्ता वाली गली हनुमान मंदिर के सामने रोड़ निर्माण, सी टाईप से जनता टाईप मकान तक नाली निर्माण एवं कव्वर्ड करवाने कार्य, प्रमिला राजपूत के निवास से सुदीप किराना तक नाली निर्माण, कव्वर्ड कार्य, सीसी रोड निर्माण, गोरखापारा में विजय सोनी के मकान से शर्मा के मकान तक नाली निर्माण कार्य, डॉ. आशा नेवले के मकान के पास से होते हुए प्रतीक लुनावत के मकान के सामने से होते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सामने तक सीसी रोड सडक निर्माण कार्य एवं अशोक शर्मा के निवास के सामने से बसंत साहू के निवास के सामने तक कांक्रीट सडक निर्माण कार्य हेतु श्रीफल फोडकर एवं कुदाल चलाकर नये विकास कार्यो का भूमिपूजन नगर निगम जोन 3 के जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, शंकरनगर वार्ड पार्षद सुमन राम प्रजापति, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील परेतकर, जोन 3 जोन कमिश्नर जसदेव सिंह बाबरा सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों की उपस्थिति में किया। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने 6 विभिन्न स्थानों पर शंकरनगर वार्ड में 35 लाख रू. की लागत से नये विकास कार्य प्रारंभ करवाकर कार्यो को तत्काल स्थल पर प्रारंभ करके तय समय सीमा के भीतर सतत मॉनिटरिंग कर गुणवत्तापूर्ण तरीके से जनहित में जनसुविधा विस्तार हेतु शीघ्र पूर्ण करवाना सुनिष्चित के निर्देष नगर निगम जोन 3 जोन कमिश्नर जसदेव सिंह बाबरा को दिये। वार्ड पार्षद सुमनराम प्रजापति ने शंकरनगर वार्ड में नये विकास कार्य प्रारंभ करवाने पर सभी वार्डवासियों की ओर से रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा एवं जोन 3 जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू को धन्यवाद दिया।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए आईटीआई-सड्डू में कार्यशाला का आयोजन

रायपुर। भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के तहत कार्य करने वाले राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति और छत्तीसगढ़ स्टेट बैंकर्स समिति, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संभावित लाभार्थियों के बीच जन-जागरूकता के लिए 23 अगस्त, 2024 को सुबह 11.00 बजे से आईटीआई-सड्डू, रायपुर में एक कार्यशाला/ सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों के बीच योजना के लाभों और उपलब्ध होने वाले ऋण सुविधाओं के बारे में जागरूक करना है। सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र बैंकों के राज्य प्रमुख, ऋण प्रसंस्करण प्रकोष्ठों के एजीएम, विभिन्न जिलों के अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के निदेशक, आईटीआई माना, रायपुर, आईटीआई-सड्डू, रायपुर आजीविका महाविद्यालय, रायपुर, आरएसईटीआई, रायपुर, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, रायपुर के प्राचार्यो के साथ ही साथ पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थी और योजना का बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु इस कार्यालय/ सेमिनार में शामिल होंगे।

देश में वैज्ञानिक जागरूकता की आवश्यकता : डॉ दिनेश मिश्र

राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित तेलीबांधा तालाब मेरिन डाईव में किया गया जिसमें तथाकथित चमत्कारों के वैज्ञानिक प्रदर्शन, नागरिकों एवम विद्यार्थियों को अंधविश्वास निर्मूलन से संबंधित किताबें, पंपलेट वितरित किए गए। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा, तर्कशील, सहित सहयोगी संगठनों के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ नरेंद्र दाभोलकर को श्रद्धांजलि दी गई। आयोजन में अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा देश में अंधविश्वासों व सामाजिक कुरीतियों के कारण प्रतिवर्ष हज़ारों लोग प्रताड़ना के शिकार होते हैं। वर्तमान में वैज्ञानिक जागरूकता की अत्यन्त आवश्यकता है। जिसके लिए लगातार अभियान चलाएं जाने की जरूरत है, जिससे लोगों के बसे अंधविश्वास व सामाजिक कुरीतियां हटाई जा सकेंगी।

विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम ने कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी दी। तर्कशील परिषद के डॉ आरके सुखदेवे ने कथित चमत्कारों के वैज्ञानिक प्रदर्शन किए था चमत्कारों की वैज्ञानिक सत्यता बताई गई। संजीव खुद शाह ने वास्तुशास्त्र से जुडे अंधविश्वासों की जानकारी दी। अयोजन को अंजू मेश्राम, निसार अली ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में आई एम ए अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता, उमाशंकर ओझा, अधीर, जयश्री भगवानानी, सहित अनेक नागरिक स्कूली छात्र उपस्थित थे कार्यक्रम में नागरिकों व छात्रों को अंधश्रद्धा निर्मूलन संबंधित किताबें, पंपलेट वितरित किए गए आम लोगों की जिज्ञासा का समाधान किया गया।

धरसींवा विधायक अनुज शर्मा एवं आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोरा, कचना, आमासिवनी का निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

धरसींवा विधायक अनुज शर्मा एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद गोपेश साहू, नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता के.के. शर्मा सहित जोन के अन्य संबंधित अधिकारियों, गणमान्यजनों की उपस्थिति में जोन 9 के तहत आने वाले जोरा, कचना, आमासिवनी रहवासी क्षेत्र का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित अधिकारियों की उपस्थिति में किये गये निरीक्षण के दौरान जोन 9 के तहत जोरा क्षेत्र में जोरा स्कूल के सामने मैदान का समतलीकरण करवाने, स्कूल परिसर में जर्जर भवन को तोडने की कार्यवाही करने जोरा तालाब एवं पानी टंकी के समीप जनसुविधा हेतु बाजार विकसित करने का कार्य शीघ्र करवाने के निर्देश दिये। धरसींवा विधायक ने निगम आयुक्त एवं वार्ड 8 के पार्षद सहित निरीक्षण के दौरान जोन 9 के तहत कचना क्षेत्र में खेल मैदान एवं मुक्तिधाम विकसित करने का कार्य शीघ्र करवाने के निर्देश दिये। उन्होने पुराना सामुदायिक भवन की व्यवहारिक आवश्यकता के अनुरूप सुधार मरम्मत का कार्य करवाने निर्देशित किया। कचना में नगर निगम जोन 9 के माध्यम से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का कार्य तेज गति से करवाकर शीघ्र जनहित में जनसुविधा हेतु पूर्ण करवाने के निर्देश दिये गये। धरसींवा विधायक ने नगर निगम आयुक्त एवं वार्ड 8 के पार्षद सहित आमासिवनी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान तालाब का सौंदर्यीकरण करवाने एवं बाजार विकसित करने के निर्देष दिये।

छः सूत्रीय मांगों को लेकर नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री एवम विभागीय मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, अरूण साव से नवयुक्त अधिकारी/ कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा 6 सूत्री मांगों को लेकर कर्मचारी निवास में भेंट किया गया, जिसमें कुम्हारी से हरिकिशन पावरिया महामंत्री दुर्ग संभाग ने बताया कि नगरीय निकायों के कर्मचारियों को प्रतिमाह के दिनांक 1 को वेतन भुगतान ट्रेजरी के माध्यम से सुनिश्चित हो। नगरीय निकायों में अन्य विभाग की भांति ओल्ड पेंशन योजना शीघ्र ही लागू किया जावे। नगरीय निकायों में मृतक कर्मचारी के परिवारों को शीघ्र ही संभाग स्तर पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किया जावे। नगरीय निकायों में कर्मचारियों के पदोन्नति हेतु शीघ्र ही पद सृजन किया जावे। नगरीय निकायों में ठेका पद्धति शीघ्र ही समाप्त किया जावे। नगरीय निकायों के कर्मचारियों को 6 वें व 7वें वेतनमान की एरियर्स की राशि भुगतान हेतु आदेश प्रसारित किया जावे आदि बातें रखी गई। इस भेंट के क्रम में संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, पंकज मेश्राम, प्रदेश सचिव ऋषभ ठाकुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ शिल्पा मेश्राम, प्रदेश कोषाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अनु सोनी, प्रदेश महामंत्री विकास सिंह ठाकुर, हरिकिशन पावरिया, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष माहितोष शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता ललित साहू, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य विशाल साहू आदि उपस्थित थे। हरि किशन पावरिया महामंत्री दुर्ग संभाग ने बताया कि विभागीय मंत्री अरुण साहू से सकारात्मक चर्चा हुई है। शीघ्र ही कर्मचारी हित में निर्णय लिए जाने की बात कही गई है। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ नगरीय निकाय के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा कि छत्तीसगढ के नगरीय निकायों में हमेशा की तरह ही वेतन व अन्य समस्याएं बनी हुई हैं, 4 से 5 महीने व्यतीत हो जाने के पश्चात भी कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं होता है। नगरीय निकायों के कर्मचारियों का प्रति माह वेतन भुगतान सुनिश्चित हो इस पर कर्मचारी हित में हमारी 6 सूत्रीय मांग पर विचार करने हेतु निवेदित किया गया है। वर्तमान में त्योहारों का समय है और प्रदेश के नगरीय निकायों के कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत् रोहित साहु ने किया पौधा रोपण

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजिम विधायक रोहित साहू ने गरियाबंद के ग्राम पंचायत डोंगरीगाव के आश्रित ग्राम केशोडार दर्रापारा में पौधा रोपण किया। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं जिला पंचायत सीईओ रीता यादव सहित स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भी पौधे लगाए। इस अवसर पर विधायक साहू ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वातावरण के लिए पौधे लगाकर उनका देखभाल अपने बच्चों की तरह करने कि अपील भी की। उन्होंने कहा कि प्रकृति से ही देश की प्रगति जुड़ी हुई है, ऐसे में एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा यह दायित्व बनता है कि हम भी पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन एवं सुरक्षा में अपना योगदान दें। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक पेड़ माँ के नाम अभियान में देश का हर नागरिक अपनी महती भूमिका निभा रहा है। यह अभियान हमारी माँ और धरती माँ के प्रति हमारी श्रद्धा के भाव को प्रकट कर रहा हैं। आज पूरे देश में हर व्यक्ति अपनी माँ और धरती माँ दोनों के नाम से पौधा लगाकर उन्हें प्रणाम कर रहा है। पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके इसके लिए पर्यावरण को स्वच्छ रखना होगा। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। विधायक साहू ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आने वाले पीढ़ियों को एक बेहतर एवं स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए इस मुहिम से जरूर जुड़े विधायक साहू ने कहा कि अपने घर, दफ्तर, स्कूल, कॉलेज, तालाब के किनारे जहां भी संभव हो एक पेड़ माँ के नाम जरूर लगाएं और वृक्ष बनने तक उसकी सुरक्षा का संकल्प जरूर करें। अभियान के तहत पूरे देश में लाखों की तादाद में वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में पर्यावरण को हो रहे नुकसान को कम किया जा सके। यदि हम अपने माँ के नाम से पेड़ लगाएंगे तो उसमें हमारी भावना भी जुडी होगी,जिससे पेड़ की अच्छी देख-भाल होगी।

दिव्यांगजन समाज पर बोझ नहीं हैं : राज्यपाल डेका

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में 'दिव्य कला शक्ति' कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमे दिव्यांगजनों ने अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं पूरे देश से आये दिव्यांग उद्यमी एवं कलाकार उपस्थित थे। राज्यपाल डेका ने इस अवसर पर कहा कि दिव्यांगजन समाज पर बोझ नहीं हैं बल्कि राष्ट्र की प्रगति में योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति का पात्र नहीं समझना चाहिए। उनके प्रति समाज के नजरिये में बदलाव आना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ''सबका साथ-सबका विकास'' के तहत समावेशी रूप से दिव्यांगजनों सहित सभी को शामिल किया गया है। दिव्यांगों को यह ऐहसास दिलाना होगा कि वे भी समाज के लिए महत्वपूर्ण अंग हैं। उनके विकास के लिए सार्वजनिक स्थानों में सुलभ बुनियादी ढ़ांचा, सुगम्य परिवहन के साधनों की उपलब्धता, टेक्नोलॉजी तक आसान पहुंच बनाने की ओर अधिक ध्यान देना होगा। बच्चों के पाठ्यक्रम में भी ऐसी कहानियां आदि शामिल करना चाहिए, जिससे उनमे दिव्यांगजनों के प्रति करूणा की भावना जागृत हो, किन्तु उनसे वे सामान्य व्यक्ति की तरह व्यवहार करें। राज्यपाल डेका ने कहा कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों की प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने और उन्हें सशक्त करने ''दिव्यकला मेला और दिव्य कला शक्ति'' जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना एक अत्यंत सराहनीय कदम है। ऐसे आयोजनों से दिव्यांगजनों को यह महसूस होता है कि पूरा समाज उनके साथ खड़ा है और उनको प्रोत्साहन दे रहा है। राज्यपाल डेका ने कहा कि भारत सरकार सहित छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी दिव्यांगजनों का जीवन-यापन सरल बनाने के लिए अनेक योजनाएं, संचालित की जा रही हैं। दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण के साथ विभाग द्वारा कम ब्याज दर पर ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को शिक्षित करने के साथ ही उन्हें रोजगार के अवसर देने, व्यवसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने, आवास आबंटन में प्राथमिकता देने और उनके परिवारों को विशेष सहायता देने से दिव्यांगजन भी समाज और राष्ट्र की प्रगति में बराबरी से योगदान दे सकेंगे। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि दिव्यांगजनों में अलग तरह की विशेषताएं होती है और वे अनेक क्षेत्रों में बखूबी अपना दायित्व निभा रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री विरेंद्र कुमार द्वारा रायपुर में दिव्यांग पार्क बनाये जाने की घोषणा करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

जनता की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करें: उद्योग मंत्री देवांगन

केशकाल घाट सड़क की जल्द मरम्मत कराने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोण्डागांव जिले में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारी जिले के समग्र विकास के लिए समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बैठक में जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत व्यवस्था, कृषि, खनिज, वन और शहरी विकास सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि केशकाल घाट सड़क के मरम्मत कार्य जल्द कराएं ताकि आम लोगों की यात्रा सुरक्षित और सुगम हो। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत आम नागरिकों को जल प्रदाय योजना से नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रगतिरत योजनाओं को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उद्योग मंत्री ने कहा कि किसानों और अन्य नागरिकों को बिना किसी बाधा के नियमित रूप से बिजली मिलती रहे। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण कार्य की प्रगति समीक्षा में निर्माणाधीन आवासों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सांसद बस्तर महेश कश्यप ने निर्माण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से तकनीकी मापदंडों के अनुरूप सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वहीं विधायक कोंडागांव लता उसेण्डी ने जल जीवन मिशन के कार्यों को जल्द पूर्ण किये जाने कहा। इस दौरान विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम ने नगरीय निकायों के अंतर्गत स्थापित सोलर लाइटों की मरम्मत पर जोर दिया। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बैठक में जिले के विकास कार्यों एवं जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी देते बताया कि जिले के कोंडागांव ब्लॉक के 77 गांवों में जल जीवन मिशन के तहत सफलतापूर्वक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। मिशन के तहत जिले में 1,26,713 नल कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया है,जिसमें से अब तक 98,427 कनेक्शन पूरे किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में 15,994 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 11,523 आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। बैठक के दौरान खनिज न्यास निधि के कार्यो सहित एक पेड़ मां के नाम, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं तथा नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के परिसीमन और शहरी आवास के निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

4 रायपुर संभाग
भारत बंद का धमतरी जिले में मिला जुला रहा असर

6 अभिमत
बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन

09 विविध
एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत...

10 छत्तीसगढ़
विवादों में घिरी पीओ नमिता ठाकुर को मनोरा से भी...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 23 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-03 मूल्य 3.00 ₹

क्विक न्यूज़

देश के विभिन्न हिस्सों में 10 दिनों में 900 दुष्कर्म की घटनाएं : अभिषेक

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पिछले 10 दिनों में देश के विभिन्न हिस्सों में करीब 900 दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। बनर्जी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कहा, पिछले 10 दिनों में पूरा देश आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की घटना के खिलाफ प्रदर्शन और न्याय की मांग कर रहा है, वहीं देश के विभिन्न हिस्सों में करीब 900 दुष्कर्म की घटनाएं हुई है। जब लोग इस भयानक अपराध के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे थे, तब दुख की बात है कि स्थायी समाधान पर अभी भी काफी हद तक चर्चा नहीं हुई है।

आईएचसीएल की नयी होटल जिंजर का शुभारंभ

उदयपुर। देश की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी झीलों की नगरी उदयपुर में पांच सितारा होटल जिंजर का शुभारंभ किया। कंपनी की कार्यकारी उपाध्यक्ष दीपिका राव ने शहर के शास्त्री सर्कल पर स्थित जिंजर के नये भवन का फीता काटकर इसके शुभारंभ की घोषणा की। राव ने इस अवसर पर पत्रकारों को बताया कि यह होटल ब्रांड के सिग्नेचर लीन लक्स फलसफे का प्रतीक है और अपने मेहमानों को आधुनिक एवं आरामदायक ठहराव प्रदान करने को समर्पित है।

अधिकारियों की लापरवाही से पैदा हुए सीवर संकट : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही से शहर में पैदा हुए सीवर संकट की वजह से दिल्ली महामारी के कगार पर पहुंच गई है। आतिशी ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि दिल्ली जल बोर्ड में जानबूझ कर वित्तीय संकट पैदा कर दिल्लीवालों का जीवन नर्क में डाला गया है। उन्होंने सीवर ओवरफ्लो की समस्या पर गंभीर चिंता जताते हुए मुख्य सचिव को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने प्रभावित इलाकों का दौरा भी किया। उन्होंने कहा है कि सीवर संबंधित संकट के समाधान की निगरानी करना मुख्य सचिव की जिम्मेदारी होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने हड़ताली डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील की

पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने कोलकता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज की स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ ड्यूटी के दौरान कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में आंदोलनरत देशभर के डॉक्टरों को अपने काम पर तत्काल लौटने की गुरुवार को अपील की और काम पर लौटने वाले आंदोलनकारी डॉक्टरों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने के साथ ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का सरकारों को निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने घटना के 'स्वतः संज्ञान' मामले में सुनवाई के दौरान सभी संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं। नौ अगस्त को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद देशभर के अस्पतालों में मरीजों की समस्याओं पर गौर करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने पीठ की ओर डॉक्टर से भावनात्मक अपील करते हुए कहा, न्याय और चिकित्सा हड़ताल पर नहीं जा सकते। क्या हम अब उच्चतम न्यायालय के बाहर जाकर बैठ सकते हैं? पीठ ने अपने आदेश में कहा डॉक्टरों ने आशंका जताई है कि उनमें से कुछ पर पिछले दिनों हुए विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के कारण कार्रवाई की जा रही है। हमें आश्वासन दिया गया है कि डॉक्टर काम पर वापस लौट आएंगे... और (22 अगस्त 2024) के आदेश के बाद काम पर वापस आने वाले डॉक्टरों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। शीर्ष अदालत ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव को राज्य के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक करके काम पर लौटने के इच्छुक डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अदालत ने निर्देश दिया कि यह बैठक एक सप्ताह के भीतर आयोजित की जाए और राज्य सरकार दो सप्ताह के भीतर सुधारात्मक उपाय करें।

मोदी और पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के बीच द्विपक्षीय वार्ता

वार्ता ➤ वारसॉ/नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने दोनों देशों के बीच संबंधों को नयी गति देने के लिए द्विपक्षीय वार्ता की। टस्क ने पोलैंड की राजधानी वारसॉ में संघीय चांसलरी में मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। पैंतालीस वर्षों के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पोलैंड की यह पहली यात्रा है। स्वागत के बाद मोदी ने अपने समकक्ष के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। प्रधानमंत्री के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिर्सी भी थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा भारत-पोलैंड साझेदारी में एक नया मील का पत्थर। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने वारसॉ में संघीय चांसलरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनका औपचारिक स्वागत किया। पैतालीस वर्षों के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पोलैंड की यह यात्रा भारत-पोलैंड साझेदारी को नयी गति प्रदान करेगी। इसके अलावा, विदेश मंत्री ने अपने समकक्ष राडोस्लाव सिकोरस्की के साथ बातचीत की। एक्स पर एक पोस्ट में, विदेश मंत्री ने कहा सुबह पोलैंड के विदेश मंत्री के साथ अच्छी बातचीत हुई।

जम्मू-कश्मीर के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करना कांग्रेस की प्राथमिकता : राहुल

वार्ता ➤ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी का प्राथमिक उद्देश्य जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करना है। जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर आये गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि वह केन्द्रशासित प्रदेश और देश के बाकी हिस्सों के लोगों को यह संदेश देना चाहते हैं कि उनका प्रतिनिधित्व सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा , 'यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोग अपने लोकतांत्रिक अधिकारों को फिर से हासिल करें। मेरा जम्मू-कश्मीर के लोगों से गहरा जुड़ाव है और मेरा उन्हें संदेश है कि कांग्रेस पार्टी हमेशा उनका समर्थन करने के लिए मौजूद है।' उन्होंने कहा कि लोग चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं और वे चाहते हैं कि हिंसा खत्म हो। अपनी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य सम्मान और भाईचारे के जरिए 'नफरत के बाजार में प्यार की दुकान खोलना' है। इससे पहले पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि जम्मू-कश्मीर का राज्य से केंद्र शासित प्रदेश में बदलना 'अभूतपूर्व' है। उन्होंने कहा, 'ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। केंद्र शासित प्रदेश राज्य बन गये हैं, लेकिन यह पहली बार है जब कोई राज्य केंद्र शासित प्रदेश बना है।

शाह ने माणिक से बात कर त्रिपुरा में बाढ़ की स्थिति का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा से बात की और राज्य में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। शाह ने राज्य सरकार को आवश्यकता पड़ने पर केंद्र से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मोदी सरकार संकट की इस घड़ी में त्रिपुरा के लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राहत एवं बचाव कार्यो में स्थानीय प्रशासन की सहायता के लिए राज्य में नावों और हेलिकॉप्टरों के अलावा राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें भेज रही है। शाह ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, त्रिपुरा के सीएम डॉ. माणिक साहा से बात की और राज्य में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया।

अयोध्या में सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी के कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर

पायनियर संवाददाता ➤ लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में अयोध्या के भदरसा कस्बे में नाबालिग बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान के खिलाफ सरकारी भूमि व तालाब पर बनाए गए मल्टी कॉम्प्लेक्स पर बुलडोजर की कार्रवाई हुई। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात तक आरोपी का आधा साम्राज्य ढहा दिया जाएगा। इससे पहले तहसील प्रशासन की जांच मे आरोपी की बेकरी तालाब की भूमि पर पाए जाने के बाद तहसील प्रशासन ने बेकरी निर्माण इकाई पर बुलडोजर चलवाकर उसे ध्वस्त करा दिया था। अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया कि इस बिल्डिंग का निर्माण अवैध ढंग से तालाब की जमीन पर और चकरोड की जमीन पर कब्जा करके किया गया था। विकास प्राधिकरण के द्वारा पूर्व में कई बार नोटिस दी जा चुकी थी। उसके बाद उनके द्वारा मानचित्र नहीं दाखिल किया गया। न तो किसी प्रकार की रुचि ही दिखाई गई। इसके ध्वस्तीकरण का आदेश जून में ही पारित कर दिया गया था। इस आदेश का तामीला कराते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को एक्टिवेट कराया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल के आपरेशन लिए स्वेच्छानुदान से दिए 5 लाख रूपये

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने स्वेच्छानुदान मद से बलौदाबाजार भाटापारा निवासी देवा केसरवानी पिता शंकर केसरवानी के लिए 5 लाख रूपये स्वेच्छानुदान से दिया है। उक्त राशि देवा केसरवानी के गंभीर दिल के आपरेशन (हृदय संबधित) उपचार हेतु प्रदान किया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने देवा केसरवानी को स्वेच्छानुदान की 5 लाख रूपये का चेक भेंट किया. स्वेच्छानुदान से राशि मिलने पर देवा केसरवानी ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार आभार जताया है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का राजधानी के अस्पतालों में औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने राजधानी रायपुर के कई अस्पतालों में औचक निरीक्षण किया। जायसवाल ने सबसे पहले मेडिकल कालेज हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। जायसवाल ने यहां मरीजों से बात की उन्हें मिल रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसके बाद रायपुर पंडरी जिला हॉस्पिटल का निरीक्षण कर यहां भर्ती मरीजों से उनका हाल चाल जाना और उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओ की जानकारी लेकर अन्य आवश्यक सुधारो के लिए सी एम एच ओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जायसवाल ने इस दौरान मातृ एवं शिशु हॉस्पिटल पुलिस लाइन टिकरापारा का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओ की जानकारी लेकर व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

गोविंदराजन पद्मनाभन प्रतिष्ठित विज्ञान रत्न पुरस्कार से सम्मानित

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में आणविक जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान के अग्रदूत प्रोफेसर गोविंदराजन पद्मनाभन को गुरुवार को प्रतिष्ठित विज्ञान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा विज्ञान श्री, विज्ञान युवा शांति स्वरूप भटनागर और विज्ञान टीम श्रेणी में प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को 33 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार-2024 प्रदान किए। उन्होंने देश में आणविक जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान के अग्रदूत प्रोफेसर गोविंदराजन पद्मनाभन को विज्ञान रत्न पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार विज्ञान और प्रौद्योगिकी के किसी भी क्षेत्र में आजीवन योगदान देने वाले वैज्ञानिकों को प्रदान किया जाता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले 13 वैज्ञानिकों को उनके संबंधित क्षेत्रों में पथ-प्रदर्शक अनुसंधान के लिए विज्ञान श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रदेश के किसानों को मिला 6281 करोड़ रूपए का अल्पकालीन कृषि ऋण

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्य के अधिक से अधिक किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में किसानों को अब तक राज्य सहकारी बैंकों के द्वारा 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से लगभग 6281 करोड़ रूपए का अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण किया गया है। इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा किसानों को 7300 करोड़ रूपए ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को उनके मांग और रकबे के अनुरूप अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया जा रहा है। जबकि पिछले वर्ष आज की स्थिति में 6 हजार 193 करोड़ रूपए के अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित किए गए थे। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को खेती-किसानी की प्रारंभिक जरूरतों को पूरा करने तथा खेती-किसानी में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना प्रारंभ किए गए हैं।

गैंगरेप मामले पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा- आरोपियों को मिले कड़ी सजा

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के पुसौर ब्लाक में रक्षाबंधन की शाम एक 27 वर्षीय महिला के साथ सामुहिक दुष्कर्म की घटना के बाद वित्त मंत्री व रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि यह घटना न केवल निदंनीय है बल्कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिये वे फास्ट ट्रैक के माध्यम से आरोपियों को सजा दिलाने के लिये पहल करेंगे। रायगढ़ भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए वित्त मंत्री व रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने कहा कि यह जो घटना है वह अत्यंत दुर्भाग्य जनक है। इस पूरे मामले में हम विशेष रूप से ध्यान रख रहे हैं। पीड़िता की पहचान किसी भी स्थिति में सार्वजनिक न हो, ये कानूनी रूप से और नैतिकता व पीड़िता की भविष्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिये पीड़िता से सीधा मिलना न करके प्रशासन, पुलिस के माध्यम व फोन के माध्यम से बात करके पूरे मामले पर कार्रवाई सुनिश्चित करा रहे हैं। इस घटना के 24 घंटे बाद ही पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए 08 में से सात आरोपी पकड़े गए और आठवें नाबालिग आरोपी की आज ओडिसा में मृत अवस्था में मिलने की जानकारी मिली है। पीड़िता के परिजनों को आरोपियों के परिजनो की तरफ से कोई दबाव न डाला जाये इस विषय पर भी पुलिस कार्रवाई कर रही है। वहीं मंत्री चौधरी ने पीड़िता को दिये जाने वाले मुआवजे के संबंध में कहा कि कानूनी तौर पर पीड़िता को जो सहायता राशि दी जा सकती है उसके लिये फस्ट स्टालमेंट जो लीगल तौर पर बनता है 4 लाख 12 हजार रूपये प्रशासन जारी किया हुआ है।

कांग्रेस ने ईडी दफ्तर का किया घेराव

विपक्ष को डराओं, धमकाओ और अपनी पार्टी में शामिल कर लो यह काम केंद्र की सरकार कर रही : बैज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

केन्द्र सरकार के द्वारा केन्द्रीय एजेंसियो के दुरूपयोग तथा ईडी की कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस ने देशव्यापी ईडी दफ्तर के सामने घेराव किया। छत्तीसगढ़ में भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ईडी दफ्तर के सामने घेराव प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ईडी ने देश भर में 5 हजार 422 केस दर्ज किया है। जिसमें 300 केस छोड़ दे तो बाकी सभी केस विपक्ष के नेताओं का केस है। विपक्ष को डराओं, धमकाओ और अपनी पार्टी में शामिल कर लो यह काम केंद्र की भाजपा की सरकार करती है। आज तक इस तरह ईडी और आईटी का दुरुपयोग कभी नहीं हुआ। लेकिन कांग्रेस पार्टी डरने वाली नहीं है। कांग्रेस पार्टी का एक विचारधारा है सत्य और अहिंसा पर चलना है। भाजपा की केन्द्र सरकार को ईडी और आईटी का दुरूपयोग को छोड़ देना चाहिये और उनके मूल काम पर लगा देना चाहिये। विपक्षी नेताओं यहां छापा मारकर परेशान किया जाता है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने झीरम में गोली खाई है कांग्रेस पार्टी हर बलिदान के लिये तैयार रहती है। ईडी, सीबीआई, आईटी से कांग्रेस पार्टी डरने वाली नही है और हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से सबसे बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। कांग्रेस पार्टी केन्द्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ लड़ने को तैयार है हमारे कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है। हमारा एक-एक कार्यकर्ता इस लड़ाई को लड़ेगा। बलौदाबाजार घटना में यूथ जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष और दो बार के विधायक जेल में बंद कर दिया लेकिन कांग्रेस पार्टी डरने वाली नही है। हमारे नेताओं को जेल भेजोगे तो हमारे एक-एक कार्यकर्ता, पार्टी और हम सब मिलकर यह लड़ाई को लडेंगे। यह भाजपा की सरकार बदले की भावना से काम कर रही है। जनता को भाजपा की सरकार पर भरोसा नहीं है। भाजपा की सरकार से जनता का मन उठ गया। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था बदहाल है। भाजपा सरकार मुद्दों को भटकाने के लिये कभी किसी की गिरफ्तारी और किसी के खिलाफ एफआईआर कराने का काम करती है। कांग्रेस पार्टी विपक्ष में रहते हुये जनता के मुद्दों को उठाती है। हम जनता के मुद्दों के लिये लड़ेंगे और जनता के हित के लिये भी लड़ेंगे। भाजपा सरकार हमारे नेताओं को जेल में बंद कर रही है और समझ रही है कि कांग्रेस पार्टी डर जायेगी तो कांग्रेस पार्टी डरने वाली नही है। भाजपा की सरकार हमारे 1 नेता को जेल भेजती है हमारे हजारों कार्यकर्ता जेल जाने को तैयार है। जेल की दीवारे कम पड़ जायेगी और एफआईआर के पन्ने कम पड़ जायेंगे। इतिहास लिखने और इतिहास बदलने की लिये कांग्रेस पार्टी तैयार है। ये सब से हम डरने वाले नही है इस सबसे हम लड़ने वाले है। हमारा एक-एक कार्यकर्ता मजबूत है चाहे जो भी जांच करा लो। हमारे कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है। आज पूरे देश में सेन्ट्रल एजेंसियों के खिलाफ कांग्रेस के कार्यकर्ता घेराव करने को तैयार है।

खरसिया विधायक उमेश पटेल ने गैंगरेप पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर बंधाया ढांढस

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

गैंगरेप मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए पीड़िता के परिजनों से खरसिया विधायक उमेश पटेल ने मुलाकत कर ढांढस बंधाई और दोषियों को सजा दिलाने के अलावा सरकार से पीड़िता को मदद दिलवाने में सहयोग देने के बात कही है। इस दौरान रायगढ़ के पूर्व विधायक प्रकाश नायक भी मौजूद रहे। पीड़िता के स्वजनों से मुलाकात के समय उन्होंने घर के दूर से ही सभी कैमरे और मोबाईल को बंद करने का अनुरोध किया ताकि पीड़िता की निजता बनी रहे। वही स्वजनों से काफी देर तक सभी पहलुओं पर चर्चा की और उनके लिये वे क्या कर सकते है यह पूछा और उसे पूरा करने का आश्वासन दिया।

नदियों को निर्मल बनाने के लिए वाराणसी में स्थापित हुई स्मार्ट प्रयोगशाला

नई दिल्ली। गंगा और अन्य नदियों को स्वच्छ और निर्मल बनाने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की कड़ी में भारत और डेनमार्क के बीच हरित रणनीतिक साझेदारी के तहत उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्वच्छ नदियों पर स्मार्ट प्रयोगशाला (एसएलसीआर) की स्थापना की गयी है, जिसका मुख्य उदेश वरुणा नदी का संरक्षण करना है। यह साझेदारी भारत सरकार के जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (आईआईटी-बीएचयू) और डेनमार्क सरकार के बीच एक अनूठी त्रिपक्षीय पहल है, जिसका उद्देश्य छोटी नदियों के संरक्षण और प्रबंधन में उत्कृष्टता लाना है।

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका से प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय कार्यों की जानकारी दी।

भारत बंद का धमतरी जिले में मिला जुला रहा असर

एससी, एसटी वर्ग सुबह से शहर में घुमते रहे, जगह-जगह पुलिस बल रही तैनात

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



सुप्रीम कोर्ट के एससी, एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने के सुझाव के खिलाफ दलित आदिवासी संगठनों ने भारत बंद तो बुलाया है लेकिन इस बंद को धमतरी में समर्थन नहीं मिला है। चेंबर ऑफकॉमर्स के अलावा बस एसोसिएशन ने समर्थन नहीं दिया। धमतरी में बंद मिला जुला रहा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आरक्षण में क्रिमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट व्दारा दिए गए फैसले से आदिवासी समाज सहित कुछ अन्य समाज के लोगों में भी नाराजगी देखी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का विरोध करते हुए इसे वापस लेने की मांग को लेकर आज सर्व आदिवासी समाज, सतनामी समाज, बौध्द समाज,वाल्मीकि समाज व्दारा भारत बंद का आव्हान किया गया था व्यापारिक प्रतिष्ठानों जिसका असर धमतरी जिले में मिलाजुला देखने को मिला। बंद को चैम्बर ऑफकॉमर्स का समर्थन नहीं मिलने के कारण अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठानें खुली रही। वहीं पेट्रोल पंप भी खुला रहा इसके अलावा वाहनें भी नियमित रूप से चलती रही। बंद को सफ्ल बनाने समाजजन व कार्यकर्ता सुबह से ही निकल पड़े थे वाहनों में लाऊड स्पीकरों के माध्यम से बंद को समर्थन देने की अपील करते हुए अपने प्रतिष्ठानें बंद करने का आव्हान किया जा रहा था। हालांकि इस दौरान कुछ दुकानें बंद रही तो कुछ जगहों पर व्यापारी दुकानों के शटर उठाते या बंद करते रहे वहीं कुरूद, मगरलोड, भखारा, आमदी, नगरी में भी लगभग स्थिति यही रही। शहरी क्षेत्रों के अलावा गांवों में बंद का कोई असर नहीं दिखा। बंद को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। शहर में चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात थे। इसके अलावा पेट्रोलिंग के माध्यम से भी शहर में नजर रखी जा रही थी। यात्री बसे भी रोजाना की तरह चलती रही हालांकि सामान्य दिनों की तुलना में बसें कुछ कम ही चली लेकिन यात्रियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि बस एसोसिएशन ने भी पहले ही बंद का समर्थन नहीं करने की घोषणा कर दी थी। वहीं रोजाना की तरह पेट्रोल पंप भी खुले रहे जिससे वाहन चालकों को परेशानी नहीं हुई। इस तरह चैम्बर ऑफ कॉमर्स, बस एसोसिएशन व अन्य संगठनों का समर्थन नहीं मिलने के कारण भारत बंद के तहत धमतरी जिले में बंद का खास असर देखने को नहीं मिला। बुधवार 21 अगस्त को सुबह 8 बजे से शहर बंद कराने के लिए समाजजन सड़क पर उतर गए थे। दोपहर बाद गांधी मैदान में सभा की। बंद को सफ्ल बनाने अजा.अजजा वर्ग ने चेंबर ऑफकॉमर्स से भी समर्थन मांगा था, लेकिन हामी नहीं भरीं। साथ ही बस एसोसिएशन संघ ने भी समर्थन देने से मना कर दिया। धमतरी बंद कराने के लिए सर्व आदिवासी समाज, सतनामी समाज,बौद्ध समाजजन समाज पार्टी के लोग निकले थे। इसके लिए पिछले सप्ताह भर से विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ तैयारी बैठक चल रही थी। विभिन्न गाडियों में सवार होकर कार्यकर्ता अलग-अलग क्षेत्रों में बंद को सफल बनाने निकले थे। दोपहर बाद गांधी मैदान में एकत्रित होकर जनसभा की । करीब 3 घंटे तक यहां जनसभा करने के बाद दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट के लिए पूरा काफिला रवाना हुआ। शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर कलेक्टर को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

विधायक रोहित साहू ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रोपे पौधे

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजिम विधायक रोहित साहू ने आज गरियाबंद के ग्राम पंचायत डोंगरीगाव के आश्रित ग्राम केशोडार दर्रापारा में पौधा रोपण किया। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं जिला पंचायत सीईओ रीता यादव सहित स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भी पौधे लगाए। इस अवसर पर विधायक साहू ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वातावरण के लिए पौधे लगाकर उनका देखभाल अपने बच्चों की तरह करने कि अपील भी की। उन्होंने कहा कि प्रकृति से ही देश की प्रगति जुड़ी हुई है, ऐसे में एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा यह दायित्व बनता है कि हम भी पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन एवं सुरक्षा में अपना योगदान दें। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक पेड़ माँ के नाम अभियान में देश का हर नागरिक अपनी महती भूमिका निभा रहा है। यह अभियान हमारी माँ और धरती माँ के प्रति हमारी श्रद्धा के भाव को प्रकट कर रहा हैं। आज पूरे देश में हर व्यक्ति अपनी माँ और धरती माँ दोनों के नाम से पौधा लगाकर उन्हें प्रणाम कर रहा है। पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके इसके लिए पर्यावरण को स्वच्छ रखना होगा।

स्कूलों में नौनिहालों की सुरक्षा से भाजपा सरकार को सरोकार नहीं : विनोद चंद्राकर

बालौद जिले के कोरगुड़ा गांव की हादसे से विष्णु सरकार को सबक लेने की जरूरत

पायनियर संवाददाता ∢ महासमुंद
www.dailypioneer.com

बालौद जिले डौंडीलोहारा विखं के ग्राम कोरगुड़ा में जर्जर स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने से कक्षा 5वीं के चार बच्चों के घायल होने की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने इसे बेहद शर्मनाक व सरकार की प्रशासनिक विफलता का परिणाम बताया है। चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पूर्व ही जर्जर स्कूलों की मरम्मत तथा अतिरिक्त भवनों का निर्माण किया जाता तो आज ये हादसे नहीं होते। चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर केवल कमीशनखोरी तथा भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि 8 माह के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश में कहीं भी नए स्कूल भवन का निर्माण नहीं कराया है। चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार की लचर व्यवस्था के चलते स्कूलों की स्थिति दयनीय हो गई है। महासमुंद जिले में ही अनेक जर्जर स्कूलों में नौनिहाल अपना भविष्य गढ़ रहे हैं। पिथौरा ब्लॉक के गड़बेड़ा तथा सरायपाली क्षेत्र के सिंघोड़ा संकुल के सागरपाली स्कूलों में छत से पानी टपकने तथा दीवारों पर पानी रिसने जैसी घटनाएं सामने आने के बाद भी सरकार को बच्चों को कोई चिंता नहीं है। जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ही अनेक स्कूल भवन अत्यंत जर्जर हो चुके हैं। स्थानीय गंजपारा स्कूल भवन खरपतवार तथा काई से पूरी तरह ढंक चुकी है। यहां दीवार में पानी का सिपेज आ रहा है। लेकिन, इस ओर सरकार तथा प्रशासन की नजर ही नहीं है। लगता है भाजपा सरकार को कोरगुड़ा हादसे से भी बड़े और गंभीर घटना का इंतजार है। पिछले दिनों यह बात सामने आई कि कई स्कूलों में मासूम बच्चे खतरों के बीच टपकते छत से बचने छाता लेकर कक्षा पहुंच रहे हैं। गिले फर्श पर बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं।

इसके अलावा जिले के सैकड़ों प्राथमिक, मिडिल, हाई तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों में शिक्षकों का

अवैध गांजा बेचने वाले को न्यायालय ने 5 वर्ष की कारावास एवं 50 हजार रुपए के अर्थदंड की सुनाई सजा

गांजा बेजने वाले के विरुद्ध थाना प्रभारी अर्जुनी राजेश मरई द्वारा की गई थी वैधानिक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

अर्जुनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सांकरा में अवैध रूप से गांजा बेचते पाए जाने पर आरोपी ढावल राम साहू के विरुद्ध थाना अर्जुनी द्वारा चालान पेश की गई थी जिसमें 20 अगस्त को विशेष न्यायालय एनडीपीएस एक्ट ने फैसला देते हुए 5 वर्ष का कठोर कारावास और 50000 की अर्थदंड की सजा सुनाई है। 27 दिसंबर 2023 को धमतरी पुलिस थाना अर्जुनी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सांकरा के पास अवैध रूप से गांजा बेचा जा रहा है की सूचना पर थाना प्रभारी अर्जुनी ने गवाहों के साथ सांकरा निवासी ढावल राम साहू के घर छापेमारी की जहां पर 10 किलो 432 ग्राम गांजा पाया गया। जिसकी थाना अर्जुनी में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ड्ड)(द्वद्व)(ड्ड) के तहत अपराध कायम किया गया था। थाना प्रभारी निरी राजेश मरई ने विवेचना कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए सम्पूर्ण साक्ष्य संकलन,गवाहों एवं अन्य तथ्यों का समावेश कर न्यायालय में चालान पेश किया गया था। जिसको इस मामले में विशेष न्यायालय एनडीपीएस एक्ट के न्यायाधीश केएल चरयाणी ने 20 अगस्त को इस मामले में फैसला सुनाया। उन्होंने ढावल राम साहू को 5 वर्ष कठोर कारावास और 50000 रुपए अर्थदंड की सजा दी है। अर्थ दंड नहीं पटने पर 1 वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

एफएलएन स्टार ऑफ द वीक प्रतियोगिता आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला गौरटेक विकास खण्ड बसना में संकुल समन्वयक संतलाल मुकर्जी के मार्गदर्शन में एफएलएन स्टार ऑफ द वीक प्रतियोगिता आयोजित किया गया।यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एफएलएन के लक्ष्यों को पूरा करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक सप्ताह में एक बार किया जाएगा। जिसमें कक्षा पहली से पांचवीं के सभी बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में एफएलएन से संबंधित गणित कौशल एवं भाषा कौशल के 10 प्रश्न लिखित और मौखिक रूप में बच्चों से पूछा गया। सबसे पहले और सही उत्तर देने वाले विद्यार्थी को विजेता के रूप एफएलएन स्टार ऑफ द वीक घोषित किया गया। इस सप्ताह के एफएलएन स्टार ऑफ द वीक के विजेता कक्षा पाँचवीं से खुशबू यादव, चौथी से टिकमलाल मांझी, तीसरी से प्रीतम यादव, दूसरी से अनुराधा धुबेल और पहली से लक्की विश्वकर्मा हैं। सभी बच्चों को गुलदस्ता से स्वागत किया गया और पुरस्कार स्वरूप एक-एक पेन दिया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्रीविशाल जोल्हे, विनोद शुक्ला, लोकेश्वर कंवर, विकासखंड स्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे, रोहित पटेल अनिल साव, आरिफ बेग, तिरिथ पटेल, संतलाल मुकर्जी, प्रभारी प्रधान पाठक शिवकुमार साहू और टिकमचंद त्रिपाठी सहायक शिक्षक ने सभी बच्चों को बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

संगम सेवा समिति ने किया जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

संगम सेवा समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्र में सामाजिक कार्य किए जा रहे है। इसी कड़ी में समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल द्वारा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम का आरंभ किया गया है जिसके तहत नगर के वार्ड क्रमांक 7 के गणमान्य नागरिकों से मुलाक़ात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया, इसी प्रकार नगर के विभिन्न वार्ड में आम जनता से जनसंपर्क उनकी समस्या को समझ कर समाधान का प्रयास किया जाएगा।

कलेक्टर ने दिव्यांग ओमकुमारी स्मार्ट स्टिक एवं सोनमती को दिया मोटराइज्ड ट्राई सायकिल

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम लटुवा निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग 13 वर्षीय ओमकुमारी कन्नौजे को स्मार्ट केन डिवाइस समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान किया। उन्होंने ओमकुमारी का पृथक राशन कार्ड नही होने पर खाद्य अधिकारी को तलब कर तत्काल नया राशन कार्ड बनवाने के निर्देश दिए है। अलग राशन कार्ड बन जाने से अब ओमकुमारी को ज्यादा खाद्यान्न मिल सकेगा। स्मार्ट केन डिवाइस सेंसरयुक्त स्टिक है जो सामने कोई बड़ी वस्तु आने पर कंपन्न व आवाज देता है जिससे हाथ में लेकर चलने वाला व्यक्ति सचेत हो जाता है। इस स्टिक से दृष्टिबाधित व्यक्तियों को चलने-फिरने में काफी सहूलियत होती है। कलेक्टर ने दिव्यांग ओमकुमारी से उनके स्वास्थ्य संबधित जायजा लेते हुए पढ़ाई के बारे में भी जानकारी हासिल की उन्होंने आगे कहा की दृष्टिबाधितों की पढ़ाई ब्रेल लिपि के माध्यम से हो सकती है। पढ़ने के इच्छुक हो तो प्रशासन पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को ओमकुमारी की पढ़ाई के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर ने बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम खम्हारिया यदु निवासी 35 वर्षीय सोनमती धृतलहरे को मोटराइज्ड ट्राई सायकिल प्रदान किया गया। सोनमती धृतलहरे ने बताया की अब आने जाने में दिक्कत नही होगी अब मैं खुद ही अपना काम कर सकता है। उन्होंने मोटराइज्ड ट्राई सायकिल मिलने पर जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी सहायिका के 59 पदों पर भर्ती हेतु 11 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत सोनाखान एकीकृत बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी सहायिका के 59 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें आंगनबाड़ी सहायिका के 59 पदों के लिए ठाकुरदिया, पैरागुड़ा, भरका, टेमरी-2, खैरवारडीह, बफरा, पिपरछेड़ी-2, दौनाझर, डाढ़ाखार, झालपानी, कटवाझर, नवाडीह, घिरघोल, अल्दा, डिपरापारा (रिको), पुरानीबस्ती (अ), त्रिकुटीडीपा (अ), दानीडीपा, रूनझुनी, नवाडीह, लुकाउपाली, तेन्दुचुवा, मेड़ीडीपा, तालाझर, अकलतरा, सैयभाठा, बल्दाकछार-3, दलदली, मुरूमडीह, कौहाबाहर, ठेलकाडबरी, नदीपारा(सो), डिपरापारा(सो), बंसुलीडीह, कलमीदादर, त्रिकुटीपारा(चां), डिपरापारा(थ), तिलसाभाठा, पकलाडीपा, सड़कपारा, बोदापाली, आमापारा, शुकलाभाठा, पुरानीबस्ती, मिरगिदा, बिटकुली, चन्हाट, सलिहाभाठा, जोगीडीपा, सारसडोल, देवतराई, पचपेड़ी, पोड़ी, जुनाडीह, मंगलडीपा, मुगुलभाठा, बलारनवागांव, कोर्राडीह एवं अचानकपुर आंगनबाड़ी केन्द्र शामिल है। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह पद केवल महिलाओं के लिए है। आवेदन करने के अंतिम तिथि 11 सितम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय में सायं 5.30 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान,जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के पते पर अपना आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा कर सकते है।

महिला डॉक्टर के साथ हुऐ बलात्कार व हत्या के विरोध में निकाला केंडल मार्च, आरोपियों को फांसी दिए जाने की मांग

महिलाओं ने अपने अधिकारों व सुरक्षा की मांगों को लेकर लगाए नारे

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ क्रूर बलात्कार के बाद हत्या के खिलाफ नगर की अनेक महिलाओं ने केंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया तो वही इस हत्याकांड की घोर आलोचना के साथ ही भारी आक्रोश भी व्यक्त किया गया। नगर की अनेक संघ संगठन से जुड़ी महिलाओं द्वारा दुर्गा मंदिर से जयस्तंभ चौक तक एक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह केंडल मार्च पीड़ित डॉक्टर के साथ हुए क्रूर बलात्कार और हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के रूप में आयोजित किया गया था। इस मार्च में बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां शामिल हुए, जो न्याय की मांग के लिए सड़कों पर उतर कर आरोपियों को फांसी दिए जाने की मांग की गई। जय स्तंभ चौक में आयोजित प्रार्थना सभा मे एक स्वर से कहा गया कि पीड़ित महिला डॉक्टर के साथ हुई यह क्रूरता केवल एक महिला के साथ नहीं, बल्कि पूरे समाज के साथ अन्याय है। इस घटना ने शहर के लोगों को झकझोर कर रख दिया है और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस कैंडल मार्च का उद्देश्य न केवल पीड़िता के लिए न्याय की मांग करना था, बल्कि समाज में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाना भी था। मार्च में उपस्थित महिलाओं ने इस बात पर जोर दिया कि अब समय आ गया है कि समाज इस मुद्दे पर गंभीरता से सोचे और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए। महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने और हाल ही में हुई घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाने के उद्देश्य से एक विशाल कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। मार्च के दौरान महिलाओं ने अपने अधिकारों और सुरक्षा की मांग को लेकर नारे लगाए। इस रैली में हिस्सा लेने वाले युवतियों ने भी महिलाओं की सुरक्षा को लेकर समाज सेविका अनिता चौधरी, अग्रवाल समाज अध्यक्ष कुसुम अग्रवाल, समाज सेविका अंजली अग्रवाल, योग शिक्षक अन्नू, अघरिया महिला मंडल सदस्य डॉक्टर लक्ष्मी चौधरी, फुलझर डिफेंस एकेडमी धर्मेंद्र चौधरी ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर पतंजली योग सेवा समिति, मारवाड़ी समाज, अघरिया समाज, मुस्लिम समाज, सीख समाज, दुर्गा वाहिनी, बजरंग दल, स्काउट गाइड से तबसूम तथा दुष्यंत साहू ने अगुवाई की। पुलिस विभाग द्वारा केंडल मार्च में पूर्ण सुरक्षा व शांति बनाये रखने उपस्थित थे।

राखी बनाओ प्रतियोगिता में खुश्बू यादव प्रथम, सुमित द्वितीय

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्च प्राथमिक एवं हाई स्कूल रोहिना में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राखी बनाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया। जिसमें नवमी दसवीं के छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खुशबू यादव ने प्रथम स्थान एवं सुमित यादव ने द्वितीय स्थान हासिल की। स्कूल की छात्राओं द्वारा सहपाठी छात्रों की कलाइयों में राखी बांध कर भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल, व्याख्याता कमलेश साहू, के के साहू शिक्षक ए के पटेल, एस के पटेल, सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री आवास योजना से बदल रही है कई परिवारों की जिंदगी

महतारी वंदन योजना से भी महिलाओं को मिल रहा है संबल

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार और संवेदनशील सरकार ने आवासहीन परिवारों को पक्की छत देने के लिए कृतसंकल्पित है। यह योजना न केवल लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सहायक है, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और स्थिर आवास भी प्रदान करती है। राज्य सरकार की इसी पहल से न केवल श्रीमती भोजेश्वरी वर्मा का सपना साकार हुआ है,बल्कि यह पहल पूरे जिले में एक नई उम्मीद और उज्ज्वल भविष्य की किरण साबित हो रही है। आशाएं जब जीवंत रूप लेती हैं तो उसकी खुशी पूरे घर में साझा की जाती है। ऐसा ही एक दृश्य बलौदाबाजार भाटापारा जिले के ग्राम सकरी निवासी में देखने को मिला। जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लोगों का आवास का सपना साकार हुआ है। भोजेश्वरी वर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना उनके लिए वरदान साबित हुई है। वे पुराने दिनों की कठिनाइयों को याद करते हुए बताती हैं कि कच्चे मकान में रहना काफी तकलीफदायक था। मौसम के अनुसार विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कभी छत टपकती थी तो कभी ठंड से रात भर नींद पूरी नहीं होती थी। अब पक्का मकान मिलने से उनकी ये समस्याएं दूर हो गई हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है,जिससे वे लोग बिना परेशानियों का अपना जीवन व्यतीत कर सकें। आज इस योजना का लाभ सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी मिल रहा है। इसके साथ ही श्रीमती भोजेश्वरी वर्मा महतारी वंदन योजना का भी लाभ ले रही है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा फरवरी 2024 में महतारी वंदन योजना का फॉर्म आंगनबाड़ी केंद्र में भरी थी। जिसके तहत प्रतिमाह एक-एक हजार रुपए की किस्त प्राप्त हो रही है। जिसका उपयोग उनके द्वारा अपने घर के सामान्य खर्च तथा अपने बच्चो की पढाई लिखाई के लिए कर रही है जो उन्हें सशक्त और मजबूत बनाने में सहयोगी सिद्ध हो रही है उन्होंने प्रसन्नचित होकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को इस योजना का लाभ दिलाने के लिए धन्यवाद दिया है।

31 दिसम्बर तक किया जाएगा श्रमिक पंजीयन कार्ड नवीनीकरण

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से अब तक ऐसे पंजीकृज श्रमिक जिनके पंजीयन की वैद्यता समाप्त हुए 1 वर्ष या उससे अधिक समय हो चुका है, तथा जो श्रमिक पंजीयन नवीनीकरण हेतु अब तक आवेदन प्रस्तुत नही किया गया हैं, ऐसे श्रमिकों से 31 दिसम्बर 2024 तक नवीनीकरण आवेदन कर सकते है। इसके पश्चात ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जायेगा। समस्त ऐसे पंजीकृत श्रमिकों जिसका श्रमिक पंजीयन कार्ड की वैद्यता समाप्त हो गई हो, वह श्रमिक श्रम विभाग के (श्रमेव जयते) मोबाईल एप्प या श्रम विभाग के वेबसाईट या अन्य ऑनलाईन के माध्यम से नवीनीकरण हेतु आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केन्द्र के दूरभाष नम्बर 0771-3505050 पर संपर्क कर सकते है।

कलेक्टर के निर्देश के बाद भी नहीं सुधर रही जिले की विद्युत व्यवस्था, घंटो कटौती के कारण आए दिन हजारों उपभोक्ता परेशान

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के सरकार में आने के बाद बिजली दरों में वृद्धि एवं अघोषित कटौती को लेकर जून एवं जुलाई महीने में पूरे प्रदेश भर में धरना प्रदर्शन किया गया था। इसके बाद प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा पूरे प्रदेश में हो रहे किरकिरी को लेकर प्रदेश के सभी जिले के कलेक्टरों को यह सख्त निर्देश दिया गया था कि अपने-अपने जिले में विद्युत व्यवस्था निर्विवाद रूप से संचालन करने की व्यवस्था की जाए। उसके बाद बलरामपुर कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने बिजली व्यवस्था में सुधार करने तथा आमजनो की समस्याओं का तत्परता से निदान करने को कहा था। इस दौरान जिले में ट्रांसफार्मर के उपलब्धता की जानकारी लेते हुए खराब ट्रांसफार्मर की रिपेयरिंग के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। और उन्होंने कहा कि बिजली आमजनों से जुड़ी महत्वपूर्ण आवश्यकता है इसलिए संबंधित अधिकारी विद्युत से जुड़ी समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करें। उन्होंने जिले में बेहतर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए थे। उसके बाद से विद्युत व्यवस्था और चौपट होकर रह गई है। रामानुजगंज नगर पंचायत क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र में पिछले कई महीने से बिजली की लचर व्यवस्था से उपभोक्ता परेशान हैं। बिजली गुल और लो वोल्टेज की समस्या से परेशानी लगातार बढ़ रही है। बिजली गुल रहने की समस्या को लेकर विद्युत उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश भीं देखने को मिल रहा है। वहीं विद्युत विभाग के लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कारण नगरीय क्षेत्र में भी बिजली की घंटों तक कटौती कर दी जा रही है। वहीं जब बिजली बंद रहने की जानकारी के लिए उपभोक्त विभगीय अधिकारी को फोन लगाते हैं तो अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं। पिछले कई सप्ताह से ग्रामीण क्षेत्र में सुबह और देर रात को घंटों तक बिजली बंद कर दी जा रही है।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा परेशानी

ग्रामीण सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपभोक्त । बार बार बिजली गुल और लो वोल्टेज की समस्या सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र में हो रही है। दिन में कई बार बिजली गुल की जा रही है। ग्रामीण अंचल में बिजली गुल का सिलसिला सुबह से शुरू होकर आधी रात तक जारी रहता है। 24 घंटे लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। जिम्मेदार अधिकारी कहते है कि फाल्ट आया है,मरम्मत जारी है। लेकिन लोगों की शिकायत है कि मेंटनेस के बाद भी क्यों बिजली गुल हो जाती है। विभाग को बताना चाहिए कि आखिर वो कब मेंटनेंस नहीं करते है। थोड़ी बारिश हो जाने पर भी बिजली गुल हो जाती है।

विद्युत वितरण कंपनी के दावे खोखले

शहर हो या गांव 24 घंटे बिजली सप्लाई करने के बिजली कंपनी के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। शहर में थोड़ी बारिश या फिर लाइटनिंग भी हो जाए तो बिजली गुल हो जाती है। बड़ी बात ये है कि अगर मौसम ठीक भी रहे तो फाल्ट के कारण लाइन गुल करने की बात कही जाती है।

05 लाख का इनामी नक्सली, सीता नदी एरिया कमेटी का सदस्य एवं रावस समन्वय का डिप्टी कमांडर अजय ने किया समर्पण

यह हत्या, मुठभेढ़ आईडी लगाने समेत कई माओवादी घटनाओ में शामिल रहा

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर एवं पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज, रायपुर अमरेश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान का सदस्य एवं रावस समन्वय का डिप्टी कमांडर अजय ने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव.पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताडना से तंग आकर आत्मसमर्पण किया। संक्षिप्त विवरण- जय उर्फ अघन उम्र 26 वर्ष कांकेर,धारित हथियार- सुरका रायफल स्वनिर्मित, पद- डिप्टी कमांडर, एसीएम सीता नदी एरिया कमेटी, शासन व्दारा घोषित ईनाम- 05 लाख रूपये यह संघम सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती हुआ। वर्ष 2010 तक बाल संघम सदस्य के

पद पर कार्य किया। इन बडी घटनाओं में रहा शामिल- वर्ष 2017 में थाना खल्लारी ग्राम जोगीबिरदो के 01 ग्रामीण की हत्या में शामिल था। ,वर्ष 2018 में थाना बोरई ग्राम कारीपानी मुख्य मार्ग में पेड़ काटकर मार्ग अवरुद्ध किया गया था, 2018 थाना खल्लारी ग्राम एकावारी में रोड किनारे 05 किग्राण्टिफिन बम गढाया था, वर्ष 2020 में थाना नगरी ग्राम घोरागांव पुलिस-नक्सली मुठभेढ जिससे गोबरा एलओएस कमांडर रवि मारा गया था, उसमें शामिल था, वर्ष 2020 थाना मेचका ग्राम उजरावन के एक ग्रामीण की हत्या में शामिल था, वर्ष 2021 भाना खल्लारी ग्राम गादुलबाहरा में एक ग्रामीण की हत्या में शामिल था ,2021 थाना खल्लारी ग्राम आमझर के 01ग्रामीण की हत्या में शामिल था, संगठन छोडने का कारण- छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए एवं संगठन में कार्यो की उपेक्षा करने,भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं माओवादियों के द्वारा आदिवासियों पर किये जा रहे अत्याचार से त्रस्त होकर उक्त माओवादी द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया। आत्मसमर्पण करने पर इसे उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 25000रूपये नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी।

जिनके पास स्वयं का मकान नहीं, उनके लिए अब आवास पाना हुआ आसान

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत शासन की महत्वकांक्षी मोर मकान-मोर आस आवास योजना हेतु नागरिको से फार्म जमा कराया जा रहा है। भिलाई शहर में निवासरत नागरिक जिनके पास रहने के लिए स्वयं का मकान नहीं है या जो नागरिक किराये में निवास करते है। उनके लिए आवास योजना के तहत मकान पाने का यह सुनहरा अवसर है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर वरिष्ठ नागरिकजन एवं दिव्यांगजन हेतु चतुर्थ चरण में भूतल के आवासो का लॉटरी पद्धति से आवास आबंटन किये जाने हेतु आवेदन विक्रय किया जा रहा है जिस हेतु सक्षम अभिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति एवम

आधार कार्ड आवेदन प्राप्त करते समय आवश्यक है आवास स्थल सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया 49 मकान, अविनाश मेट्रोपॉलिश कोहका 02 मकान, कृष्णा इंजी. कॉलेज के पीछे खम्हरिया 56 मकान, आम्रपाली बिल्डर्स कुरूद 32 मकान, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद 12 मकान, माइल स्टोन स्कूल के पास खम्हरिया 109 मकान, ग्रीन वेली खम्हरिया 09 मकान, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया 63 मकान, एनार स्टेट खम्हरिया 17 मकान इस प्रकार कुल 349 निर्मित/निर्माणाधीन आवास का आबंटन किया जाना है। भिलाई शहर के नागरिक अपना आधार कार्ड की छायाप्रति एवम सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर तथा 100 रूपये का नगद भुगतान कर आवेदन 30 अगस्त से प्राप्त कर सकते है। पात्रता संबंधी दस्तावेज संलग्न कर कार्यालयीन अवधि में प्रतिदिन शाम 4:00 बजे तक आवेदन जमा लिया जायेगा। नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना कक्ष क्रमांक 16 योजना शाखा के कांउटर में 30 सितम्बर तक आवेदन जमा करना अनिवार्य है।

नेत्रहीन विद्यालय में रक्षाबंधन का पर्व अनोखे और प्रेरणादायक तरीके से मनाया

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के नेत्रहीन विद्यालय में रक्षाबंधन का पर्व अनोखे और प्रेरणादायक तरीके से मनाया गया। स्कूल के सभी दिव्यांग भाइयों को द एसोसिएशन ऑफ सी क्लब की सदस्यों ने राखी बांधकर मुंह मीठा करवाया और भाइयों ने जीवनभर सुरक्षा का वादा दिया। द एशोसियेशन आफ वी क्लब अध्यक्ष श्वेता पोद्दार को जैसे ही जानकारी मिली कि नेत्रहीन भाई राखी पर बहनो का इंतजार करते रहे. तब त्यौहार के बाद अपने घर से लौट कर अपनी वी बहनों को ले कर राखी के साथ मिठाई इत्यादि ले कर नेत्रहीन विद्यालय पहुंची.वहां पेडों को रक्षासूत्र बांध कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया. इसके उपरांत स्कूल के

सभी स्टॉफ एंव,बच्चो को राखी बांधकर उनका मुँह मीठा करवाया. इस कार्यक्रम मे डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फरमानिया ने अपने आत्मीय उद्बोधन में कहा कि प्यार और सुरक्षा के बंधन को कोई भी विकार नहीं तोड़ सकता है। दिव्यांग बच्चों के बीच इस तरह के प्यार और सुरक्षा के वादे से हमें अपने समाज में अधिक सहानुभूति और समझदारी की आवश्यकता का एहसास होता है।इस मौके पर वी क्लब की सदस्यों ने अपने हाथों से तैयार राखियां बच्चों के कलाई में सजायी. सभी ने उत्साह के साथ पूरे स्टॉफ को राखी बांधी और मिठाईयां खिलायी. क्लब की सभी सदस्यों ने बच्चों को दुलारा और कहा कि शिक्षा से दिव्यांग बच्चों की तस्वीर बदली है. यह उपलब्धि सुकून देने वाली है. उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि आप सब खूब पढ़ें और तरक्की की राह पर आगे बढ़ें।

भाजपा सरकार पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के निर्णय को पटलने का आरोप लगाया

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अधि. रमेश सिंह ने भाजपा सरकार पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के निर्णय को पटलने का आरोप लगाया है। इस संबंध में जारी बयान में सिंह ने कहा है कि मनेद्रगढ़ में रियासत काल में बाजार क्षेत्र के निवासियों को तत्कालीन राजा ने मौखिक रूप से नजूल भूमि आवंटित की थी। जो लोग भूमि पर रियासत काल से काबिज थे, नजूल अभिलेख में केवल उनका कब्जा दर्ज है। उन्हें मालिकाना हक प्राप्त नहीं है। इस कारण उन्हें अपने व्यापार के लिए बैंक से ऋण नहीं मिलता है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत के मनेद्रगढ़ आगमन पर नगरवासियों व व्यापारियों के साथ उनका ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराया था। प्रतिनिधि

मंडल द्वारा नजूल भूमि पर रियासत काल से काबिज लोगों को कब्जे की भूमि आवंटित करने की मांग की गई थी। जिसे तत्कालीन कलेक्टर से जांच प्रतिवेदन लेकर वर्ष 2022 में नजूलभूमि पर रियासत काल में काबिज व्यक्तियों को पट्टा आवंटित करने का आदेश राजस्व सचिव ने जारी किया था। जिससे मनेद्रगढ़ में व्यापारियों के बीच खुशी की लहर थी। उसी समय जो व्यक्ति रियासत काल से नजूल भूमि पर काबिज नहीं था, परंतु नजूल भूमि पर मकान बनाकर निवास कर रहा था। उसके द्वारा बाजार मूल्य का 151 फीसदी राशि अदा कर उसके पक्ष में नजूल भूमि आवंटित करने का आदेश जारी किया था।

जिला पंचायत वन समिति की बैठक सभापति कविता बाबर की अध्यक्षता में संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

वन समिति की मासिक बैठक वन मंडल कार्यालय के सभा कक्ष में आहुत की गई थी सर्व प्रथम वनमंडलाधिकारी जाधव श्री कृष्ण द्वारा समिति के सदस्यों का गुलदस्ता भेटकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभा की कारवाई शुरू हुई जिसमे विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। विगत बैठक में सदस्य मनोज साक्षी एवं सभापति बाबर द्वारा बिरगुड़ी परिक्षेत्र में डब्ल्यूबीएम रोड निर्माण कार्य में कैम्पा मद से कराया गया था उसमे एफ़ आर, क्षेत्र से कृषक की ज़मीन में अवैध उत्खनन का मामला सामने आया था उस प्रकरण पर विभाग द्वारा मामला दर्ज कर ठेकेदार के विरुद्ध विधि अनुसार वन अपराध प्रकरण दर्ज कर कारवाई किया जाना बताया गया। इसी प्रकार सदस्य गोविंद साहू तथा तारिणी चंद्राकर द्वारा मनरेगा व डीएमएफ फंड से स्वीकृत सिलतरा से नकटी देवी मंदिर तक डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण व कुरुद क्षेत्र के ऑक्सीवन वृक्षारोपण कार्य के विलंब के संबंध में जानकारी चाही गई। अधिकारियों ने बताया कि उक्त कार्य 4 कार्यों के लिये सामग्री आपूर्ति कर्ता द्वारा सामग्री आपूर्ति में देरी की जा रही है उनको विभाग द्वारा अंतिम पत्र निरस्तीकरण हेतु जारी किया जा तथा आक्सी वन वृक्षारोपण कार्य में पूर्व रेंजर आरके साहू के विरुद्ध विभागीय जाँच व कुछ जगहों पर स्थल कमी की जानकारी दी गई बैठक में अन्य योजनाओं से चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुवे निर्धारित समय सीमा में पूरे करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

हलषष्ठी व्रत 24 व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत 26 अगस्त को-विप्र विव्दत परिषद

धमतरी। विप्र विद्वत परिषद धमतरी ने देव पंचाग के अनुसार निर्णय लिया है कि इस वर्ष 24 अगस्त भाद्रपद कृष्ण पक्ष शनिवार को हलषष्ठी कमछठ व्रत पर्व मनाया जायेगा एवं 26 अगस्त सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी व्रत पर्व मनाया जाएगा। विप्र विद्वत परिषद धमतरी के अध्यक्ष पंडित अशोक कुमार शास्त्री पंडित होमन शास्त्री पंडित महेश शास्त्री पंडित संतोष तिवारी पंडित बालकृष्ण शर्मा ने उपरोक्त निर्णय देव पंचाग के अनुसार लिया गया। परिषद ने अपील किया है कि दिये गये तिथियों के अनुसार व्रत पर्व को मनाया जाएगा इस पर्व को लेकर किसी भी प्रकार से भ्रमित न हो उपरोक्त जानकारी परिषद के मिडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी।

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8(1)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एंव प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट 2002 के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.) (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल-एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया गया था, इसके द्वारा उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति से सौदा न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन आईआईएफएल एचएफएल के प्रभार वास्ते और भविष्य के ब्याज के अधीन होगा, जैसा कि उल्लिखित है।
उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तारीख से पहले किसी भी समय सभी लागत प्रभारों और खर्चों के साथ "आईआईएफएल एचएफएल" की बकाया राशि को स्वीकार करता है, सुरक्षित परिसंपत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा या स्थानांतरित नहीं किया जाएगा और सुरक्षित परिसंपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/का नाम शाखा	सुरक्षित आस्तियों का विवरण (अचल सम्पत्ति)	कुल बकाया राशि	मांग सूचना की तिथि	कब्जा की तिथि
श्री संजय कुमार सिंह, श्रीमती सीमा सिंह (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10103274)	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट भूमि खसरा नं. 54/45 में से, मौजा बिरगांव, पीएच नं. 101/29/88, आरएनएम धरसीवा-1, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, 492003, क्षेत्रफल माप (वर्ग फीट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्र, कारपेट_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, सुपर_निर्मित_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र: 3066.00, 1662.00, 2216.00, 2216.00	रु. 32,08,692.00 (रु. बत्तीस लाख आठ हजार छः सौ बान्वे मात्र)	12-Jun-2024	20-Aug-2024

अधिक जानकारी के लिए कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी, रायपुर के सामने, छ.ग. 492001 या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नं. 98, पीएच-IV उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में संपर्क करें।
स्थान : छत्तीसगढ़, तिथि : 23.08.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

मनोज शुक्ला बने भरतपुर सोनहत विधायक के निज सहायक

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने मनोज शुक्ला को अपना निज सहायक नियुक्त किया है। निज सहायक पद की नियुक्ति का आदेश जारी करते हुए विधायक भरतपुर सोनहत रेणुका सिंह ने कलेक्टर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर और

कलेक्टर कोरिया को पत्र लिखा है। पत्र की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर व मनेन्द्रगढ़ के अलावा जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भेजी है। गौरतलब है कि मनोज शुक्ला प्रदेश की संस्कारधानी राजनांदगांव के रहने वाले है। भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह के केंद्रीय राज्यमंत्री रहते हुए भी मनोज शुक्ला रेणुका सिंह के निज सहायक के तौर पर रहकर देश की राजधानी दिल्ली में भी कामकाज देखते थे। मनोज शुक्ला की नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों ने हर्ष व्याप्त किया है।

जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ कोटा
www.dailypioneer.com

ग्राम चपोरा में लगाया गया जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर
कोटा। करगी रोड कोटा ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों की निराकरण के लिए राज्य शासन के निर्देश पर जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जा रहा है ग्राम पंचायत चपोरा में शिविर लगाया गया शिविर में स्थानीय नागरिक सहित आसपास के गांव के लोगों के आवेदनों और समस्याओं का निराकरण किया गया शिविर में ग्रामीणों की मांग और शिकायतों से संबंधित 292 आवेदन मिले इनमें से मौके पर ही 95 आवेदनों का निराकरण किया गया शिविर में छाया विधायक प्रबल प्रताप जूदेव विधायक अटल श्रीवास्तव अरुण चौहान कार्यक्रम में उपस्थित थे छाया विधायक प्रबल प्रताप जूदेव ने अपने संबोधन में जनता की सेवा करना जनता की समस्याओं का पता करके उसका निराकरण करना हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरा देश आगे बढ़ रहा है देश बदल रहा है गौरव का क्षण हमारे छत्तीसगढ़ में

जनजाति पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव बने हैं एक ऐसा व्यक्ति जो संघर्ष किया किसान का बेटा जिनके नेतृत्व में पूरा कार्य समय पर पूर्ण हो रहा है और प्रबल ने कहा अधिकारियों से कि आप गरीब जनता का जो भी कार्य है समय पर निराकरण कर जनता को शासन की योजनाओं का लाभ मिले इस अवसर पर जनप्रतिनिधि पार्टी के वरिष्ठ नेता जनता अधिकारी बड़ी संख्या में चपोरा सहित जन समस्या निवारण शिविर के दौरान हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं के तहत सहायता राशि सामग्री और प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया तेरा हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश 20 परिवारों को बैल जोड़े सात हितग्राहियों को राशन कार्ड पीएम जनमन आवास योजना के तहत छह हितग्राहियों को उनके घर की चाबी प्रदाय किया।

MOTILAL OSWAL
HOME LOANS

मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालयः मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई–400025 | ईमेल : hfquery@motilaloaswal.com
सीआईएनः U65923MH2013PLC248741
शाखा: प्लॉट/दुकान नं. जी–1/12, सर्कल नं. 22, दूसरी मंजिल, व्यापार विहार, रेनॉल्ट शोरूम के पास, बिलासपुर – 495001, छत्तीसगढ़,
संपर्क नं. योमकेश साहू – 8097472030 भूषण मोरेश्वरराव पवार,
शाखा: पहली मंजिल, यूनिट नं. 3, पियांक टॉवर, राजा तालाब रोड, वार्ड नंबर 40, रायपुर – 492001, छत्तीसगढ़,
संपर्क: योमकेश साहू – 8097472030 भूषण मोरेश्वर राव पवार

ई–नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए 30 दिनों की ई–नीलामी बिक्री सूचना
आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) को बंधक रखी गई नीचे उल्लिखित संपत्ति को "जहां है जैसी है", "जो है जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर "ऑनलाइन ई–नीलामी" के माध्यम से बेचा जाएगा, ताकि बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली की जा सके, जैसा कि नीचे दिए गए विवरण के अनुसार सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित सरफासी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार किया गया है:

क्र. सं.	कर्जदार/गारंटर/ऋण खाता	मांग सूचना की तिथि एवं राशि	अचल सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य, ईएमडी एवं ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	ई–नीलामी की तिथि और समय
1	LAN: LXBIL00417 - 180052389 शाखा: बिलासपुर उधारकर्ता: शेख मुर्तुजा अली सह–उधारकर्ता: शेख मुस्ताक अली गारंटर:	29–11–2023 रु. 16,57,437/– (रु. सोलह लाख सत्तावन हजार चार सौ सैंतीस मात्र)	मौजा– खमतराई, पीएच नं. 17, ख नंबर 150/6, आरएनएम बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495006	आरक्षित मूल्य: रु. 18,32,255/– (रु. अठारह लाख बत्तीस हजार दो सौ पचपन रुपये मात्र) ईएमडी: रु. 1,83,226/– (रु. एक लाख तिरासी हजार दो सौ छब्बीस मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 25–09–2024	तिथि: 26.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 से अपराह्न 05:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)
2	LAN: LXMORAIPUR5222 - 230639756 शाखा: रायपुर उधारकर्ता: संदीप कुमार शिवपूजन तिवारी सह–उधारकर्ता: ममता तिवारी गारंटर:	12–09–2023 रु. 8,37,777/– (रु. आठ लाख सैंतीस हजार सात सौ सतहत्तर मात्र)	संपत्ति जोकि मकान नं. ए–10, डायवर्टेड ख नं. 87/3, खाता नं. 850, भाग नं. 01, भवन नं. 2988, वार्ड नं. 04, यतियतन लाल वार्ड – कंडिका नंबर 5, गोंदवारा बस्ती, अशोक विहार, मौजे–गोंडवारा, पी. एच. नंबर – 108/37, आर. एन.एम.– रायपुर–01, तहसील	आरक्षित मूल्य: रु. 9,24,568/– (रु. नौ लाख चौबीस हजार पांच सौ अड़सठ मात्र) ईएमडी: रु. 9,24,57/– (रु. बान्वे हजार चार सौ सत्तावन मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 25–09–2024	तिथि: 26.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 से अपराह्न 05:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

ई–नीलामी के नियम और शर्तें:
नीलामी बोली दस्तावेज के आगे के नियमों और शर्तों के अनुसार और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाती है। बोलीदाता बोली लगाने की जानकारी और सहायता, ई–नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और बोली फॉर्म जो ऑनलाइन जमा किया जाएगा, के लिए हमारे ई–नीलामी सेवा प्रदाता, मैसर्स ARCA EMART PRIVATE LIMITED के वेब पोर्टल: https://www.auctionbazaar.com/ पर जा सकते हैं।
इच्छुक खरीदार उसी पोर्टल पर नीलामी के नियम और शर्तों और प्रक्रिया को देख सकते हैं और योमकेश साहू – 8097472030 भूषण मोरेश्वरराव पवार से संपर्क कर सकते हैं। ऊपर उल्लिखित वेब पोर्टल में उपलब्ध विवरण और उनके केंद्रीकृत हेल्प डेस्क +91 83709 69696, ई–मेल आईडी contact@auctionbazaar.com से संपर्क कर सकते हैं।
हस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी
स्थानः छत्तीसगढ़
दिनांक : 23.08.2024
मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड
अनुवाद में त्रुटि या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।
(पूर्ण एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से ज्ञात)

MOTILAL OSWAL
HOME LOANS

मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालयः मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई–400025 | ईमेल : hfquery@motilaloaswal.com
सीआईएनः U65923MH2013PLC248741
शाखा: प्लॉट/दुकान नं. जी–1/12, सर्कल नं. 22, दूसरी मंजिल, व्यापार विहार, रेनॉल्ट शोरूम के पास, बिलासपुर – 495001, छत्तीसगढ़,
संपर्क नं. योमकेश साहू – 8097472030 और दीपक प्रकाश चन्द्र ठाकुर – 7045828073

ई–नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए 15 दिनों की ई–नीलामी बिक्री सूचना
आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) को बंधक रखी गई नीचे उल्लिखित संपत्ति को "जहां है जैसी है", "जो है जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर "ऑनलाइन ई–नीलामी" के माध्यम से बेचा जाएगा, ताकि बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली की जा सके, जैसा कि नीचे दिए गए विवरण के अनुसार सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित सरफासी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार किया गया है:

क्र. सं.	कर्जदार/गारंटर/ऋण खाता	मांग सूचना की तिथि एवं राशि	अचल सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य, ईएमडी एवं ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	ई–नीलामी की तिथि और समय
1	LAN: LXBIL00417 - 180065021 शाखा: बिलासपुर उधारकर्ता: कादिर हातिम अली सह–उधारकर्ता: वाहिद हातिम अली गारंटर:	26.08.2019 रु. 7,83,437/– (रु. सात लाख तिरासी हजार चार सौ सैंतीस मात्र)	पी.एच. नं. 44/03, ख. क्रमांक 81/2, 82/1 मौजे झलमल का भाग, मस्तूरी, आर.एन.एम. सीपत, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ – 495001	आरक्षित मूल्य: रु. 13,11,361 (रु. तेरह लाख ग्यारह हजार तीन सौ इकसठ मात्र) ईएमडी: रु. 1,31,136/– (रु. एक लाख इकतीस हजार एक सौ छत्तीस मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 10–09–2024	तिथि: 11.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 से अपराह्न 05:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)
2	LAN: LXDUR00417-180066651 शाखा: दुर्ग उधारकर्ता: लच्छमी बाई वर्मा सह–उधारकर्ता: उत्तम लाल वर्मा गारंटर:	08–03–2023 रु. 3,98,763/– (रु. तीन लाख अट्ठान्वे हजार सात सौ तिरेसठ मात्र)	प्लॉट नं. 13, ख.नं. 1617/2, पीएच नं. 04, ग्राम–घुमका, तह एवं जिला राजनांदगांव (सीजी), वेटेरिनरी अस्पताल के पास, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491441	आरक्षित मूल्य: रु. 6,97,516/– (रु. छह लाख सत्तान्वे हजार पाँच सौ सोलह मात्र) ईएमडी: रु. 69,752/– (रु. उनहत्तर हजार सात सौ बावन मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 10–09–2024	तिथि: 11.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 से अपराह्न 05:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)
2	LAN: LXDUR00217-180066574 शाखा: दुर्ग उधारकर्ता: सेवनकुमार आनंद राम श्रीवास सह–उधारकर्ता: किशोरकुमार आनंदराम श्रीवास गारंटर:	06–11–2023 रु. 6,35,736/– (रु. छह लाख पैंतीस हजार सात सौ छत्तीस मात्र)	ख/नंबर/334/1, पीएच नं. –29, आरएनएम – डोंगरगांव, गांव – घोरदा, ब्लॉक जनपद पंचायत और डोंगरगांव, राजनंद गाँव छत्तीसगढ़ – 491441	आरक्षित मूल्य: रु. 6,23,286/– (रु. छह लाख तेईस हजार दो सौ छियासी मात्र) ईएमडी: रु. 62,329/– (रु. बासठ हजार तीन सौ उनतीस मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 10–09–2024	तिथि: 11.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 से अपराह्न 05:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

ई–नीलामी के नियम और शर्तें:
नीलामी बोली दस्तावेज के आगे के नियमों और शर्तों के अनुसार और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाती है। बोलीदाता बोली लगाने की जानकारी और सहायता, ई–नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और बोली फॉर्म जो ऑनलाइन जमा किया जाएगा, के लिए हमारे ई–नीलामी सेवा प्रदाता, मैसर्स ARCA EMART PRIVATE LIMITED के वेब पोर्टल: https://www.auctionbazaar.com/ पर जा सकते हैं।
इच्छुक खरीदार उसी पोर्टल पर नीलामी के नियम और शर्तों और प्रक्रिया को देख सकते हैं और योमकेश साहू – 8097472030 और दीपक प्रकाश चन्द्र ठाकुर 7045828073 से संपर्क कर सकते हैं। ऊपर उल्लिखित वेब पोर्टल में उपलब्ध विवरण और उनके केंद्रीकृत हेल्प डेस्क +91 83709 69696, ई–मेल आईडी contact@auctionbazaar.com से संपर्क कर सकते हैं।
हस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी
स्थानः छत्तीसगढ़
दिनांक : 23.08.2024
मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड
अनुवाद में त्रुटि या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।
(पूर्ण एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से ज्ञात)

संपादकीय

एमपाक्स का प्रकोप सतर्कता जरूरी

एमपाक्स का प्रकोप सारी दुनिया के लिए चिन्ता का विषय है। हालांकि, अभी परेशान होने के बजाय इसके प्रति सतर्कता जरूरी है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद अब दुनिया एक और बड़ी स्वास्थ्य चुनौती 'एमपाक्स' का सामना कर रही है जिसे पहले 'मंकीपाक्स' के नाम से जाना जाता था। यह वाइरल बीमारी परंपरागत रूप से अफ्रीका के कुछ क्षेत्रों में पाई जाती थी, पर अब यह परेशान करने वाली गति से दुनिया भर में फैल रही है। इससे दुनिया भर के स्वास्थ्य अधिकारियों में चिन्ता फैल गई है। एमपाक्स मंकीपाक्स वाइरस से फैलता है जो 'आर्थोपाक्स कुल' में शामिल है। चेचक या स्मालपाक्स वाइरस भी इसी कुल का है। अच्छी खबर यह है कि अधिकांश मामलों में यह जानलेवा नहीं होता है और इसका इलाज किया जा सकता है। हालांकि, एमपाक्स का कोई खास इलाज नहीं है, पर अधिकांश पीड़ित कुछ सप्ताह में ठीक हो जाते हैं। अच्छी प्रतिरक्षण प्रणाली वाले लोगों में सामान्य देखभाल और दर्द नियंत्रण से राहत मिलती है, लेकिन कमजोर प्रतिरक्षण प्रणाली वाले लोगों को इलाज की जरूरत पड़ती है। हालांकि, यह स्मालपाक्स की तुलना में कम घातक है, पर एमपाक्स से खासकर कमजोर प्रतिरक्षण प्रणाली वाले लोगों में गंभीर बीमारी हो सकती है। वाइरस का प्रसार मुख्यतः जानवर-मनुष्य संपर्क तथा मानव-मानव संपर्क से हो सकता है। सीधे संपर्क, शरीर के द्रवों, सांस से निकलने वाली छोटी-छोटी बूंदों या बिस्तर जैसे संक्रमित स्थान से संक्रमण फैल सकता है। एमपाक्स के लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, लसीका ग्रंथियों में सूजन, कंपकंपी तथा अक्सर चेहरे से शुरू होकर शरीर के अन्य भागों में फैलने वाले चकत्ते शामिल हैं।

हाल ही में कोरानावायरस वैश्विक महामारी से राहत पाने के बाद लोग एक और वैश्विक महामारी का सामना करने की स्थिति में नहीं हैं। हालांकि, अभी यह महामारी नहीं है, पर यदि रक्षात्मक कदम न उठाए गए तो यह वैश्विक महामारी में बदल सकती है। दुनिया भर में एमपाक्स मामले बढ़ने के बाद भारतीय हवाईअड्डों पर सतर्कता बढ़ाई गई है तथा वाइरस का प्रसार रोकने के कदम उठाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक राष्ट्रव्यापी सलाह जारी कर हवाईअड्डों को जांच प्रक्रिया गहन बनाने तथा संभावित मामलों की पहचान व उनको अलग-थलग करने के प्रोटोकाल कठोरता से सुनिश्चित करने को कहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ ने अनेक क्षेत्रों में एमपाक्स मामले बढ़ने की जानकारी दी है। इससे पहले वाइरस को नियंत्रित रखने वाले क्षेत्रों में चिन्ता फैल गई है। बुखार, चकत्ते या लसीका ग्रंथियों में सूजन जैसे लक्षण वाले यात्रियों को और चिकित्सकीय परीक्षणों के लिए कहा जा रहा है। दिल्ली, मुंबई और बैंगलुरू जैसे शहरों में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे महत्वपूर्ण रक्षात्मक कदम उठा रहे हैं। त्वरित आंकलन के लिए इन स्थानों पर विशेष चिकित्सा टीमें लगाई गई हैं ताकि एमपाक्स संक्रमित किसी व्यक्ति को अलग कर उसका इलाज किया जा सके। बाहर से आने वाले यात्रियों के अलावा देश से बाहर जाने वाले यात्रियों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। खासकर वाइरस संक्रमित क्षेत्रों में जाने वाले यात्रियों को सावधानियां बरतने को कहा जा रहा है। हालांकि, भारत में अभी एमपाक्स के ज्यादा मामले सामने नहीं आए हैं, पर वाइरस को देश में जड़ें जमाने से रोकने के लिए व्यापक सुरक्षात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जोर दिया है कि एमपाक्स का प्रसार रोकने के लिए संक्रमितों की जल्दी पहचान तथा उनको अलग-थलग करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। भारत जैसे घनी बस्तियों वाले देश में एमपाक्स प्रसार के गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन

आर्थिक उथलपुथल और सैनिक विद्रोह के कारण बांग्लादेश से भारत के अच्छे मैत्रीपूर्ण संबंध अब अनिश्चितता का शिकार हैं। वहां भारत-विरोधी भावनायें बढ़ रही हैं तथा रणनीतिक हितों पर सवाल उठ रहे हैं।

अशोक के. मेहता
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

आर्थिक उथलपुथल और सैनिक विद्रोह के कारण बांग्लादेश से भारत के अच्छे मैत्रीपूर्ण संबंध अब अनिश्चितता का शिकार बन गए हैं। वर्तमान समय में वहां अनेक कारणों से भारत-विरोधी भावनायें बढ़ रही हैं तथा भारत के उस देश में रणनीतिक हितों पर सवाल उठ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में कहा कि भारत बांग्लादेश की घटनाओं व खासकर वहां हिंदुओं व अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के बारे में बहुत चिन्तित है। प्रधानमंत्री के इस संबोधन के फौरन बाद 'अंतरिम सरकार' के मुखिया प्रोफेसर यूनुस ने मोदी से फोन पर बात कर उनको सुरक्षा के बारे में आश्वासन दिया। ढाका में पिछले 53 साल में हुए चौथे परोक्ष सैनिक विद्रोह का नेतृत्व पूरी तरह छात्र-संचालित आंदोलन के कारण हुआ। इससे प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपनी सत्ता गंवानी पड़ी। इसका प्रमुख कारण शेख हसीना का जनता से संपर्क टूटना तथा आर्थिक परेशानियों पर लगाम लगाने में विफलता थी। छात्रों द्वारा संचालित आंदोलन में अनेक छात्रों समेत लगभग 200 लोगों और संभवतः इससे भी अधिक प्रदर्शनकारियों की मौत हसीना की सत्ता के लिए 'ऊंट की पीठ तोड़ने वाला आखिरी तिनका' साबित हुई। इसके बाद सेना प्रमुख-सीओएएस जनरल वकार-उज-जमां के सामने केवल एक ही विकल्प बचा और उन्होंने शेख हसीना को देश छोड़ कर जाने के लिए 45 मिनट का समय दिया।

बांग्लादेश के जनरल ने संभवतः 'एक दिन बाद घटने वाली' इस स्थिति का पहले से अनुमान लगा लिया था। यदि ऐसा न होता तो सत्ता का तेजी से और व्यवस्थित हस्तांतरण संभव ही नहीं हो सकता था। बांग्लादेश की सड़कों पर हसीना-विरोधी भावनायें भड़क रही थीं। इसके साथ ही शेख मुजीबुर रहमान की विरासत पर भी सवाल उठ रहे थे जिसे उन्होंने पाकिस्तान से स्वतंत्रता के रूप में पाला-पोसा था। भारत ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में व्यापक सहायता की थी। बांग्लादेश में इस 'विरासत' के प्रति गुस्से की भावना भी बढ़ रही थी जिसे समय पर नहीं पहचाना गया। शेख मुजीबुर रहमान की मूर्तियां तथा मुक्ति संग्राम से जुड़े स्मारक तोड़ने की घटनायें इसके प्रतीक के रूप में सामने आईं। बांग्लादेश में भारत-विरोधी भावनायें भड़कने का एक कारण हसीना सरकार का भारत द्वारा आंख बंद कर समर्थन करना था, जबकि उनकी लोकतांत्रिक पहचान लगातार गिर रही थी। इसके साथ ही बांग्लादेश में भारत-विरोधी भावनाओं के अन्य कारण भी थे जिनमें बीएसएफ द्वारा सीमा पर की गई गोलीबारी, तीस्ता जल का साझा न हो पाना तथा सिलीगुड़ी कारीडोर का प्रयोग करने की अनुमति न देना भी शामिल हैं।

भारत के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सीएए-एनआरसी की जोरदार पैरोकारी ने भी भारत के प्रति बांग्लादेश में संदेह का वातावरण बना। इन परिस्थितियों में शेख हसीना को भारत में अनिश्चित काल तक शरण देने के निर्णय से भी बांग्लादेश में भारत के प्रति गुस्सा बढ़ने की आशंका है। बांग्लादेश में जुलाई और अगस्त की घटनाओं के बारे में बहुत कुछ लिखा जा चुका है। इनमें अनेक षडयंत्र सिद्धान्तों को आश्चर्यजनक रूप से बढ़ावा दिया गया। इनमें अमेरिका का नाम लेना, सीआईए द्वारा सेंट मार्टिन द्वीप पर कब्जे की इच्छा तथा पाकिस्तानी, आईएसआई व चीन का नाम लेना शामिल हैं। सेंट मार्टिन द्वीप पर म्यांमार भी अपना दावा करता है। हालांकि, इनमें से कुछ पक्षों ने निश्चित रूप से परेशानियों का लाभ उठाने का प्रयास किया, पर भारत को 'इस्लामवादी' व 'जिहादी' संगठनों की खासतौर से चिन्ता करनी चाहिए। हालांकि, नोबेल विजेता, उदारवादी लोकतांत्रिक व क्षेत्रीयतावादी मुहम्मद यूनुस 'अंतरिम सरकार' का नेतृत्व कर रहे हैं, लेकिन कहा जाता है कि वे छात्रों व उनके नेताओं नाहीद इस्लाम व आसिफ मुहम्मद द्वारा निर्देशित होंगे। यह रहस्य है कि शेख हसीना के रिश्तेदार जनरल जमां ने इस विद्रोह में क्या भूमिका अदा की। बांग्लादेश में कोई भी सत्ता परिवर्तन बिना सेना की संलिप्तता के कार्यान्वित नहीं किया जा सकता है।

शेख हसीना की सबसे बड़ी उपलब्धि एक समय अत्यन्त निर्धन बांग्लादेश को दक्षिण एशिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बनाना था। उसके मानव विकास सूचकांक श्रीलंका को छोड़ कर सभी क्षेत्रीय देशों से आगे थे। वेतनों पर विरोध प्रदर्शनों तथा हड़तालों व कोविड में तबाह होने के पहले उसका गारमेंट उद्योग विश्वस्तरीय था। बांग्लादेश ने दो दशक तक 6.5 प्रतिशत की गति से प्रगति की थी और उसकी प्रति व्यक्ति आय 2600 डालर थी जो भारत से भी बहुत अधिक थी। लेकिन उसकी प्रगति की यह गाथा आईएमएफ से 4.76 बिलियन डालर कर्ज लेने और मुद्रास्फीति 10 प्रतिशत से अधिक होने के कारण नष्ट हो गई। भारत के साथ उसका व्यापार तेजी से बढ़ा और वह 18 बिलियन डालर तक पहुंच गया। यदि बांग्लादेश के साथ एफटीए हो जाता तो बांग्लादेश के निर्यात में 182 प्रतिशत वृद्धि होती। बांग्लादेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या सबसे अधिक है और उन्होंने चिकित्सा पर्यटन को गति दी है। बांग्लादेश के साथ रक्षा संबंध बहुत अच्छे रहे और यह एक प्रकार से दुश्मन को दोस्त में बदलने की कथा है। हालांकि, बांग्लादेश 'वार गेम्स' में भारत को शत्रु की तरह पेश करता था, पर इसके बावजूद भारत ने बांग्लादेश को रक्षा खरीद के लिए 500 बिलियन डालर की सहायता दी थी। लेकिन बांग्लादेश की सेना और एक समय जनरल जमां द्वारा नियंत्रित रक्षा खरीद में भारत सबसे निचले स्तर पर जबकि चीन सबसे ऊपर था। वहां विमान, पनडुब्बियां, टैंक, तोपखाना और अन्य उपकरण मुख्यतः चीनी हैं।

वर्तमान समय में बांग्लादेश छात्र नेताओं की महत्वाकांक्षाओं के कारण परेशानी में फंसा है जिनका क्रियान्वयन अंतरिम सरकार कर रही है। इस प्रकार भारत को ऐसे देश में चुनौतीपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है जिसे जन्म देने में उसने प्रमुख भूमिका अदा की थी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का स्वर्णिम काल वह था जब भारत के हितों को समुचित रूप से संबोधित किया जाता था। यही कारण है कि बांग्लादेश की नई सरकार शेख हसीना तथा अवामी लीग से जुड़े सभी लोगों पर निशाना लगा रही है।

वर्तमान परिस्थितियों में बांग्लादेश की सेना दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है और भारत इसकी उम्मीद भी कर सकता है। यदि बांग्लादेश अपने समक्ष आने वाली आर्थिक चुनौतियों का सामना करना चाहता है तो इसके लिए भी उसे भारत की सहायता अनिवार्य रूप से लेनी होगी। बांग्लादेश और भारत की भौगोलिक स्थिति तथा दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं की संरचना भी द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने में अपनी भूमिका अदा कर सकती है। ढाका को यह भी नहीं भूलना चाहिए कि 2022 में भयानक आर्थिक संकट और दीवालियापन से नई दिल्ली ने कोलंबो को बाहर निकालने में किस प्रकार सहायता की थी। इस सत्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि केवल छात्रों का विरोध आंदोलन ही श्रीलंका की राजनीति बदलने में सक्षम नहीं था। बांग्लादेश के एकमात्र हिंदू पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुरेन्द्र कुमार सिन्हा को हसीना ने हटा दिया था। सुरेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा है कि बांग्लादेश में पिछले कुछ दिनों में जो कुछ हुआ है वह पूरी तरह असंवैधानिक है। उन्होंने 'अंतरिम सरकार' द्वारा किए अनेक परिवर्तनों को भी रेखांकित किया है। क्रांति या सैनिक विद्रोह में संविधान को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। प्रशासन ने कहा है कि किसी चुनाव के पहले संविधान समीक्षा समेत संस्थागत सुधार किए जाएंगे। इस सबमें समय लगेगा। सत्ता परिवर्तन के इस शुरुआती समय में अनिश्चितता व्याप्त है। इससे भारत को नई भू-राजनीतिक चुनौतियां सामने आ रही हैं और अब उसे प्रासंगिक पक्षों से संबंध स्थापित करने होंगे। इन चुनौतियों में शेख हसीना व अवामी लीग से व्यवहार भी शामिल है।

वर्तमान परिदृश्य में आरक्षण की आवश्यकता

चन्द्र शेखर गंगराड़े
पूर्व प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधानसभा

भारत जब स्वतंत्र हुआ, उस समय की परिस्थितियों को देखते हुए अनुसूचित जाति एवं जनजाति के वर्गों के लिए लोकसभा तथा विधान सभाओं में 10 वर्ष के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था ताकि उक्त संवर्ग के लोगों को भी उनकी जनसंख्या के अनुपात में लोकसभा तथा विधान सभाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले लेकिन प्रथम 10 वर्षों की समाप्ति पर पुनः संविधान संशोधन द्वारा, उक्त अवधि को हर 10 वर्ष की समाप्ति पर आगामी 10 वर्षों के लिए बढ़ाया जाता रहा है और अब तक इसमें 7 बार वृद्धि की गई है। पहली बार जब प्रावधान किया गया था, तब संविधान सभा के सदस्यों का यह मत रहा होगा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों के सर्वांगीण उत्थान के लिए यह प्रावधान आवश्यक है। लेकिन अब ऐसा लगता है कि इसको बढ़ाया जाना राजनैतिक मजबूरी है।

सन् 1950 में जब यह प्रावधान किया गया था, तब उक्त जाति के लोगों की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति क्या थी और जब-जब इस अवधि में वृद्धि की गई है, तब-तब उनके सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति में क्या अंतर आया, कितनी प्रगति हुई, कितने लोगों की आर्थिक स्थिति में वृद्धि हुई, इसका कोई अध्ययन या अनुसंधान सरकारी स्तर पर हुआ होगा ऐसा मेरा मानना है और यदि उनके सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति में सुधार हुआ है तो इस बात पर विचार करने की आवश्यकता है कि आरक्षण को किस सीमा तक, कितनी अवधि तक और किस स्वरूप में जारी रखना चाहिए और यदि कोई सुधार नहीं हुआ है तब तो उसे निरंतर जारी रखने में कोई दिक्कत नहीं है।

जब संविधान बना, उस समय अनुसूचित जाति एवं जनजाति में कौन-कौन सी जातियां शामिल होंगी, उसका उल्लेख एवं जाति को उक्त सूची में शामिल करने की प्रक्रिया का उल्लेख, संविधान के अनुच्छेद 341 में कर दिया गया था।

जिस प्रकार लोकसभा एवं विधानसभाओं में उक्त जाति के लोगों को उनकी जनसंख्या के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रावधान, संविधान में किया गया, ठीक उसी प्रकार अनुच्छेद 15 (4) के तहत शासकीय सेवाओं में भी उन्हें पर्याप्त अवसर मिले इसलिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण का प्रावधान किया गया। अनुसूचित जाति एवं जनजाति में वे जातियां शामिल की गई हैं, जो हजारों वर्षों में विभिन्न कारणों से सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से वंचित रहीं और इस कारण वे धीरे-धीरे विकास की ओर अग्रसर होने के बजाए पिछड़ती चली गई।

अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा, वर्ष 1979 में जब केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी, तब उन्होंने सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ों की पहचान करने हेतु ÷मंडल आयोग÷ का गठन किया और मंडल आयोग की रिपोर्ट को विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार ने अगस्त, 1990 में लागू कर दिया। हालांकि संवैधानिक प्रावधान न होने के कारण लोकसभा एवं विधानसभाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए स्थान आरक्षित नहीं है लेकिन शासकीय सेवाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया गया जो अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए पूर्व में आरक्षित सीमा के अतिरिक्त थी।

अब सवाल यह उठता है कि जब देश को आजाद हुए 77 वर्ष हो गये हैं तो क्या जिन जातियों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है, उनके शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्तर में सुधार हुआ है संभवतः इसका उत्तर नहीं है क्योंकि आरक्षण का लाभ जाति को देखकर दिया जाता है न कि जिस व्यक्ति को आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है, उसके सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्तर को देखकर। हो यह रहा है कि आरक्षण के कारण जिन लोगों को उसका लाभ मिल चुका है, उन्हें ही या उनकी पीढ़ियों को ही लगातार इसका लाभ मिल रहा है और जो वास्तव में उपेक्षित या पिछड़े हैं, उनके स्तर में कोई सुधार नहीं हुआ है और यही कारण है कि अभी हाल ही में दिनांक 1 अगस्त, 2024 को उच्चतम न्यायालय की 7 जजों की संविधानपीठ ने 6:1 के बहुमत से अनुसूचित जाति एवं जनजाति आरक्षण में जातियों को विभिन्न श्रेणियों में विभक्त करने का अधिकार राज्यों को दे दिया। न्यायालय का यह भी मत था कि एक ही जाति आरक्षण का अधिक लाभ उठायेगी तो बाकी कमजोर जातियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा जबकि आरक्षण का मकसद वंचित वर्गों को आगे बढ़ाना है। अपने फैसले में उच्चतम न्यायालय ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति कोटे में क्रीमीलेयर लागू करने पर भी जोर दिया हालांकि उसका सभी राजनैतिक दलों ने विरोध करना प्रारंभ कर दिया है और अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सांसदों ने इस संबंध में प्रधानमंत्री जी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और प्रधानमंत्री जी ने भी इसे लागू न करने की घोषणा कर दी।

क्रीमीलेयर को लागू न करने के पीछे यह तर्क दिया कि संविधान में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आरक्षण में क्रीमीलेयर का प्रावधान नहीं है। अब क्या केवल इस आधार पर कि संविधान में क्रीमीलेयर का प्रावधान नहीं है, आर्थिक रूप से अति वंचित दलितों के अधिकारों का हनन् नहीं होगा संविधान में तो आरक्षण का प्रावधान भी केवल 10 वर्षों के लिए था फिर जब संविधान में संशोधन कर उसकी अवधि में वृद्धि की जा सकती है तो क्रीमीलेयर का प्रावधान शामिल करने में संसद को कौन रोक रहा है

लेकिन इससे उन लोगों को अवसर नहीं मिलेगा जिन्हें आरक्षण के कारण बार बार अवसर मिलता रहता है और वे लोग पुनः वंचित रह जाते हैं जो वास्तव में आरक्षण के हकदार हैं।

कुल-मिलाकर जब तक न्यायालय के क्रीमीलेयर वाले फैसले के आधार पर जातियों के वर्गीकरण के फैसले को लागू नहीं किया जाता, तब तक अनुसूचित जाति एवं जनजाति में शामिल सभी जातियों का उत्थान संभव नहीं है। इसलिए यदि हम सभी का उत्थान चाहते हैं तो क्रीमीलेयर का प्रावधान लागू करना सामयिक एवं प्रासंगिक होगा और तभी डॉ. भीमराव अंबेडकर का वह सपना साकार हो सकेगा कि प्रत्येक वंचित व्यक्ति को बराबरी का अवसर मिले। अन्यथा जिस प्रकार उपेक्षा के कारण अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग पिछड़े रह गये उसी प्रकार इन्ही जातियों के ऐसे लोग जिन्हें आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिला वे और भी पिछड़ते जाएंगे।

वक्फ बोर्ड अधिनियम में बदलाव, कामकाज को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा

वक्फ अधिनियम 1995 के तहत स्थापित वक्फ बोर्ड, इस्लामी कानून के अनुसार धार्मिक, धर्मार्थ और पवित्र उद्देश्यों के लिए दान की गई संपत्तियों का प्रबंधन और सुरक्षा करने के लिए बनाए गए थे। हालांकि, हाल के वर्षों में, ये बोर्ड कथित तौर पर सत्ता के दुरुपयोग, पारदर्शिता की कमी और अक्षम प्रबंधन के लिए जांच के दायरे में आ गए हैं। इसने सुधार की मांग को जन्म दिया है, सरकार ने इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए वक्फ अधिनियम में महत्वपूर्ण संशोधनों का प्रस्ताव दिया है। ये संशोधन वक्फ बोर्डों के व्यापक आधार के लिए सच्चर समिति में उठाए गए लंबे समय से लंबित मुद्दों को संबोधित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं। वर्तमान वक्फ बोर्डों के साथ एक महत्वपूर्ण मुद्दा उनकी 'असीमित शक्तियाँ' हैं, जो उन्हें पर्याप्त निगरानी या सत्यापन के बिना किसी भी भूमि को वक्फ संपत्ति घोषित करने की अनुमति देती हैं। इसके कारण वक्फ बोर्डों द्वारा संपत्ति हड़पने और वक्फ अधिनियम के प्रावधानों का दुरुपयोग करने की कई शिकायतें सामने आई हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां बोर्ड ने वादी को न्यायपालिका से न्याय मांगने से रोक दिया है, जिससे कानून का शासन कमजोर हुआ है। उचित सत्यापन प्रक्रियाओं की कमी और संपत्तियों को वक्फ संपत्ति के रूप में मनमाने ढंग से घोषित करने से आम जनता और विभिन्न मुस्लिम समुदायों सहित हितधारकों के बीच असंतोष बढ़ गया है। इन चिंताओं के जवाब में, सरकार ने जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से वक्फ अधिनियम में कई संशोधन प्रस्तावित किए हैं। संशोधन महिलाओं को अनिवार्य रूप से शामिल करने सहित बेहतर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों की संरचना का पुनर्गठन करना चाहते हैं। एक महत्वपूर्ण संशोधन में वक्फ संपत्ति घोषित करने से पहले भूमि का अनिवार्य सत्यापन शामिल है। इसका उद्देश्य मनमाने और अन्यायपूर्ण घोषणाओं को रोकना है जिससे विवाद और दुरुपयोग होता है। प्रस्तावित परिवर्तनों में यह भी शामिल हैविवादित संपत्तियों की न्यायिक जांच के लिए प्रावधान ताकि वक्फ संपत्तियों के रूप में उनकी स्थिति का पता लगाया जा सके, जिससे निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, विधेयक का उद्देश्य उन विशिष्ट खंडों को निरस्त करना है जो बोर्डों को अत्यधिक शक्तियाँ प्रदान करते हैं, जिससे इन शक्तियों का दुरुपयोग करने की उनकी क्षमता पर अंकुश लगता है। ये संशोधन वक्फ बोर्डों के कामकाज को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं। सरकार ने इन सुधारों के लिए सुझाव जुटाने के लिए विभिन्न मुस्लिम बुद्धिजीवियों और संगठनों से भी परामर्श किया है। जबकि सरकार के प्रस्तावित संशोधन सही दिशा में एक कदम हैं, आगे के उपाय वक्फ बोर्डों की प्रभावशीलता को बढ़ा सकते हैं। सभी वक्फ संपत्तियों के लिए एक डिजिटलरिकॉर्ड-कीपिंगसिस्टम लागू करने से पारदर्शिता बढ़ सकती है। इन अभिलेखों तक सार्वजनिक पहुँच से अधिक जाँच और जवाबदेही की अनुमति मिलेगी। कानूनी विशेषज्ञों, सामुदायिक नेताओं और सरकारी प्रतिनिधियों वाली एक स्वतंत्र निगरानी समिति की स्थापना वक्फ बोर्डों की गतिविधियों की निगरानी कर सकती है और कानून का अनुपालन सुनिश्चित कर सकती है। वक्फ बोर्ड के सदस्यों और कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्रदान करने से कानूनी, वित्तीय और प्रशासनिक पहलुओं की उनकी समझ में सुधार हो सकता है, जिससे वक्फसंपत्तियों का बेहतर प्रबंधन हो सकता है। निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में स्थानीय समुदाय की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने से यह सुनिश्चित हो सकता है कि वक्फसंपत्तियों का प्रबंधन समुदाय की जरूरतों और आकांक्षाओं के अनुरूप हो। केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में महिलाओं को अनिवार्य रूप से शामिल करने के सरकार के प्रस्तावित प्रस्ताव के अलावा, इन भूमिकाओं में महिलाओं को सशक्त बनाने और उनका समर्थन करने के लिए विशिष्ट कार्यक्रम और पहल बनाना महत्वपूर्ण होगा। इसमें नेतृत्व प्रशिक्षण, मेंटरशिप कार्यक्रम और यह सुनिश्चित करना शामिल हो सकता है कि महिलाओं को वक्फ प्रबंधन के सभी पहलुओं में भाग लेने के समान अवसर मिलें। प्रस्तावित संशोधनों ने वक्फ बोर्डों में मुस्लिम महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करके और उनका सशक्तिकरण सुनिश्चित करके लाखों हाशिए पर पड़ी मुस्लिम महिलाओं को आवाज़ दी है। केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में महिलाओं को शामिल करना लैंगिक समानता और समावेशी निर्णय लेने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ये सुधार, महिलाओं की भागीदारी और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त उपायों के साथ मिलकर, वक्फ प्रणाली में विश्वास बहाल करने और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि यह निष्पक्ष और न्यायपूर्ण तरीके से संचालित हो, जिससे हमारे समुदाय के सभी सदस्यों को लाभ हो।

फिल्म उद्योग में महिलायें

मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं की स्थिति को जाहिर करने वाली जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट आखिर सार्वजनिक हो गई। रिपोर्ट में दी गई बातें हैरान करती हैं। पहले तो राज्य सरकार द्वारा इस रिपोर्ट को 5 वर्ष तक दबा कर रखा गया और अंततः आरटीआई के जरिए भी इसे बाहर लाने में लंबी जद्दोजहद करनी पड़ी। आखिर ऐसी गंभीर रिपोर्टों को सरकारें दबाकर क्यों रख लेती हैं? केवल मलयालम ही नहीं मुंबई व अन्य स्थानों की फिल्म इंडस्ट्रीज के हालात भी इतने ही या इससे भी बदतर हैं। दौलत और शोहरत की चकाचौंध में युवतियां अपना सब कुछ दांव पर लगाकर फिल्म इंडस्ट्रीज में घुसना चाहती हैं। इस उद्योग में शोषण तो सबका होता है, मगर काम केवल चुनिंदा युवतियों को ही मिलता है। इंडस्ट्री में स्थापित होने के बाद भी कई रूपों में उनका शोषण जारी रहता है। फिल्म उद्योग में महिलाओं का हर प्रकार का शोषण कोई नई बात नहीं है। इसमें अनेक अभिनेता, निर्देशक और निर्माताओं के साथ कभी-कभी राजनेता भी शामिल होते हैं। इस स्थिति को समाप्त करने के लिए एक व्यापक संघर्ष की जरूरत है।

-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

मंडी अध्यक्ष होने का रौब दिखाकर करोड़ों रुपए का धान खरीदी में ठगी करने वाले के विरुद्ध पांच माह के बाद भी कार्यवाही नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव का मंडी अध्यक्ष होने का रौब दिखाकर करोड़ों रुपए का धान खरीदें में ठगी करने वाले के खिलाफ शिकायत के पांच माह के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से परेशान किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन दर्शन में शिकायत किया गया है इस के साथ ही उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा खाद्य मंत्री वित्त मंत्री कृषिमंत्री से मुलाकात कर शिकायत करते हुए अपनी परेशानी से अवगत कराया साथ ही धान की राशि दिलाने के गुहार लगाएं एवं धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया गया। बीते दिनों पीड़ित किसानों ने शिकायत करते हुए बताया कि लीलाराम साहू पिता ताराचंद साहू ग्राम पचभैया जिला बेमेतरा का स्थायी निवासी है जिनके द्वारा जिला राजनांदगांव का मंडी अध्यक्ष होने की रौब दिखाकर गांव गांव में धान खरीदी हेतु एजेंट बना कर क्षेत्र के सैकडो किसानों का धान गांव में गाडी भेज कर खरीदी किया गया है तथा धान खरीदी एजेंट बनाने के लिए राजनांदगांव जिले का मंडी अध्यक्ष बनने की फोटो मोबाइल में भेज कर दिखाया गया साथ ही मंडी अध्यक्ष राजनांदगांव नेमप्लेट वाहन में दबाव बनाने के लिए गांव गांव आते रहे साथ ही धान खरीदी की शुरुवात में किसानों को राशि भुगतान कर विश्वास में ले लिया गया। उपरोक्त रौब एवं व्यवहार से क्षेत्र के किसानों को पूरा पूरा भरोसा होने पर 3000/ रुपया प्रति क्विंटल धान की खरीदी रेट साथ ही प्रति क्विंटल 100 कमीशन दिया गया जिसके बाद क्षेत्र के अधिक से अधिक किसान अपने अपने धान विक्रय कर इनके जाल में फंसते गये जिसे बाद में किसानों की पैसा देने के नाम पर आज-कल, यहां-वहां पैसा देने के नाम पर गुमराह करते रहे है यहां तक बड़े किसानों को मंडला जिला में भी बुलाकर राशि भुगतान नहीं किया गया है और अंत में किसानों के पैसा देने के नाम पर तरह तरह से बात बनाया जा रहा है जैसे कि अपना रुपये की चोरी हो जाना या ज्यादा परेशान करने पर रेल की पटरी में आत्म हत्या कर लेने की धमकी दिया जा रहा है शिकायत कर्ता में से ग्राम गोपालभेना निवासी उमाशंकर साहू को धान खरीदी हेतु किसानों को राशि भुगतान करने के नाम पर नौ लाख रुपये की चेक देकर एजेंट बनाया गया जिससे कि आवेदक उमाशंकर साहू के द्वारा क्षेत्र के करीब 65 किसानों का धान ताल कराकर विक्रय कराया गया है जिस पर 90-95 लाख रुपया बकाया है जिनके अंतिम राशि की भुगतान नहीं किये जाने पर आवेदक द्वारा चैक से नो लाख रुपया आहरण किये जाने हेतु बैंक में जमा किया गया जिससे कि उक्त चेक बाउंस हो गया।

ठग और किसानों के बीच प्रति क्विंटल तीन हजार रुपए की दर पर की खरीदी हुआ था तय

किसानों ने अपने लिखित शिकायत में बताया कि गाड़ी के नेम प्लेट पर मंडी अध्यक्ष लिखे वाहन में आकर आरोपी युवक ने शुरुआती दौर में तीन हजार रुपए प्रति क्विंटल में धान की खरीदी करने की बात कह किसानों के साथ ठगी किया गया। जिससे किसानों का करोड़ों रुपए का नुकसानी व कर्ज का ब्याज को चुकता करने में बहुत समस्याओं के अलावा वर्तमान की जरूरतों के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है साथ ही आगामी खेती के लिए खाद बीज व मजदूरी राशि की व्यवस्था करने की चिंता बढ़ा दी है। समय रहते यदि किसानों को ठगी के द्वारा खरीदी गई धान की रकम नहीं मिली तो किसानों की कमर तोड़ देगी। वहीं किसानों ने बताया की कौन किसान धान बेचेंगे जिनका जानकारी देने वाले किसान को सौ रुपए प्रति क्विंटल कमीशन दिया गया है। उसके द्वारा पूरे क्षेत्र के किसानों से घूम घूम कर धान की खरीदी कर कुछ भुगतान किया लेकिन बाकी भुगतान के नाम पर घुमाता रहा। उमाशंकर ने लगभग 65 किसानों का धान 90 से 95 लाख रुपए का होना बताया है। बताया जाता है कि तीन से चार सौ किसानों से करोड़ों की खरीदी किए जाने का उल्लेख किया है।

धान खरीदी की रकम चुकाने दिए चेक हो गये बाउंस, मुंगेली के किसानों से की धान खरीदी

शिकायतकर्ता किसानों ने थाने में ठग द्वारा दिए गए धान बिक्री की रकम अदा करने हेतु किसानों को दिए लाखों का चेक की भी सूचना दी जो बाउंस हो गया है। यही नहीं धान की खरीदी बेमेतरा जिले तक ही नहीं बल्कि पड़ोसी जिला मुंगेली सहित आसपास के गांवों में भी हुआ है।

पांच माह होने के बाद भी किसी तरह की कार्यवाही नहीं

इस संबंध में किसानों ने बताया गया है कि बीते मार्च माह में बेमेतरा जिला के नवागढ़ थाने में तथा मुंगेली जिला के मुंगेली थाने में इस संबंध में विस्तार से शिकायत करते हुए ठगी धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफकार्यवाही की मांग के संबंध में शिकायत पत्र सोपा गया था किंतु 5 महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस के द्वारा किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं किया गया है धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफमें केवल मामला दर्ज किया गया है किंतु उसके बाद उसे संबंध में कोई आगे कार्रवाई पुलिस के द्वारा नहीं किया गया है जिसके कारण किसान मानसिक एवं शारीरिक रूप से हताश हो रहे हैं बल्कि आर्थिक रूप से भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है किसानों का कहना है कि इस तरह से धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफयदि शासन के द्वारा कार्रवाई नहीं किया जाता तो आगे भी ऐसे धोखाधड़ी करने वालों के हौसले बुलंद तो होंगे ही लेकिन दुसरे तरफ़किसानों के साल भर की मेहनत का किसी तरह से कोई लाभ नहीं मिलने परिवार को चलाने में सभी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है

साय सरकार समाज को लड़ाने का काम कर रही है : अनिला भेड़िया

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस भवन में जिले के तीनो कांग्रेस विधायकों ने पत्रकारवार्ता लेकर राज्य की कानून व्यवस्था एवं भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान पूर्व महिला बाल विकास मंत्री एवं डौंडीलोहारा की विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी करना राजीनितिक षड्यंत्र है। सरकार समाज को लड़ाने का काम कर रही है। जो जैतखाम को जलाए है, ऐसे असली अपराधियों को आज तक पुलिस पकड़ नही पाई है और बिहार से आये लोगो पर झूठा मामला दर्ज किया गया। बलौदाबाजार मामले में राज्य सरकार की सूचना तंत्र फेल हो गई है। सिर्फ सतनामी समाज के लोगो को टारगेट किया जा रहा है और कांग्रेस विधायकों को भी। जिसके विरोध में 24 तारीख को धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कब किस समाज के ऊपर, कब किस विधायक के ऊपर कार्यवाही कर देंगे, नही कहा जा सकता। जिला मुख्यालय बालोद में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान बालोद विधायक संगीता सिन्हा, गुंडरदेही विधायक कुँवर सिंह निषाद, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष मिथलेश नुरेटी, जिला पंचायत सभापति धनेश्वरी सिन्हा, पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़ियाँ, कृष्णा दुबे, चंद्रेश हिरवानी, दाऊद खान, अंचल साहू, सागर साहू, सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

विपक्ष के नेताओ को कर रही परेशान– संगीता

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि बलौदाबाजार के मामले में साय सरकार अपनी नाकामी और पूरे देश में हूई बदनामी को छुपाने विपक्ष के नेताओ को परेशान कर रही है। कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट को दर्शाता है। यह विपक्ष करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि विधायक देवेंद्र यादव बलौदाबाजार में न भाषण दिए और न ही कलेक्टर ऑफिस प्रदर्शन में शामिल हुए। वे भीड़ में पांच मिनट रुक कर वापस आ गए थे। कही भी किसी हिंसक घटना में उनके संलिप्तता का कोई भी सक्ष्या नही और न वे किसी प्रकार की घटना में शामिल थे। पुलिस ने उनको गलत तरीके से गिरफ्तार किया है।

झूठे मुकदमे में फंसाकर किया गया गिरफ्तार : कुंवर

गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार चरित्र और व्यवहार 8 माह में ही अलोकतांत्रिक हो गया है। पत्रकारों को गलत तरीके फंसाने उनकी गाड़ी में गांजा रखा जाता है, विपक्ष के विधायक को झूठे मुकदमे में फंसाकर गिरफ्तार किया गया। उन्होंने आगे कहा कि बलौदाबाजार के मामले में सतनामी समाज और कांग्रेस के लोगो को चिन्हांकित करके उनको जेल में डाला गया। इस पूरे आंदोलन में भाजपा के जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े सहित अन्य भाजपा नेताओं की भूमिका की जांच हो।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

बेमेतरा। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने नगरपालिकाओं तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 सम्पन्न कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली/ पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली को तैयार करने एवं मतदान प्रक्रिया को सरलता से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जागव बोटर' जाबो कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किये गये है। कलेक्टर शर्मा नए आयोग के निर्देशानुसार श्जागव बोटर' जाबो कार्यक्रम के संचालन हेतु टेकचंद अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जिला बेमेतरा को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तथा नगरपालिकाओं एवं जनपद पंचायतों के लिए अधिकारी को नोडल अधिकारी को नियुक्त किया है।

संचालक डॉ.प्रियंका शुक्ला ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित गौ-अभयारण्य की तैयारियों का जायजा लिया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ.प्रियंका शुक्ला ने आज जिले के झालम स्थित झाल में गौ-अभयारण्य पहुँची। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित गौ-अभयारण्य के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों का जायज़ा लिया। डॉ.प्रियंका ने झाल में गौ-अभयारण्य में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपस्थित ज़िला अधिकारियों की संक्षिप्त बैठक भी ली। बैठक का उद्देश्य कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करना था। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं राजेंद्र भगत, सहित ज़िला प्रशासन के साथ पीडब्ल्यूडी, पीएचई, पशु चिकित्सा, सेवाये, हार्टिकल्चर, कृषि, पीएमजेएसवाई अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

संचालक डॉ प्रियंका शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौ-अभयारण्य में सभी तैयारियों को समय पर पूरा किया जाए, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, और स्वच्छता सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने सीईओ ज़िला पंचायत को मनरेगा में गौ-अभयारण्य और अधिक छायादार पेड़ लगाने किए बात कही। सीईओ अग्रवाल में ने विस्तार से मंच,व्यवस्था सहित हैलीपैड, प्रवेश द्वारा, प्रदर्शनी स्थल आदि की जानकारी दी। उन्होंने सही तरीक़े से कुछ स्थानों पर और बेहतर तरीक़े से समतलीकरण कराने कहा। साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था, और दर्शकों के बैठने की उचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

रेडियो श्रोताओं का 40 सदस्यीय दल ने रेडियो श्रोता दिवस मनाने किया बुलढाणा महाराष्ट्र प्रस्थान

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन इस वर्ष बुलढाणा महाराष्ट्र में आयोजित किया जा रहा 20 अगस्त 1921 को हुए प्रथम रेडियो प्रसारण की स्मृति में छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ रायपुर द्वारा 2001 में संस्कृति भवन रायपुर में किया गया था । इसे राष्ट्रीय स्तर रेडियो श्रोता सम्मेलन के रूप में प्रत्येक वर्ष अलग-अलग राज्यों में मनाया जाता है, विगत वर्ष 2023 में पटियाला पंजाब में सन्निहित रेडियो श्रोता संघ कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के सहयोग से मनाया गया । इस बार यह आयोजन बहुत ही भव्य हो रहा है जिसमें लगभग 20 राज्यों से 500 रेडियो श्रोताओं की उपस्थिति होगी । उपरोक्त जानकारी छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ के अध्यक्ष परसराम साहू 'गुरुजी' ने देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ से श्रोताओं के महाकुंभ में 40 सदस्यीय दल महाराष्ट्र जा रहे हैं जिसमें आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रों के 15 उद्घोषक भी अपनी सहभागिता प्रदान करने जा रहे हैं। विविध भारती, एवं अन्य आकाशवाणी केन्द्रों में श्रोताओं के पत्रों, ई-मेल पर आधारित कार्यक्रम जो बंद कर दिए हैं उन्हें पुनः प्रारंभ करें। इसी तारतम्य में एक पत्र प्रसारण मंत्री मान. प्रधानमंत्री एवं प्रसार भारती नई दिल्ली को सभी श्रोताओं द्वारा हस्ताक्षरित कर भेजा जाएगा। आगामी वर्ष 2025 हेतु रेडियो श्रोता दिवस सम्मेलन एवं स्थान की घोषणा भी बुलढाणा में की जाएगी।

कार्टेल हेल्थ केयर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

गत दिवस समीपस्थ ग्राम अकोला में मास्क, ग्लब्स, डिस्पोजेबल सिरिंज बनाने वाली कंपनी कार्टेल हेल्थ केयर फैक्ट्री में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। फैक्ट्री से उठने वाले धुएं का गुबार देखते देखते आसमान छूने लगा। देखते देखते स्थानीय लोगों का विशाल समूह फैक्ट्री के आस पास एकत्र हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि गगनचुंबी काले धुएं की दीवार ने फैक्ट्री को ढंक लिया था। हालांकि प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं होने की बात कही गई है । आग लगने की घटना लगभग तीन से चार बजे की है। फायर ब्रिगेड को जिसकी सूचना दी गई थी और तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया गया अग्नि शमन विभाग के छह गाड़ियों की सहायता से देर रात तक आग पर नियन्त्रण का प्रयास किया गया था। इस बीच फैक्ट्री के भीतर रखे हुए केमिकल और अन्य सामान आग की लपेट में जल कर खाक हो गए जिसका मूल्यांकन फ़िलहाल नहीं हो पाया है। घटना की जांच पूरी होने के पश्चात ही सत्यता स्पष्ट हो सकेगी।

बेटियों को पटा पटाकर बर्बाद करने की साजिश भाजपा सरकार की: अनिला

विधायक अनिला ने रायगढ़ की घटना को बताया दूसरा निर्भया कांड

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

रक्षाबंधन के दिन रायगढ़ में एक आदिवासी महिला के साथ हुए गैंगरेप की घटना पर पूर्व मंत्री और डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़ियाँ ने रायगढ़ की घटना को दूसरा निर्भया कांड बताया है। अनिला भेड़ियाँ में आरोप लगाया कि प्रदेश में लगातार बच्चियों के साथ अनाचार और बलात्कार के मामले सामने आ रहे है। भाजपा सरकार में महिलाएं और बच्चियां सुरक्षित नही है। वही अनिला ने आगे आरोप लगाते हुए कहा कि रायपुर की घटना में भाजपा नेता का पुत्र संलिप्त था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आंख, कान को बंद कर के बैठे हुए है। मुख्यमंत्री साय अपनी जुबान को सील कर के बैठ गए है। वही इस दौरान अनिला भेड़िया की जुबान फिसल गई, और उन्होंने कहा कि बेटियो को पटा पटाकर बर्बाद करने की साजिश भाजपा के मोदी और साय सरकार की है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नही बेटी पटाओ और बेटी पढ़ाओ, ये शब्द मोदी का आज सच साबित हो रहा है।

कानून व्यवस्था हुई लचर : भेड़िया

विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने के बाद कानून व्यवस्था लचर हो गई हैं। रायगढ़, रायपुर और बीजापुर में बलात्कार के मामले सामने आ रहे है। रोजाना प्रदेश ने बच्चियों के साथ अनाचार हो रहा है। भाजपा सरकार में अबोध बच्चियों के साथ अन्याय हो रहा हैं। प्रदेश की जनता सुरक्षित नही है। चाहे वह राजनीतिक व्यक्ति हो, धार्मिक व्यक्ति हो या फ़िर पढ़ने वाले बच्चे हो, या किसान हो। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री बनने पर खुशी थी, की आदिवासी क्षेत्र में आदिवासियों की भलाई के बारे में वे सोचेंगे। पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपनी जुबान को सील कर बैठ गए है।

डौंडी में भारत बंद का व्यापक असर देखने को मिला

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

डौंडी में भारत बंद का व्यापक असर देखने को मिला। सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक अनुसूचित जाति, जनजाति एवं व ओबीसी समुदाय के लोगों ने सड़क जाम कर दिया और दुकानों को बंद कराया। बंद के दौरान ब्लॉक मुख्यालय डौंडी में विशाल आक्रोश रैली निकाली गई। मथाई चौक पर लगभग 10 हजार लोगों ने प्रदर्शन किया। समाज के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार हिंसाराम नायक को सौंपा। इस बीच कार्यक्रम में पहुंची डौंडी लोहारा क्षेत्र की विधायक व पूर्व केबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया को धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में अपने लोगों के ही भारी विरोध का सामना करना पड़ा। अनिला भेड़िया द्वारा सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी पर कुछ प्रतिकूल टिप्पणी करने से आक्रोशित समाज के लोगों ने उनका जमकर विरोध किया। लोगों ने कहा कि पिछले साल सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले डौंडी विकासखंड के ग्रामीण अंचलों में व्याप्त समस्याओं तथा जिला खनिज न्यास मद से करोड़ों रुपयों के प्रशिक्षण के नाम पर किए गए भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन व चक्काजाम किया गया, तब आपने साथ नहीं दिया और आज आ गई हैं। समाज के वरिष्ठजनों ने युवाओं को समझाने का प्रयास किया। युवाओं और विधायक के बीच काफी देर तक तीखी नोकझोंक होती रही। उधर विवाद के बीच विधायक को बिना संबोधित किए मंच से वापस जाना पड़ा। कार्यक्रम में गंगाराम दर्रो जिला उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद, मिथलेश नुरूटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, मोहन हिड़को अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक डौंडी, हरमीत लेंपांडे ब्लॉक सचिव बौद्ध समाज, खोरबाहरा गौर ब्लॉक अध्यक्ष सहित अनेक पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

डेंगू मलेरिया रोकथाम के लिए पालिका क्षेत्र में दवाई का छिड़काव

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के साहू के निर्देशानुसार मच्छर एवं मच्छर जनित रोग मलेरिया, डेंगू आदि से बचाव के लिए अभियान के तहत विभिन्न वार्डों में मच्छर के लार्वा मारने दवा का छिड़काव नियमित रूप से किया जा रहा है। ,इससे मच्छर के अंडा से बने लार्वा को नाश किया जा सके है । प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश चंद्राकर के सफाई कर्मचारियों की टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 3 पटेल कॉलोनी, सी आई एस कॉलोनी, पुराना स्टेट बैंक के पीछे, एम वी टी के सामने बस्ती, वार्ड क्रमांक 25 में राधा कृष्ण मंदिर के पास, लिटिल बर्ड स्कूल के पीछे बस्ती, साहू सदन के पास, बस स्टैंड क्षेत्र एवं मेन रोड में फौवारा चौक से खंडेलवाल की दुकान तक एवं वार्ड क्रमांक 25 में सिंधी धर्मशाला के पीछे बस्ती, डॉक्टर आनंद के पीछे मोहल्ला, साप्ताहिक एवं नया सब्जी बाजार, कसाई पारा आदि क्षेत्रों में दवाई का छिड़काव कराया गया है , आगे भी नियमित रूप से जल जमाव वाले क्षेत्र मे एवं प्रतिदिन कचरा उठाने के पश्चात दवाई का छिड़काव नियमित रूप से कराया जा रहा है ताकि सफाई व्यवस्था को ज्यादा दुरुस्त किया जा सके एवं लोगों को जनित रोगों से बचाया जा सके ।

सुरक्षा गार्ड के ठेकेदार द्वारा नहीं किया जा रहा नियमों का पालन, खरान मजदूर संघ ने किया उपमहाप्रबंधक कार्यालय का घेराव

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने बताया कि राजहरा खदान समूह में चल रहे सुरक्षा गार्ड के ठेके में ठेकेदार द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा और समय से वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसी संबंध में खदान मजदूर संघ के नेता ने 19 अगस्त के दिन उपमहाप्रबंधक नगर प्रशासक राजहरा टाउनशिप कार्यालय भवन का घेराव किया और ठेकेदार द्वारा 03 माह से वेतन भुगतान नहीं करने पर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस धरना प्रदर्शन में राजहरा खदान समूह के सुरक्षा गार्ड और संघ के अन्य कार्यकर्ताओ की उपस्थिति थी सभी कार्यकर्ताओं ने राजहरा टाउनशिप कार्यालय भवन के सामने जमकर नारेबाजी की और अपना विरोध प्रदर्शन किया। संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने बताया कि ठेकेदार द्वारा लगातार ठेके की नियम शर्तो का उल्लंघन किया जा रहा है विगत 03 माह से ठेकेदार द्वारा सुरक्षा गार्डों का वेतन भुगतान नहीं किया गया है और न तो सुरक्षा गार्डों को किसी भी प्रकार की सुरक्षा सामग्री ही दी गई है भरी बरसात में ठेकेदार द्वारा सुरक्षा गार्डों को रेनकोट और गम बूट तक नहीं दिया गया है। सुरक्षा गार्डों को सीटी, टार्च, लाठी और तो और ठेकेदार को बीएसपी प्रबंधन द्वारा सभी सुरक्षा गार्ड पोस्ट पर ड्यूटी पोस्ट बनाने के लिए अलग से भुगतान किया गया है मगर ठेकेदार द्वारा आजतक एक भी ड्यूटी पोस्ट नहीं बनाया गया है जोकि बहुत ही खेदजनक है। एक बात तो स्पष्ट है कि ठेकेदार अपना कार्य ईमानदारी से नहीं कर रहा है यह तो दिखाई दे रहा है मगर ठेकेदार की निगरानी के लिए बीएसपी प्रबंधन ने जिन टाउनशिप के अधिकारियों को नियुक्त किया है वो भी अपना कार्य ईमानदारी से करतें नजर नहीं आ रहे हैं क्योंकि जब 03 माह से बीएसपी के सुरक्षा गार्डों को वेतन नहीं मिला तो आपरेटिंग आथारटी ने क्या किया है तो सिर्फ दिखावे के लिए एक चिट्ठी लिखी गई है जबकि बीएसपी प्रबंधन द्वारा नियुक्त आपरेटिंग आथारटी को एक माह तक वेतन भुगतान नहीं करने की स्थिति में डिपार्टमेंटल पेंमट करना था मगर ऐसा लगता है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा नियुक्त आपरेटिंग आथारटी भी ठेकेदार को पूरा सहयोग करने में लगा हुआ है। जिसका परिणाम है कि आज 03 माह से सुरक्षा गार्डों को वेतन भुगतान नहीं किया गया है यहां तो यही कहावत चरितार्थ होती है कि *ठेकेदार और अधिकारी मस्त और सुरक्षा गार्ड पस्त* बीएसपी प्रबंधन के लिए शर्म की बात है जहां पूरा देश रक्षाबंधन का पावन पर्व मना रहा है और रक्षाबंधन के दिन सुरक्षा गार्ड अपने वेतन के लिए आंदोलन कर रहे हैं। बीएसपी प्रबंधन की कार्यशैली यही खत्म नहीं होती है पिछले सुरक्षा गार्डों का ठेका समाप्त हुए लगभग 07 माह का समय बीत गया है मगर आज तक किसी भी सुरक्षा गार्डों का अंतिम भुगतान नहीं हुआ है और बीएसपी प्रबंधन द्वारा नियुक्त आपरेटिंग अथारटी कोई भी कार्रवाई करता नजर नहीं आ रहा है जोकि बहुत ही शर्मनाक है संघ के अध्यक्ष ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा नियुक्त आपरेटिंग आथारटी ने आजतक सुरक्षा गार्डों को परिचय पत्र नहीं बनवा कर दिया है जिससे पता ही नहीं चलता है कि कौन सुरक्षा गार्ड है और कौन आम आदमी और तो और बीएसपी प्रबंधन द्वारा नियुक्त आपरेटिंग अथारटी ने आजतक किसी भी पोस्ट पर ड्यूटी चार्ट नहीं लगाया है जिससे पता ही नही चलता है कि कौन सुरक्षा गार्ड कहां पर ड्यूटी कर रहा है ऐसी बहुत सी समस्याओं का अंबार बन गया है। सुरक्षा गार्डों का ठेका मगर बीएसपी प्रबंधन द्वारा नियुक्त आपरेटिंग आथरटी की कार्यशैली के कारण कोई सुधार होता नहीं दिख रहा है। टाउनशिप कार्यलय भवन के घेराव पर बैठे खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओ से बात करने को सर्वप्रथम राजहरा टाउनशिप के श्रम कल्याण अधिकारी पहुंचे और उनके निवेदन पर एक प्रतिनिधिमंडल डी जी एम टाउनशिप मंगेश सेलकर और ए जी एम सिविल रमेश हेड़ाऊ से मिला और उनसे चर्चा कर सारी समस्याओं का तत्काल निराकरण करने का अग्राह किया जिसपर डी जी एम टाउनशिप मंगेश सेलकर ने तत्काल ठेकेदार को फोन कर सुरक्षा गार्डों का वेतन भुगतान करने को कहा और उन्हें कहा कि आप तत्काल राजहरा आंए जिससे यूनियन के साथ बैठक कर इन सभी समस्याओं का समाधान किया जा सके, साथ ही पुराने ठेके का भी भुगतान करने की बात कही है और कहा है कि अगर ठेकेदार द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है तो ईसका भी विभागीय भुगतान किया जाएगा । संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने आगे बताया कि हमारे संघ के साथी स्वर्गीय सीताराम कोसरे सुरक्षा गार्ड की मृत्यु उपरांत उसके पुत्र को अभी तक ड्यूटी पर नहीं लिया गया है जो ठेकेदार और बीएसपी प्रबंधन की अमानवीय दृष्टिकोण को दिखाता है। इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से खदान मजदूर संघ भिलाई के मुश्ताक अहमद, प्रकाश ठाकुर, भीमसेन यादव, राजेश पाण्डेय, अर्जुन राय, रविकुमार, कौशल सहारे, जितेन्द्र कुमार, नितिन यादव एवं अन्य सुरक्षा गार्डों की उपस्थिति थी।

बिना जमीन के खसरा अभिसरण 5.17 एकड़ हो गया 6.02
जिले के राजस्व अधिकारी आंख मूंद कर दिए रजिस्ट्री, नामांतरण

पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर चांपा जिले के हाई प्रोफाइल शासकीय जमीन घोटाला लछनपुर के शासकीय धरसे को निजी लाभ के लिए बिल्डर द्वारा सरकारी आम निस्तारी धरसे की जमीन को विलोपित करके बेजा कब्जा कर लिया गया है। राजस्व विभाग ने मामले को संज्ञान में लिया और मामले की जांच करवाकर न्यायालय तहसीलदार ने स्थगन आदेश जारी कर मौका चस्पा किया बिल्डर को नोटिस जारी किया गया है। संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। आरोप है कि बिल्डर पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण सहित शासकीय धरसा में कब्जा पाया गया है। गौर करने की बात यह है की उक्त भूमि सभी खसरो सहित 5.17 एकड़ है पर जिले के राजस्व अधिकारीयो के रहमो करम से एक नया खसरा अभिशरण किया प्रतिवेदित है जिसका नक्शा बिना स्थल निरक्षण के आर आई के द्वारा बना दिए गया और नया नक्शा काटा गया जो जिससे अधिकारी के कृत्य पर सवाल उठने शुरू हो गया है जो घोर लापरवाही के श्रेणी में आता है और व मौके में भूमि 5.17 एकड़ है जिसे 6.02 एकड़ रजिस्ट्री कर नामंत्रित कर दिया। इसके बाद राजस्व विभाग ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच के लिए पटवारी को निर्देशित किया था जांच उपरांत पटवारी ने तहसीलदार को जांच प्रतिवेदन दिया जिसमें शासकीय जमीन पर सड़क का निर्माण करना प्रतिवेदित किया गया। जिसके आधार पर जवाब पेश करने न्यायालय में तलब किया है। इसके अलावा लछनपुर के सरकारी घास (धरसा) जमीन पर कई लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। लेकिन अधिकारियों के साथ साठ गांठ के कारण कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। कब्जाधारियों के चलते सरकारी जमीन खत्म हो रही है। दूसरी ओर जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस संबंध जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद्र राठौर ने बताई है कडी कार्यवाही नही होने पर आगामी लोकसभा सदन में प्रश्न उठाने एवम प्रदेश के मुखिया से इस आशय की शिकायत करने की बात कही गई हैं वही सबंधित अधिकारी ने जानकारी में बताया की फाइल तहसील कार्यालय से मंगाया गया है।

कंतेली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आज

मुंगेली। मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम कंतेली में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आमजनों की समस्याओं के निराकरण किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए कहा है।

वाटरशेड सचिव के पदों पर संविदा भर्ती हेतु सूची जारी

मुंगेली। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जलग्रहण विकास घटक 2.0 परियोजना अंतर्गत रिक्त संविदा पद पर वाटरशेड सचिव की भर्ती हेतु दावा-आपत्ति निराकरण के उपरांत सूची जारी की गई है। कृषि विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि सूची के लिए जिले के वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

नवागढ़ पुलिस द्वारा ग्राम तुलसी के स्कूल में सामुदायिक पुलिसिंग का आयोजन किया गया

हमर पुलिस हमर संग जन जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

हमर पुलिस हमर संग जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत नवागढ़ पुलिस द्वारा ग्राम तुलसी के स्कूल में सामुदायिक पुलिसिंग का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगो को सायबर क्राइम एवं ऑनलाईन ठगी से बचाव एवं सोशल मिडिया के सुरक्षित उपयोग के तरीको के बारे में दी गई जानकारी। वर्तमान समय पर बढ़ते अपराधों को दृष्टिगत् रखते हुयें लोगो को जागरूक करने के लिए विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर - चाम्पा के निर्देशन में जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लोगो को जागरूक करने के लिए हमर पुलिस हमर संग कार्यक्रम अभियान चलाया जा रहा है। अति. पुलिस अधीक्षक जांजगीर राजेन्द्र कुमार जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन में हमर पुलिस हमर संग कार्यक्रम का आयोजन निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़ द्वारा नवागढ़ क्षेत्र के अंतर्गत अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलसी में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सायबर सायबर क्राइम एवं ऑनलाईन ठगी से बचाव एवं सोशल मिडिया के सुरक्षित उपयोग तथा घरेलु हिंसा, हमर बेटी हमर मान, बाल विवाह एवं नशापान के दुष्प्रभाव के बारे में तथा शराब पीकर वाहन नही चलाने, हेलमेट पहन कर मोटर सायकल चलाने, तीन सवारी बैठकर मोटर सायकल नही चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु अपील किया गया। जिले के थाना क्षेत्र के सभी गांव में बीट सिस्टम बनाया गया है और गांव में दीवाल में पेंट से बिट अधिकारी एवम कर्मचारी तथा थाना प्रभारी का नाम मोबाइल नंबर लिखा हुआ है। यदि गांव में किसी व्यक्ति के द्वारा जुआ, सट्टा खिलाता है तो तथा अवैध शराब बिक्री करता हो या अन्य कोई असामाजिक बिक्तियो के द्वारा गलत काम करता है जिसकी सूचना देने हेतु अपील की गई। उपरोक्त कार्यक्रम का सफल संचालन में निरी. भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, निरी. सत्यकला रामटेके, उपनिरी. लालन पटेल यातायात, महिला प्रधान आरक्षक एनुका तिर्की महिला सेल का सराहनीय योगदान रहा।

संभागायुक्त ने ग्राम धरदेई में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का किया अवलोकन

महिलाओं से चर्चा कर आजीविकामूलक गतिविधियों की ली जानकारी

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

बिलासपुर संभाग के संभागायुक्त नीलम नामदेव एक्का ने पथरिया विकासखंड के ग्राम धरदेई में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) का अवलोकन किया और संचालन की प्रक्रिया व उससे होने वाली आमदनी की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में पूछा और उन्हें विभिन्नआजीविकामूलक गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने प्रोत्साहित किया। संभागायुक्त ने पीनट एंड मिक्सर इकाई, पीनट चिक्की इकाई, आर्टिफिशियल ज्वेलरी इकाई, फर्नीचर इकाई, आरओ वाटर इकाई और मिट्टी से निर्मित उत्पादन इकाई का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, डिप्टी कमिश्नर अर्चना मिश्रा, पथरिया एसडीएम बी. आर. ठाकुर, उप संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जनपद सीईओ पथरिया सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मानस मंच भोजली महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

विकासखंड लोरमी नगर के मानस मंच भोजली महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि टी आर ध्रुव रहे एवम अध्यक्षता रामजी ध्रुव ने किया एवम विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद सदस्य सुनीता ध्रुव रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत पिला चावल से तिलक लगाकर किया गया मुख्य अतिथि ने कहा छतीसगढ़ के पारंपरिक पर्व भोजली जो मित्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है. भाईचारे और सद्भावना का प्रतीक है. अच्छी वर्षा और फसल एवं सुख-समृद्धि की कामना के लिए रक्षाबंधन के दूसरे दिन भोजली पर्व मनाया जाता है. इसे कई स्थानों पर भुजरियां/ कजलियां नाम से भी जाना जाता है. यह पर्व प्रकृति प्रेम और खुशहाली से जुड़ा पर्व है. इसका प्रचलन सदियों से चला आ रहा है. इस बार यह पर्व आज यानी 20 अगस्त को मनाया जा रहा है.रक्षाबंधन के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय पर्व भोजली मनाया जाता है. खासकर गांवों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिलता है. जहां बाजे-गाजे के साथ भोजली विसर्जित होती है. मान्यता हैं कि इसका प्रचलन राजा आल्हा ऊदल के समय से है. यह पर्व अच्छी बारिश, अच्छी फसल और जीवन में सुख-समृद्धि की कामना के लिए मनाया जाता है. रक्षाबंधन के दूसरे दिन महिलाओं द्वारा इनकी पूजा-अर्चना करके इन टोकरियों को जल स्त्रोतों के लिए शोभा यात्रा के रूप में ले जाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के सांस्कृतिक करमा सुआ डंडा नृत्य प्रस्तुति दी गई एवम अतिथियों द्वारा भोजली रानी की पूजा पाठ कर देवी गंगा देवी गंगा, लहर तुरंगा हो गीत से पूजा अर्चना कर भोजली रानी को गंगा स्नान के कर के साथ मानस मंच से पैदल रैली निकालकर मनियारी नदी शिवघाट में गंगा स्नान किया गया जिसमें मुख्य रूप से दयाराम ध्रुव, रामा नेताम सूरज कोल,देवा मार्को, रूपराम ध्रुव राजेश ध्रुव, राजू ध्रुव, अरविंद ध्रुव, चंद्रू ध्रुव, कृष्णा ध्रुव, रामावतार ध्रुव,महेंद्र ध्रुव, बृषभूषण ध्रुव,जगसिंह नेटी, दूजे ध्रुव, इतवारी ध्रुव, प्रेमसिंह ध्रुव, उपेन्द्र जगत धनीराम ध्रुव, रानू मरावी, सुनंदा ध्रुव, पुष्पा, ऊषा ध्रुव दुर्गेश्वरी ध्रुव, राजेश्वरी ध्रुव, राजीम ध्रुव, प्रमिला ध्रुव, शिवकुमारी ध्रुव, सोनिया ध्रुव, बड़ी की संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

नगरीय प्रशासन मंत्री के आवास का घेराव करेंगे निकाय के अधिकारी-कर्मचारी

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव से प्रदेश स्तरीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारीयो 6 सूत्रीय मांग को लेकर मुलाकात की है, जिसमें संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, पंकज मेश्राम, प्रदेश सचिव ऋषभ ठाकुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ शिल्पा मेश्राम, प्रदेश कोषाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अनु सोनी, प्रदेश महामंत्री विकास सिंह ठाकुर, हरिशंकर पावरिया, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष माहितोस शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता ललित साहू, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य विशाल साहू आदि कर्मचारी निवास में जाकर मुलाकात की है। मुलाकात के बाद संघ के सदस्यों ने बताया कि विभागीय मंत्री अरुण साव से चर्चा सकारात्मक हुई है। जल्द ही कर्मचारी हित में निर्णय लिए लेने की बात कही गई है। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ नगरीय निकाय के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा कि अगर हमारी मांगों पर आगामी 25 अगस्त 2024 तक कर्मचारी हित में निर्णय नहीं लिया जाता तो संघ द्वारा आगामी 27 अगस्त 2024 को अरुण साव उपमुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री नगरीय प्रशासन के निवास का घेराव किया जाएगा।

जिले में 21 अगस्त को भारत बंद का रहा मिला-जुला असर

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

अनुसूचित जाति जनजाति समाज द्वारा 21 अगस्त को बुलाए गए भारत बंद का शक्ति जिले में मिला-जुला असर देखा गया, शक्ति शहर में जहां व्यापारियों ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 से 3:00 तक दुकान बंद रखी, तो वहीं निजी स्कूलों में स्कूल संचालकों ने भारत बंद को देखते हुए पूर्व में ही छुट्टियां घोषित कर दी थी, तथा बाराद्वार शहर में भी देखा जाए तो भारत बंद का मिला-जुला असर रहा एवं कुछ दुकानें खुली रही तो कुछ बंद रही जब बाराद्वार शहर में आयोजको की रैली ने प्रवेश किया, तो उस समय लोगों ने अपनी दुकान बंद कर दी थी,बाराद्वार शहर में भारत बंद को लेकर नगर पंचायत बाराद्वार के अध्यक्ष विजय सूर्यवंशी, भाजपा नेता ओमप्रकाश कुर्रे, भाजपा जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉक्टर धिरेंद्र कुमार खूंटे, विजय लहरे, प्रदीप बंजारे, देव कुमार भारद्वाज, पूर्व जनपद पंचायत सदस्य बंशीधर खानडे सहित अनेको सामाजिक कार्यकर्ता शहर में बंद करवाने निकले तो वहीं भारत बंद को लेकर अनुसूचित जाति जनजाति समाज ने रैली का भी आयोजन किया,जो कि शक्ति जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए शक्ति, बाराद्वार शहर में प्रवेश की, तथा शक्ति शहर के अग्रसेन चौक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति को ज्ञापन सौपा गया तथा शक्ति शहर में भी व्यापारियों ने 20 अगस्त को हुई बैठक में ही दोपहर 12:00 से 3:00 बजे तक बंद करने पर अपनी सहमति प्रदान की थी तथा व्यापारियों ने यह बात भी कह दी थी कि प्रदेश स्तर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स ने इस बंद में सहयोग करने के लिए अपनी असमर्थता जता दी है।

विकलांग शल्य शिविर में 21 अगस्त को 17 दिव्यांग जनों का खोला गया टांका

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

रोटरी क्लब आफ बिलासपुर एवं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के संयुक्त तत्वाधान में बिलासपुर के जिला चिकित्सालय में 13 अगस्त 2024 को आयोजित विकलांग शल्य शिविर में 17 दिव्यांग जनों की शल्य क्रिया की गई थी, तथा इन दिव्यांग जनों का 21 अगस्त को विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में टांका खोला गया एवं सभी दिव्यांग जनों का कैलीपर्स का भी नाप लिया गया एवं टांका खोलने के बाद पुनः प्लास्टर लगाकर उन्हें आवश्यक दवाइयां देकर उन्हें घर की ओर रवाना किया गया,साथ ही 13 अक्टूबर 2024 को उपरोक्त सभी दिव्यांग जनों को फिर से बुलाया गया है ताकि इनका संपूर्ण प्लास्टर हटाया जा सके एवं सभी दिव्यांग जनों को आगामी एक माह के लिए आवश्यक दवाइयां भी दी गई। इस दौरान प्रमुख रूप से जहां डॉक्टर अजय पंड्या सहित पैरामेडिकल स्टाफ में दुर्गा यादव, बग्गू टंडन, महेश पटेल,भोला पाल,प्रसन्ना डोंगरे सहित जिला अस्पताल बिलासपुर के पैरामेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा, तो वहीं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद की ओर से राष्ट्रीय महामंत्री मदन मोहन अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री डीपी गुप्ता, मुरारी लाल परमार, आर गेंदले सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे एवं परिषद के सभी सदस्यों ने दिव्यांग जनों को कहा कि आप सभी चिकित्सकों द्वारा बताए गए एवं उनके द्वारा दिए गए परामर्श के अनुसार सावधानियां रखें एवं दवाइयो को समय पर लें तथा अगली तारीख में आप सभी जरूर से जरूर पहुंचे, ताकि शल्य क्रिया से संबंधित समस्त जानकारी प्राप्त की जा सके वहीं दिव्यांग जनों में भी इस शल्य क्रिया के बाद काफी प्रसन्नता देखी गई तथा उनके चेहरे पर मुस्कान थी एवं उन्होंने कहा कि अब वे ऑपरेशन के बाद स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर चल सकेंगे इसके लिए भी पूरी आयोजन समिति का साधुवाद ज्ञापित करते हैं।

महिला जागृति शाखा शक्ति के पदाधिकारी पहुंचे चंद्रपुर की प्रांतीय बैठक में

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

आदिशक्ति मां चंद्रहासिनी देवी की पावन नगरी चंद्रपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में महिला जागृति शाखा शक्ति के पदाधिकारी-सदस्यों ने भी सहभागीता की है, तथा शक्ति शाखा की पूर्व अध्यक्ष रीना नरेश गेवाडीन, शक्ति शाखा अध्यक्ष उषा आनंद अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष गुड्डी देवी अग्रवाल एवं पूर्व सचिव रितु पवन अग्रवाल इस जरीकरिणी की बैठक में शामिल हुए हैं, तथा चंद्रपुर में आयोजित इस बैठक में जहां महिला जागृति शाखा शक्ति के पदाधिकारीयो का आतिथ्य शाखा द्वारा आत्मीय स्वागत भी किया गया, तो वहीं महिला जागृति शक्ति शाखा के पदाधिकारीयो ने बताया कि चंद्रपुर में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश से मंच के सभी सदस्य पहुंचे हुए हैं, तथा सदस्यों में उत्साह देखा जा रहा है, एवं महिला जागृति शाखा शक्ति के सदस्यों ने मां चंद्रहासिनी देवी के मंदिर में जाकर मत्था भी टेका, तथा क्षेत्र की सुख, शांति, खुशहाली की कामना भी की, ज्ञात हो की शक्ति की मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा विगत लगभग 25 वर्षों से एक सक्रिय शाखा के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाए हुए हैं तथा 22 अगस्त की प्रदेश कार्यकारिणी के बैठक में भी महिला जागृति शाखा शक्ति को विशेष रूप से बैठक में आमंत्रित किया गया है, एवं इस बैठक में शामिल होने के बाद पदाधिकारी- सदस्यों ने मंच के वरिष्ठ पदाधिकारीयो से भी मुलाकात की, तथा बैठक के सुंदर आयोजन के लिए चंद्रपुर के सदस्यों का भी धन्यवाद व्यापित किया।

साइबर ठगी मामले में रायगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता

75 लाख की ठगी करने वाले 14 आरोपी पकडाये, इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की डीलरशिप के नाम पर की थी ठगी

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

साइबर ठगी के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए रायगढ़ पुलिस ने 75 लाख की साइबर ठगी के मामले में 14 आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में मोबाईल फोन, एटीएम, बैंक पासबुक के अलावा नदगी रकम बरामद किया है। आरोपियों के द्वारा इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की डीलरशिप के नाम हुई थी ठगी की घटना को अंजाम दिया था।

मिली जानकारी के मुताबिक खरसिया थाना क्षेत्र में एक बड़े साइबर ठगी मामले का पर्दाफाश करते हुए रायगढ़ पुलिस ने 75 लाख रुपये की धोखाधड़ी में संलिप्त एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह के 14 सदस्यों को बिहार की राजधानी पटना के अलावा अलग- जिलों से गिरफ्तार किया है। रायगढ़ पुलिस ने आरोपियों के पास से ठगी के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले 40 मोबाइल, 49 एटीएम, बैंक पासबुक और नकदी रूपये बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में एक पोस्टमैन सहित एक युवती भी शामिल थी। आरोपियों के द्वारा इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की डीलरशिप के नाम खरसिया के एक व्यवसायी से ठगी की घटना को अंजाम दिया गया था।

फेसबुक में विज्ञापन देखा था पीड़ित-रायगढ़ एसपी दिव्यांग पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में संपूर्ण घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पीड़ित व्यवसायी ने करीब डेढ से दो माह पहले इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की डीलरशिप के लिए फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा और दिए गए नंबर पर संपर्क किया।

खरसिया थाने में दर्ज हुआ था अपराध-कॉलर ने खुद को कंपनी का प्राधिकृत कर्मचारी बताया और धीरे-धीरे पीड़ित से विभिन्न शुल्कों के नाम पर 75 लाख रुपये ठग लिए। जब डीलरशिप नहीं मिली और आरोपियों ने और पैसे की मांग की, तब व्यवसायी को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने खरसिया थाना में शिकायत दर्ज कराई। थाना खरसिया में अज्ञात मोबाइल धारकों के विरूद्ध धारा 318, 61(2)(ए) पंजीबद्ध किया गया।

साप्ताह भर तक चला आपरेशन-पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। घटना के 24 घंटे के अंदर इस 9 सदस्यीय टीम ने बिहार में कई स्थानों पर छापेमारी की और एक हफ्ते चले इस लंबे ऑपरेशन में बैंक खातों की जांच, मोबाइल नंबरों के विश्लेषण और बैंक सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

सुप्रीम कोर्ट के दिये गये फैसले के विरोध में भारत बंद का असर नगर में भी देखने को मिला

मुंगेली। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये फैसले के विरोध में भारत बंद का असर नगर में भी देखने को मिला । आवश्यक सेवाओं को छोडकर सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठाने दोपहर दो बजे तक बंद रही, और बंद को सर्मथन दिया। सतनाम भवन से रैली निकाल कर मुगेली भ्रमण करते हुए सीटीकोतवाली थाना के पास पहुच कर तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। गौरतलब हो कि छ्त्तीसगढ सतनाम महासंघ, भीम रेजिमेंट मुंगेली एवं अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा समस्त एस सी, एटी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 21 अगस्त को भारत बंद के आवहन किया था। जिसका असर नगर मे भी देखने को मिला,, चेम्बर आफकार्मस मुंगेली ने भी इस बंद को समर्थन प्रदान किया था । जिसके चलते नगर सहित आस पास के सभी व्यापारियों ने अपनी दुकाने बंद रखी,, वही सुरक्षा के लिहाज से कई स्कूलों मे भी बच्चो को छुट्टी दे दी गई,, इस पुरे मामले पर छ्त्तीसगढ सतनाम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास खण्डेकर ने बताया कि हम सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये कैटेगरी में क्रीमीलेयर का विरोध करते है,, इस बंद मे आवश्यक सेवाओं को छुट दी गई है,, जिसके चलते पेट्रोल पम्प, मेडिकल स्टोर, अस्पताल खुले रहे । वही बसपा नेता समारू भास्कर ने कहा कि कैटेगरी में क्रीमीलेयर का विरोध करते है।

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत जिले के विधायकों के अलावा कलेक्टर, एसपी सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने किया पौध रोपण

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के पहल पर पर्यावरण पार्क में आयोजित किया गया वृक्षारोपण अभियान

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के पर्यावरण पार्क में आयोजित समारोह में जिले के विधायकों, वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ कलेक्टर, एसपी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने पौध रोपण किया। इस अवसर पर डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिला भेड़िया, गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, राकेश यादव, केसी पवार, जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावटे, कृतिका साहू एवं चन्द्रप्रभा सुधाकर, जनपद अध्यक्ष हेमलता साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौध रोपण कर सघन वृक्षारोपण अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। उल्लेखनीय है कि 5 जून को आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण के संरक्षण सुनिश्चित करने हेतु 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरूआत की गई थी। इसी क्रम में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गुरुवार की सुबह असोला भट्ठी, वाईल्ड लाईफ सेंचूरी, तुगलकाबाद नई दिल्ली में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इसके तहत ही राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा जिला मुख्यालय बालोद के पर्यावरण पार्क में सघन वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।

हमारे आने वाले भविष्य के लिए इस महत्वपूर्ण अभियान का दूरगामी असर होगा : कलेक्टर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा पेड़ लगाने का पूनीत कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने वनो के अंधाधुन कटाई एवं प्राकृतिक संसाधनों के विदोहन के फलस्वरूप उत्पन्न स्थिति पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उसका समुचित देखभाल करने के भी अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा वनों की सुरक्षा एवं पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से हमारे आने वाले भविष्य के लिए इस महत्वपूर्ण अभियान का दूरगामी असर होगा। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बालोद जिले में सघन वृक्षारोपण अभियान चलाकर जिले को हरा-भरा एवं खुशहाल बनाए रखने में जिलेवासियों से सहयोग करने की अपील भी की। उन्होंने जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

पुनीत कार्य में सभी निभाएं अपनी सहभागिता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा मानव जीवन एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत देशवासियों से पौधरोपण कर उनके सुरक्षा की उपाय सुनिश्चित करने की अपील की गई है। इस अवसर पर उन्होंने पेड़-पौधों के लगातार कटाई के फ्लस्वरूप हो रहे दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने आम नागरिकों से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण एवं उसकी सुरक्षा सुनिश्चित कर पर्यावरण सुरक्षा के पूनीत कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाने को कहा। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने जिला प्रशासन एवं वन विभाग की टीम को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान के सफ्ल कार्यक्रम के आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए अधिक से अधिक पौध रोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए उप वनमण्डलाधिकारी डिम्पी बैस ने आयोजित वृक्षारोपण अभियान के उद्देश्यों के संबंध में प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थिति के लिए जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, एसडीओ फॉरेस्ट जीवनलाल सिन्हा, पार्षद कमलेश सोनी, महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अमित चोपड़ा सहित संतोष कौशिक, रवि पाण्डे, महेश पाठक, नरेन्द्र सोनवानी, पंकज आहुजा, जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने पौध रोपण कर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

क्षितिज अपार संभावनाए अंतर्गत दिव्यांग छात्रों को उच्च शिक्षा प्रोत्साहन राशि प्रदाय योजना

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

आर्थिक आभाव एवं दिव्यांगता के कारण मेधावी दिव्यांग बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो जाते है, जिन्हें संबल प्रदान करने के लिए माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वांले दिव्यांग विद्यार्थियों एवं तकनीकी एवं उच्च शिक्षा में अध्ययनरत नियमित दिव्यांग छात्रों को प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया जाना है। आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, यू.डी.आई.डी. कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र, 01 पासपोर्ट साई फेटो, नियमित अध्ययनरत् होने संबंधी महाविद्यालय से जारी प्रमाण-पत्र संलग्न कर संयुक्त संचालक, उप-संचालक जिला कार्यालय, समाज कल्याण को आवेदन करना होगा। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अभिलाषा पंडा ने बताया कि योजनांतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। इसके साथ ही दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक, जिला अंतर्गत माध्मिक, उच्चतर माध्मिक परीक्षा में निःशक्तजनों की श्रेणी में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया हो अथवा आई.टी आई, पोलिटेक्निक, स्नातक एवं स्नातकोत्तर (कला,वाणिज्य एवं विज्ञान) में नियमित विद्यार्थी हो। चिकित्सा, तकनीकी, व्यवसायिक शिक्षा में स्नातक एवं स्नातकोत्तर अध्ययनरत नियमित विद्यार्थी एवं नियमित पी.एच.डी. उपाधि के लिए पंजीकृत व कार्यरत नियमित शोद्यार्थी भी आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिले में माध्यमिक परीक्षा (दसवीं) में सर्वाधिक अंक पाने वाले दिव्यांग छात्र तथा छात्रा को राशि रूपये 2000 रूपए एकमुश्त, जिले में उच्चतर माध्यमिक परीक्षा (बारहवीं) में सर्वाधिक अंक पाने वांले दिव्यांग छात्र तथा छात्रा को राशिरूपए एकमुश्त, आई.टी आई, पोलिटेक्निक, स्नातक एवं स्नातकोत्तर (कला,वाणिज्य एवं विज्ञान) पर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को राशि 6000 रूपए प्रतिवर्ष प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर रग्बी एसोसिएशन एवं जन सामर्थ्य कल्याण समिति द्वारा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर रग्बी एसोसिएशन एवं जन सामर्थ्य कल्याण समिति जो दिव्यांग एवं आपेक्षित वर्गो हेतु प्रशिक्षण व रोजगार का कार्य करती है जिनके द्वारा दो दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय व्हीलचेयर रग्बी चयन शिविर व कार्यशाला का आयोजन पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित शारीरिक शिक्षा विभाग के मल्टीपरपज हाल में आज शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अथिति वीरेन्द्र सिंह तोमर जी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ,करणी सेना), सहयोग अथिति विकास चौरसिया (नेशनल डेवलपमेंट मैनेजर) की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुवात हुई। दो दिवसीय आयोजित कार्यशाला में चयनित खिलाड़ी 6वें राष्ट्रीय व्हीलचेयर प्रतियोगिता जो 1 और 2 अक्टूबर को ग्वालियर, मध्यप्रदेश में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में 40 से अधिक दिव्यांग जनो ने छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा दिव्यांग खिलाड़ियों को टी शर्ट प्रदाय कर कार्यशाला का शुरूआत किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर रग्बी संगठन के अध्यक्ष राकेश सिंह ठाकुर कोच शिवेंद्र यादव भी सम्मिलित हुए कार्यक्रम का संचालन सोमराज साहू द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा दिव्यांग जनों को आगे बढ़ाने खेलों में उनकी सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया गया भविष्य में इस तरह की आयोजन हेतु संगठन को प्रेरित किया गया एवं सफ्ल आयोजन हेतु बधाई भी दिया गया।

वनवासियों की सेवा में तत्पर रहती है विधायक भावना : दीपा धुर्वे

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंडरिया विधानसभा विधायक भावना बोहरा वनवासियों के सुख दुख में हमेशा खड़ी रहती है और अपने परिवार की तरह सहयोग करती रहती हैं। वनांचल क्षेत्र के वनवासियों के स्वास्थ्य के लिए निःशुल्क चिकित्सा उपल्ब्ध कराने के उद्देश से एंबुलेंस सेवा भी शुरू कर दिया है। लोगो की मांग और आवश्यकता के अनुसार विकाश कार्य भी स्वीकृति करा रही है। कुकदुर मंडल मुख्यालय में विधायक कार्यालय खुलने वनवासियों को जिला और ब्लॉक मुख्यालय का चक्कर काटना भी नही पड़ता है। उक्त बाते भारतीय जनता पार्टी कुकदुर मंडल अध्यक्ष दीपा पप्पू धुर्वे (महिला मोर्चा) ने कही।

वादा निभाया भावना बोहरा

पंडरिया विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी घोषित होते ही भावना बोहरा ने लोगो की असुविधा को दूर करने के लिए सभी भाजपा मंडल में कार्यालय घोषणा किया था। चुनाव जीतने के बाद वनवासियों की पीड़ा को दूर करने के लिए कुकदुर मुख्यालय में सेवा संस्थान की शुरुआत किया है। इसके पहले छोटी से छोटी समस्याओं के लिए वनवासियों को पंडरिया मुख्यालय तथा जिला मुख्यालय कवर्धा जाना पड़ता है लेकिन अब लोगो की समस्या का समाधान भावना सेवा संस्थान कार्यालय के माध्यम से हो जाता है जिससे वनवासियों की समय और पैसा दोनो की बचत हो जाता है। जिसको लेकर वनांचल के लोगो में काफी खुशी है।

विकाश में कोई कसर नहीं

वनंचल क्षेत्र का मुख्यालय कुई है जहां पर वर्षो से लोगो की मांग था कि कुई का विकास हो लेकिन कुई विकास की बाट जोह रहा था लेकिन कोई सुध लेने वाला नही था बल्कि भोले भाले क्षेत्र होने के कारण विकाश के नाम पर शोषण ही किया करते थे। विधायक भावना बोहरा ने लोगो की मांग के अनुरूप केवल कुई में ही एक माह में ही एक करोड़ से अधिक राशि से विकास कार्य का भूमिपूजन कर सभी निर्माण प्रारंभ करा दिया जिससे लोगो में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

वनवासियों के दुख की घड़ी में खड़ी हुई विधायक भावना

मंडल अध्यक्ष दीपा पप्पू धुर्वे ने बताया कि बाहपानी के पास दिल दहलाने वाली भीषण सड़क हादसा हुआ जिसमे उन्नीस लोगो की मौत हुई। पूरे प्रदेश में शोक की लहर उमड़ पड़ा। जानकारी मिलते ही विधायक भावना बोहरा ने पहुंचकर हर संभव मदद करते हुए मृतक के बच्चो को गोद लेते हुए उनकी पढ़ाई लिखाई सहित उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए मदद करते हुए दिखाई दे रहा है साथ ही नागाडबरा में अग्निदुर्घना में मृत हुए बैगा समुदाय को भी सहयोग किया है। कुई कुकदुर क्षेत्र के लोगो ने भावना बोहरा के द्वारा किया गया सहयोग से काफी गदगद दिखाई देने लगे हैं।

भावना के लोकप्रियता को नही पचा पा रहे कांग्रेसी

भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपा पप्पू धुर्वे (महिला मोर्चा) ने बताया कि भावना बोहरा वनवासियों के शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की दिशा में जो कार्य कर रही है जिससे उसकी लोकप्रियता बढ़ रही है जिसको कांग्रेसी नेताओं और विचार धारा के लोग पचा नहीं पा रहे हैं और अनावश्यक बयान बाजी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। सोसल मीडिया पर वायरल भी कर रहे हैं जिससे अपनी घृणित मानसिकता को प्रगट कर रहे हैं।

ओप्पो इंडिया ने नया F27 5G लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

ओप्पो इंडिया ने एफ27 5जी लॉन्च किया है। इस स्मार्टफोन में ओप्पो की नई हैलो लाईट है, स्मार्टफोन के रियर में एलईडी का एक घेरा, जो संगीत के साथ जगमगाता है। साथ ही इसमें एडवांस्ड एआई कैमरा फीचर्स भी हैं, जिनकी मदद से आप पार्टी की बेहतरीन तस्वीरें लेकर उन्हें अपने दोस्तों के साथ साझा कर सकते हैं और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सकते हैं। ओप्पो एफ27 5जी दो रंगों अंबर ऑरेंज और एमराल्ड ग्रीन में मिलेगा। इसके 128जीबी वैरिएंट का मूल्य 22,999 रुपये और 256जीबी वैरिएंट का मूल्य 24,999 रुपये होगा। ओप्पो एफ27 5जी में कैमरा मॉड्यूल के चारों ओर ओप्पो एफ27 5जी प्रो का अपग्रेडेड कॉस्मोस रिंग डिज़ाईन है, जो डायनामिक हैलो लाईट के साथ आता है, जो पार्टी का माहौल बनाने के लिए संगीत के साथ जगमगाता है। इस हैलो लाईट को कॉन्फिगर किया जा सकता है ताकि यह डेस्क पर फोन उल्टा रखे होने पर चुपचाप मैसेज और अपडेट्स का नोटिफिकेशन दे सके।

सन नियो के कलाकार बृंदा दहल, सिद्धि शर्मा और नीलू वाघेला ने साझा की रक्षाबंधन से जुड़ी यादें

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रक्षाबंधन के मौके पर सन नियो की कलाकार बृंदा दहल, सिद्धि शर्मा और नीलू वाघेला ने रक्षाबंधन के दिन से जुड़ी अपनी योजनाओं के बारे बताया। इस खास त्यौहार को लेकर ये प्रतिभाशाली कलाकार अपनी उत्सुकता और व्यक्तिगत परंपराओं को साझा कर रही हैं। ये सितारे अपने भाइयों और बहनों के साथ इस प्यार भरे बंधन को साझा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, फिर चाहे वे सेट पर हों या घर पर। राखी बाँधने से लेकर बचपन की यादों को ताज़ा करने तक, इन कलाकरों ने बताया कि कैसे उन्होंने अपने व्यस्त शेड्यूल के बावजूद इस दिन को यादगार बनाया। सन नियो के शो 'छठी मैया की बिटिया' में वैष्णवी का किरदार निभाने वाली बृंदा दहल ने कहा, रक्षाबंधन मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मुझे मेरे छोटे भाई की कलाई पर राखी बाँधना बहुत पसंद है। वह अभी सिर्फ 5 साल का है। इस साल मैं उसके साथ यह त्यौहार नहीं मना पाऊँगी, क्योंकि वह नेपाल में है और मैं भारत में 'छठी मैया की बिटिया' शो की शूटिंग कर रही हूँ। हालांकि, 'छठी मैया की बिटिया' के सेट पर मेरे भाई की भूमिका निभाने वाला किरदार शैशव और मुझे देखकर लोग अक्सर कहते हैं कि हम असली भाई-बहन की तरह दिखते हैं। शैशव को देखकर मुझे अपने भाई की बहुत याद आती है। इस साल हम सभी कलाकार सेट पर मिलकर रक्षाबंधन मनाएँगे।

नगर का विकास,जन समस्या का निराकरण पहली प्राथमिकता : प्रखर

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली नगर क्षेत्र में संगम सेवा समिति द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान में वार्डवासीओ का अपार जन समर्थन प्राप्त हो रहा है उक्त जनसंपर्क अभियान में समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल द्वारा जनता से मिल कर उनकी समस्या को सुना एवं समझा जा रहा है आम जनता भी अपनी समस्या के निवारण के लिए सभा में पहुँच कर अग्रवाल को अपनी समस्या की जानकारी से अवगत करा रही है एवं जनता स्वयं आश्वस्त कर रही की भविष्य में किसी भी सामाजिक हित के कार्य के लिए जनसमर्थन एवं जनता का सहयोग उनके साथ है।

भा.प्र.सं. रायपुर 8वां लीडरशिप समिट 2024 की मेजबानी करेगा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर (भा.प्र.सं. रायपुर) अपने 8वें लीडरशिप समिट का आयोजन करने जा रहा है। यह एक प्रतिष्ठित दो दिवसीय आयोजन है जिसमें विभिन्न उद्योगों के प्रमुख कॉर्पोरेट नेता और विशेषज्ञ भाग लेंगे। यह समिट 24 और 25 अगस्त को रायपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा मुख्य वक्तव्य दिए जाएंगे, जिनमें मुख्य अतिथि के रूप में रुपेश संघवी, एर्गोडे के संस्थापक और सीईओ, और सम्मानित अतिथि के रूप में कमोलिका गुप्ता पेरेस, पूर्व समूह उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इंडिया/साउथ एशिया, सर्विसनाउ शामिल हैं। इस वर्ष के समिट की थीम, व्यवसाय स्वामी बनाना, का उद्देश्य उभरते हुए नेताओं को आज के गतिशील व्यावसायिक वातावरण में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक उपकरणों और रणनीतियों से लैस करना है। इस थीम के माध्यम से, समिट रणनीतिक सोच, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, और नैतिक निर्णय लेने पर जोर देते हुए ऐसे नेताओं को विकसित करना चाहता है जो नवाचार को बढ़ावा दें और स्थायी, समावेशी प्रथाओं को आगे बढ़ाएं। 32 प्रतिष्ठित वक्ताओं में से कुछ पैनलिस्ट, जो विभिन्न उद्योगों से हैं, प्रोफेसर राम कुमार काकानी, निदेशक, भा.प्र.सं. रायपुर ने कहा, हम विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों की गहरी समझ रखने वाले उद्योग विशेषज्ञों की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं। विभिन्न उद्योगों से आए ये कॉर्पोरेट अग्रदूत अपने मूल्यवान अनुभवों और दृष्टिकोणों को साझा करेंगे, जिससे हमारे छात्रों को उनके संबंधित क्षेत्रों की जटिलताओं की एक झलक मिलेगी। 8वां लीडरशिप समिट 2024 ज्ञानवर्धक चर्चाओं और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करेगा। यह आयोजन हमारे भावी प्रबंधकों को विशेषज्ञता के समृद्ध भंडार से रूबरू कराएगा और विविध विषयों पर गहन चर्चाओं को प्रोत्साहित करेगा।

कार्यालय उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता रायपुर संभाग, रायपुर (छ.ग.)

// निविदा //

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 755 रायपुर, दिनांक 14/8/2024

आबकारी विभाग की नवनिर्मित भवन छोकरा नाला लाभाण्डी, जिला रायपुर के राज्य स्तरीय उड़नदस्ता/संभागीय उड़नदस्ता रायपुर संभाग, रायपुर/रासायनिक प्रयोगशाला भवन के हाउस कीपिंग/साफ-सफाई कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के आवेदन पत्र एवं शर्तों की प्रति कार्यालयीन समय में कार्यालय संभागीय उड़नदस्ता, रायपुर संभाग छोकरानाला रायपुर से प्राप्त कर सकते हैं। निविदा का आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30.08.2024 को दोपहर 3.00 बजे तक है तथा प्राप्त निविदाएं उसी दिन समय 4.00 बजे शाम को कार्यालय उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता रायपुर में अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेंगे।

उपायुक्त आबकारी
संभागीय उड़नदस्ता रायपुर संभाग
रायपुर (छ.ग.)

जी-242501909/2

क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो शुक्रवार से, तैयारियां हुई पूरी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भरोसा आपका साथ है, क्योंकि ये घर की बात है, इसी भरोसे के साथ राजधानी सहित पूरे प्रदेश के लोगों का इंतजार होने वाला है खत्म जब 23 अगस्त शुक्रवार को क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो की शुरुआत होगी। 23 से 25 अगस्त तीन दिन तक चलने वाले प्रापर्टी एक्सपो की सारी तैयारियां व्यवस्थित रूप से पूरी हो गई है। छत्तीसगढ़ क्रेडाई की पूरी टीम ने इंडोर स्टेडियम पहुंचकर निरीक्षण किया और इस बात पर खुशी जताई कि लोगों को इस बार और नए अंदाज में दिखेगा प्रापर्टी एक्सपो। 40 डेवलपर्स अपने 200 प्रोजेक्ट के साथ मौजूद रहेगे। फाइनेंस से लेकर हर प्रोजेक्ट की वैधानिकता व हर लोकेशन पर हर बजट का प्रोजेक्ट पाने का यह सुनहरा अवसर नए-पुराने सभी बायर्स के लिए फायदेमंद होगा। क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय रहेजा, प्रोग्राम चेयरमेन ऋषभ जैन, को-चेयरमेन नवनीत अग्रवाल व सचिव पंकज लाहोटी ने बताया कि प्रापर्टी एक्सपो में आकर लोगों को विकल्प चयन का अवसर मिलना सबसे बड़ी बात है। इसलिए कि हर किसी का बजट अलग होता है, किसी को लोकेशन विशेष पर प्रापर्टी चाहिए रहता है। एक ही जगह पर क्रेडाई के सारे मेंबर्स बिल्डर्स इसमें भाग ले रहे हैं इसलिए किसी और जगह जाने की उन्हे जरूरत नहीं पड़ती।

Z111 दुनिया का पहला पार्शियली-स्टैक्ड सेंसर के साथ निकॉन, बेहतरीन फीचर्स के साथ जेड-9 और जेड-8 की विरासत को आगे बढ़ाएगा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

निकॉन कॉरपोरेशन की शत प्रतिशत सहायिका कंपनी, निकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अपना बहु प्रतीक्षित मॉडल Z111 निकॉन दर्शाया। निकॉन इंडिया वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की कला को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए तैयार किए गए अपने फुल-फ्रेम मिरर लेस कैमरा पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। जेड9 और जेड8 मॉडल्स से आरएडब्ल्यू और एन-लॉग वीडियोज एवं एक्सपीड 7 प्रोसेसर जैसे फीचर्स को शामिल करते हुए यह नया कैमरा बेहतरीन परफॉर्मेंस देगा। Z111 को दुनिया के पहले पार्शियली-स्टैक्ड सीएमओएस सेंसर 1 और सुपीरियर ऑटो फोकस क्षमता के साथ विकसित किया गया है, जिससे यह कैमरा अद्वितीय परफॉर्मेंस और आउट परफॉर्म के लिए तैयार है। निकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर सज्जन कुमार के अनुसार हम को प्रदर्शित करते हुए रोमांचित अनुभव कर रहे हैं। यह हाई-परफॉर्मेंस फुल फ्रेम मिड सेगमेंट कैमरा है, जिसमें लोकप्रिय जेड8 और जेड9 मॉडल्स की खूबियों की विरासत को आगे बढ़ाया गया है। अपने शानदार फीचर्स और परफॉर्मेंस के साथ '6द्यद्यद्य प्रोफेशनल्स एवं उत्साही लोगों के लिए वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए तैयार है।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

क्रमांक/169/अ.कले./रीडर/2024
बलौदाबाजार दिनांक 24.07.2024

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दीपक कुमार बारले पिता रामजी बारले निवासी पाडादांह तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) एवं आवेदिका श्रीमती सरस्वती बंजारे (ध.प. श्री दीपक कुमार बारले) पिता श्री दानेश्वर बंजारे (आवेदिका के विवाह के पूर्व का पता- ग्राम खम्हरिया तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अध्याय तीन की सारा 15 में वर्णित अन्य रूपों में अनुष्ठापित विवाह का रजिस्ट्रीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश कर बताया है कि उन दोनों का परस्पर विवाह दिनांक 14.04.2024 को स्थान- ग्राम खम्हरिया तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में संपन्न हुआ है।

प्रस्तावित विवाह रजिस्ट्रीकरण के विरूध्द आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति / संस्था इस संबंध में दिनांक 23 अगस्त 2024 समय पूर्वान्ह 12.00 बजे के पूर्व हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जायेगा।

आज दिनांक 24 जुलाई 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया ।

रजिस्ट्रार
हिन्दू विवाह
बलौदाबाजार-भाटापारा

न्यायालय तहसीलदार खरोरा, जिला रायपुर (छ0ग0)

क्रमांक 1503/ वा/तह0/2024
खरोरा, दिनांक:- 01/08/2024

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक केशरी सिन्हा पिता श्री अनुप सिन्हा निवासी ग्राम सिर्री तहसील खरोरा जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि यह कि आवेदक के पुर्वजो के द्वारा यह जमीन ग्राम सिर्री प.ह.नं. 48 रा.नि.म. खरोरा में खसरा नंबर 242/1, 249 शामिल नंबर 250, 244 का रकबा क्रमशः 13.3210 हे. 15.580 हे. लगभग 77 एकड़ पडत भाठा भूमि शामिलात चारागाह भूमि स्थित है जिसमें से लगभग 10 एकड़ पडत भाठा भूमि को शासन से लीज पर प्राप्त अपने स्वयं के व्यय से कृषि योग्य बनाकर कृषि कार्य कर परिवार का भरण पोषण करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 16/08/2024 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
खरोरा

न्यायालय तहसीलदार खरोरा, जिला रायपुर (छ0ग0)

क्रमांक 1501/ वा/तह. /2024
खरोरा, दिनांक:- 01/08/2024

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक खिलेश्वर नशीने पिता श्री गुंजारीलाल निवासी ग्राम सिर्री तहसील खरोरा जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि यह कि आवेदक के पुर्वजो के द्वारा यह जमीन ग्राम सिर्री प.ह.नं. 48 रा.नि.म खरोरा में खसरा नंबर 242/1, 249 शामिल नंबर 250, 244 का रकबा कमशः 13.3210 हे. 15.580 हे.0 लगभग 77 एकड़ पडत भाठा भूमि शामिलात चारागाह भूमि स्थित है जिसमें से लगभग 03 एकड़ पडत भाठा भूमि को शासन से लीज पर प्राप्त अपने स्वयं के व्यय से कृषि योग्य बनाकर कृषि कार्य कर परिवार का भरण पोषण करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 16/08/2024 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
खरोरा

न्यायालय तहसीलदार खरोरा, जिला रायपुर (छ0ग0)

क्रमांक 150/ वा/तह. /2024
खरोरा, दिनांक:- 01/08/2024

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक खुबीराम नशीने पिता रामयहाय निवासी ग्राम सिर्री तहसील खरोरा जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि यह कि आवेदक के पुर्वजो के द्वारा यह जमीन ग्राम सिर्री प.ह.नं. 48 रा.नि.नं. खरोरा में खसरा नंबर 242/1, 249 शामिल नंबर 250, 244 का रकबा क्रमशः 13.3210 हे. 15.580 हे. लगभग 77 एकड़ पडत भाठा भूमि शामिलात चारागाह भूमि स्थित है जिसमें से लगभग 5 एकड पडत भाठा भूमि को शासन से लीज पर प्राप्त अपने स्वयं के व्यय से कृषि योग्य बनाकर कृषि कार्य कर परिवार का भरण पोषण करने हेतु आवेदन पेश किया गया है आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं पंजीयन शुल्क हेतु चलान की प्रति पेश किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 16/08/2024 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से किया गया।

मुहर

तहसीलदार
खरोरा

विवादों में घिरी पीओ नमिता ठाकुर को मनोरा से भी हटाने की मांग को लेकर सरपंचों ने विधायक रायमुनी भगत को सौंपा ज्ञापन

समय पर भुगतान नहीं करने और कई विभागीय अनियमितताओं को लेकर हुई है

पायनियर लगातार

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जनपद जशपुर में पदस्थ प्रोग्राम ऑफिसर नमिता ठाकुर को स्थानांतरण मनोरा जनपद के लिए हाल में किया गया है। मनोरा उनके पहुंचने से पहले ही मनोरा जनपद पंचायत के दर्जनों ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि सरपंच उन्हें अपने विकासखंड में नहीं आने देने की मांग को लेकर विधायक रायमुनी भगत के पास 21 अगस्त को ज्ञापन सौंपा है। दरअसल समय पर भुगतान नहीं करने से लेकर कई विभागीय अनियमितताओं की शिकायत से पीओ ठाकुर घिरी हुई हैं।

यह थी शिकायत –लेखापाल और बड़ी मैडम के द्वारा योजनातर्गत कोई भी कार्य समय पर नहीं किया जाता है ओर ना ही कार्य होने की जानकारी दी जाती है। कार्य पूर्ण करने के बाद बिल एम आई ऐस के लिए देने पर बिल राशि का जब तक 3त्र नहीं दिया जाता है तब तक बड़ी मैडम फाइल को देखती भी नहीं है। अगर पैसा नहीं दे तो महीनों तक फाइल पड़ा रहता है। महोदय मनरेगा मे भुगतान वर्ष मे 02 या 03 बार ही होता है उस पर मैडम के द्वारा महीनों तक टाला जाता है और भुगतान से पहले पैसा लिया जाता है।

लंबी पदस्थापना पर थे सवाल

मैडम कई वर्षों से जनपद जशपुर मे पदस्थ है और वो यहाँ की लोकल रहने वाली है जिसके कारण नेतागिरी करती है। लेखापाल के द्वारा ग्राम रोजगार सहायकों का वेतन बनाने के लिए भी पैसा मांगती है। अगर पैसा ना दे तो वेतन भी नहीं बनाती जिसके कारण रोजगार सहयकों को 03-04 माह तक पैसा नहीं मिलता।

जिला कार्यालय संलग्न की मांग

करडीह, सुरजुला, हर्रा और करदना ग्राम पंचायत के सरपंचों ने विधायक को सौंपे ज्ञापन में यह कहा है कि जशपुर जनपद में पदस्थ पीओ ठाकुर के खिलाफ दर्जनों शिकायत है जिसपर जांच चल रही है। ऐसे में मनोरा में पदस्थ करने से यहां की छवि भी धूमिल होगी जोकि आपके प्रमुख कार्य क्षेत्र में आता है। इसलिए उन्हें जिला कार्यालय में संलग्न किए जाने की मांग की गई है।

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने किया जिला एवं सत्र न्यायालय, बिलासपुर का औचक निरीक्षण

- अव्यवस्थाओं को तत्काल निराकृत करने के दिए सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने अपने न्यायालय में सभी सूचीबद्ध प्रकरणों की सुनवाई उपरांत जिला एवं सत्र न्यायालय, बिलासपुर का औचक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम सिन्हा ने जिला न्यायालय बिलासपुर के पुराने भवन के समस्त कक्षों का निरीक्षण किया। न्यायालय भवन में जगह-जगह सीपेज देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। भवन की कई दीवारों में दरारें और कोर्ट रूम की दीवारों में भी जगह-जगह सीपेज की समस्या दिखी। कॉरीडोर में छत से पानी टपकने के कारण कॉरीडोर में पानी जमा हो रहा था और इसी तरह गार्डन में गमले व पौधे अस्त-व्यस्त पाये गये साथ ही न्यायालय की वाहन पार्किंग व्यवस्था भी अस्त-व्यस्त थी। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने इसके उपरांत जिला न्यायालय, बिलासपुर के नवीन भवन में स्थित कोर्ट रूमों का भी निरीक्षण किया गया। नवीन भवन की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पायी। कॉरीडोर में पानी देखकर प्रधान जिला न्यायाधीश से उसका कारण पूछा गया जिसके संबंध में जानकारी दी गयी कि ए.सी. के पानी के कारण कॉरीडोर गीला हो रहा है। इसके तत्काल निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। निर्माणाधीन नवीन वाहन पार्किंग का भी निरीक्षण किया और उपस्थित इंजीनियरों को कार्य नियत समयावधि में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। मुख्य न्यायाधीश सिन्हा के निरीक्षण की सूचना पर कलेक्टर, बिलासपुर अवनीश कुमार शरण व अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण जिला न्यायालय, बिलासपुर में उपस्थित हुये।

जशपुर एसपी शशि मोहन सिंह की पशु तस्करी मामले में संलिप्त वाहनों को राजसात कार्रवाई पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने दी बधाई

कलेक्टर डॉ. मित्तल और एसपी सिंह ने लोदाम थाने में ली संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ से झारखण्ड की ओर बूचड़खाना के लिए अवैध रूप से परिवहित किये जा रहे 10 प्रकरण में 13 मवेशी वाहन को जिला प्रशासन ने राजसात की कार्यवाही की है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को त्वरित गति से राजसात करने के लिए पुलिस अधीक्षक जशपुर को टेलिफोनिक बधाई दी जिन्होंने त्वरित गति से राजसात की कारवाई किया है एवं इस बावत अपने फेसबुक अकाउंट से पोस्ट भी किया।

इस तरह की गई कार्रवाई

छत्तीसगढ़ कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 2004 के तहत कार्रवाई की गई। जशपुर पुलिस एवं जिला प्रशासन कार्यवाही में राजसात किए जा रहे वाहनों से गौ तस्करों के आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया है। जनवरी से अब तक कुल 36 प्रकरणों में 43 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 443 गौ-वंशों को मुक्त कराया गया। गौ-तस्करी में सर्वाधिक थाना-लोदाम द्वारा 15 वाहन, थाना कांसाबेल 01 वाहन, थाना कुनकुरी 02 वाहन, थाना तुमला 02 वाहन, चौकी मनोरा 01 वाहन, थाना नारायणपुर 01 वाहन एवं वर्ष 2023 में चौकी दोकड़ा द्वारा 02 वाहन, थाना पत्थलगांव 01 वाहन, वर्ष 2019 में थाना कुनकुरी 01 कुल 26 वाहन जप्त किया गया एवं राजसात के लिएप्रतिवेदन कलेक्टर जिला-जशपुर को भेजा गया।

इन्हें किया गया राजसात

पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर 10 प्रकरण में 13 वाहनों पर राजसात की कार्यवाही कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला-जशपुर द्वारा आदेश पारित किया गया।

(1) ट्रक क्रमांक जेएच01एपी/9416
(2) पिकअप वाहन क्रमांक जेएच01ईवी/4710
(3) टाटा सूमो क्रमांक जेएच08ए/7899
(4). पिकअप वाहन क्रमांक जेएच0ईवी14710
(5). पिकअप वाहन क्रमांक जेएच01एफआर2481
(6). पिकअप वाहन क्रमांक जेएच01ईटी/1547
(7). पिकअप वाहन क्रमांक जेएच01एफएफ4925
(8). पिकअप वाहन क्रमांक जेएच09ई/7804
(9). पिकअप वाहन क्रमांक जेएच03/एल9806
(10). पिकअप वाहन क्रमांक जेएच01एफई/9799
(11). पिकअप वाहन क्रमांक जेएच01एफआर/2481
(12). पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 01एफजे/2568
(13). पिकअप वाहन क्रमांक जेएच19ई/7954

36 प्रकरणों में 43 आरोपी 431 गौवंश मुक्त–जनवरी से अब तक गौ-तस्करों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कुल 36 प्रकरणों में 43 आरोपियों को गिरफ्तार कर 431 गौवंशों को तस्करी होने से बचाया गया। गौ तस्करों द्वारा तस्करी करने में पीकअप वाहन एवं ट्रक का प्रयोग करते है। इस दौरान लगातार पुलिस कार्यवाही में तस्करों से कुल 26 वाहन को जप्त किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 02 से 2.5 करोड़ लगाया गया है। अधिकतर वाहन झारखण्ड रजिस्ट्रेशन का होना पाया गया है।

पशु तस्करों से जब्त किए गए वाहनों को राजसात की कार्रवाई जिला प्रशासन की ओर से की गई है। पुलिस प्रशासन के द्वारा किए गए कार्यों को लेकर गृह मंत्री ने टेलीफोन के माध्यम से बधाई दी है। पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर

पशु तस्करो रोकथाम मामले में पुलिस प्रशासन ने सराहनीय कार्य किया है। उनके द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों में पशु संरक्षण अधिनिय के तहत कार्रवाई करते हुए 13 वाहनों को राजसात किया गया है। इसकी नीलामी की प्रक्रिया भी जल्द पूरी कर ली जाएगी।

-डॉ. रवि मित्तल, कलेक्टर जशपुर

23 Aug. 2024 Pride Of Raipur



M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

Magnetic Mosquito Net Curtain
Keeps Mosquitoes Out
Lets Fres Air and Cool Breeze In
LAXMI TRADING COMPANY
Millennium Plaza, Banstall, G.E. Road, Raipur (C.G.)
Contact : +91 93031 47175

होमलोन व माडगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
माडगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356

KSR Kisan Parryware
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376688

Home Constrution
HOUSE Planning | Construction Work (with or without Materials) BOQ for bank Loans | Building Materials Supplying | Landscaping All Electrical and Plumbing Services | Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur
M : 82239-70000 86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

कमिश्नर कावरे की पहल: रायपुर संभाग में 42 पदों पर जल्द होगी अनुकंपा नियुक्ति

- संभागायुक्त ने वीडियो कार्फ्रेंसिंग के माध्यम से की संभागस्तरीय कलेक्टर्स कांफ्रेंस

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर संभाग में शामिल सभी पांच जिलों में अनुकंपा नियुक्ति के लिए मिले 42 आवेदनों पर जल्द ही कार्रवाई पूरी होकर प्रभावितों को सरकारी नौकरी मिलने का रास्ता खुल गया है। संभागायुक्त महादेव कावरे ने संभाग के पांचों कलेक्टरों को इन प्रकरणों पर जल्द से जल्द कार्रवाई कर योग्य उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए है। कावरे ने यह निर्देश वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग स्तरीय कलेक्टर्स कांफ्रेंस में दिए। उन्होंने धमतरी, बलौदाबाजार, महासमुंद जिले के कलेक्टरों को उनके जिलों में लंबित 18 अनुकंपा नियुक्ति आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। रायपुर जिले में लंबित 24 आवेदनों के निराकरण के लिए संभागायुक्त ने सक्षम अधिकारी की अध्यक्षता में तत्काल समिति गठित कर कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में कावरे ने सरकारी दफ्तरों में समय पर अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश भी कलेक्टरों को दिए। कावरे ने कहा कि निर्धारित समय पर कर्मचारी शासकीय कार्यालय में पहुंचे। साथ ही कार्यालय भी निर्धारित समय में खुलें। उन्होंने सभी कार्यालय में अधिकारी व कर्मचारियों के नाम की पट्टिकाएं लगाने को भी कहा। कलेक्टर कांफ्रेंस में संभाग के पांचों जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के सीईओ और अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेक्टर्स कार्फ्रेंस में कावरे ने ग्रामीण क्षेत्रों में सॉलिड और लिक्विड कचरे के निष्पादन के बारे में विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने कचरे को अलग-अलग करने के लिए ग्राम पंचायतों में बने मंणीकंचन केंद्र या शेड निर्माण की समीक्षा की तथा शेष ग्राम पंचायतों में भी जल्द से जल्द ऐसी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

साय सरकार में पत्रकारों की गाड़ी में गांजा रखवा दिया जाता है और विपक्षी विधायक को जेल में डाल दिया जाता है : मंडावी

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

प्रेस वार्ता आयोजित किया प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि बलौदाबाजार के मामले में भाजपा की साय सरकार अपनी नाकामी और पूरे देश में हुई बदनामी को छुपाने विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट को दर्शाता है। यह विपक्ष को बदनाम करने की साजिश है। विधायक देवेन्द्र यादव बलौदाबाजार में न भाषण दिये और न ही कलेक्टर ऑफिस प्रदर्शन में शामिल हुये। वे भीड़ में पांच मिनिट रूक कर वापस आ गये थे। कही भी किसी हिंसक घटना में उनके संलिप्तता का कोई भी साक्ष्य नहीं और न ही वे किसी भी प्रकार की घटना में शामिल थे। पुलिस ने उनको गलत तरीके से गिरफ्तार किया है। विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार से पुछा कि सरकार, पुलिस बताये किन भाजपा नेताओं को नोटिस दिया, किन किन भाजपा नेताओं की पूछताछ की गयी। न्याय संगत कार्यवाही होनी चाहिये लेकिन ऐसा नहीं हो रहा, भाजपा सरकार का चरित्र और व्यवहार 8 माह में ही अलोकतांत्रिक हो गया है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आगे कहा कि दक्षिण बस्तर के चार होनहार वरिष्ठ पत्रकारों को गलत तरीके से फंसाने की नियत से उनकी गाड़ी में गांजा रखा जाता है। विपक्ष के विधायक को झूठे मुकदमे में फंसा कर गिरफ्तार किया गया। विक्रम मंडावी ने बलौदाबाजार के मामले में सतनामी समाज और कांग्रेस के लोगों को चिन्हांकित करके उनको जेलों में डाला गया।कांग्रेस, भाजपा सरकार के इस आताताई चरित्र से डरने वाली नहीं। इस प्रकार के कृत्यों से कांग्रेस कार्यकर्ता और मजबूती से सरकार के खिलाफ जनता की आवाज उठायेगा। विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि बलौदाबाजार में हुई आगजनी की भयावह घटना शासन प्रशासन की बड़ी लापरवाही व सरकार की इंटेलीजेंट के फैल हो जाने के कारण हुई। समय रहते सरकार व प्रशासन सचेत हो जाता व समाज के द्वारा सीबीआई जांच की मांग को पूर्व में ही मान लेता तो प्रदेश को शर्मसार करने वाली घटना से बचा जा सकता था। इस पूरी घटना के लिये प्रदेश की भाजपा सरकार दोषी है। लचर कानून व्यवस्था और प्रशासन की निरंकुशता व लापरवाही से बलौदाबाजार में सतनामी समाज के आंदोलन में असामाजिक तत्वों की घुसपैठ हुई और इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया, जिसके लिए प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह दोषी है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में आगे कहा कि साय सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में कानून व्यवस्था बिगड़ी है। यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वालों पर कार्यवाही की गई होती और आहत समाज से संवाद किया गया होता तो ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती। धार्मिक भावनाएं आहत होने पर आंदोलित समाज को विश्वास में लिया गया होता तो ऐसे विध्वंसक प्रतिक्रिया नहीं होती। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि इस पूरे आंदोलन में भाजपा के जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े सहित अन्य भाजपा नेताओं की भूमिका की जांच हो। विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार से सवाल करते हुए कहा कि धरना प्रदर्शन को कलेक्टर से परमीशन दिलाने वाला कौन था? रैली में आने वाले हजारों लोगों के लिये भोजन, मंच, पंडाल, माईक के लिए रूपयों की व्यवस्था किसने किया? इतनी बड़ी घटना के बाद भड़काऊ भाषण देने वाले की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? नागपुर से 250 से अधिक लोग आये थे वो कौन थे? सरकार ने उन पर नजर क्यों नहीं रखा था? रैली की शुरूआत से ही उपद्रव शुरू हो गया था उसके बावजूद लोगों को कलेक्ट्रेट क्यों जाने दिया गया? भीड़ को रोकने की कोशिश क्यों नहीं हुई? आम जनता के वाहन जलाये जा रहे थे, लोगों को दौड़ा कर पीटा जा रहा था तब पुलिस कहां थी? एसपी किसके इशारे पर शांत बैठे हुये थे? घटना को रोकने के बजाय पलायन क्यों कर गये? प्रेस वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, जिला महामंत्री जितेंद्र हेमला, सुनील उद्दे, मीडिया प्रभारी राजेश जैन, इदरीस ख़ान, लक्ष्मण कुरसम, एज़ाज़ सिद्दीकी, विजय कुडियम, बाबू लाल राठी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोंडागांव की छात्रा कामिनी ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोंडागांव की छात्रा कुमारी कामिनी नेताम ने हाल ही में राष्ट्रपति से मुलाकात की। विद्यालय की अधीक्षिका रघनी मरकाम ने इस बारे में बताया कि, कुमारी कामिनी का चयन संभाग बस्तर के अंतर्गत जिला कोंडागांव से रक्षाबंधन के अवसर पर राष्ट्रपति से मुलाकात के लिए किया गया। इस चयन में डीएमसी महेंद्र पांडे का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। कुमारी कामिनी नेताम ने राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान जिला कोंडागांव की विशेषताओं और शिक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। राज्य से भेजी गई टीम के साथ कामिनी 18 अगस्त को रायपुर से दिल्ली के लिए विमान द्वारा रवाना हुई। 19 अगस्त को उन्होंने राष्ट्रपति के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर कामिनी ने राष्ट्रपति को राखी बांधते हुए अपने क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहरों और शैक्षिक उपलब्धियों पर भी बात की। 20 अगस्त को टीम ने दिल्ली के प्रमुख दर्शनीय स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण किया, जिसमें राष्ट्रपति भवन, कुतुब मीनार, लाल किला, लोटस टेम्पल, संसद भवन, राजघाट, जामा मस्जिद, इस्कॉन मंदिर और अन्य महत्वपूर्ण स्थल शामिल थे। वापसी के बाद, बच्चों को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भी मिलने का अवसर मिलेगा, जहां वे अपनी दिल्ली यात्रा और राष्ट्रपति से

मुलाकात के अनुभवों को साझा करेंगे। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री से उन्हें मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त होगा। विद्यालय की छात्रा कुमारी कामिनी नेताम के इस चयन पर विद्यालय परिवार ने गर्व महसूस किया और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

एएमएनएस कंपनी द्वारा छात्र-छात्राओं को वितरित की गई साइकिल

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

मुख्य रूप से दूरस्थ आदिवासी स्थानों में शिक्षा को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सीएसआर के तहत आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया लिमिटेड किरन्दुल द्वारा ज्ञानज्योति कार्यक्रम आयोजित की गई।जिसमें विशेष रूप से पिछड़े आदिवासी क्षेत्र के वंचित छात्रों को उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहन तौर पर गुरुवार को हायर सेकण्डरी स्कूल पालनार में पोटाली, समेली, जबेली, पालनार, मड़कामीरास, चोलनार के कुल 32 छात्र छात्राओं को साइकिल प्रदान किया गया। बता दें इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्रों को अपने उच्च अध्ययन को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है। मौके पर भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत सदस्य पायके मरकाम, पालनार सरपंच एवं एसएमडीसी के अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी, जिला पंचायत सदस्य मालती मुड़ामी, एसएमसी अध्यक्ष हेमन्त कश्यप, एएमएनएस कंपनी महाप्रबंधक जी राघवेलु, सीएसआर प्रमुख डॉ तेजप्रकाश, सिविल इंजीनियर गोविंद राजू, बीआरसी एम आर कश्यप एवम स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

आरक्षण : एसटी-एससी को क्रिमिलेयर श्रेणी में लाने के विरोध में निकाली गई आक्रोश रैली

बीजापुर सहित सभी ब्लाक मुख्यालय, कस्बों में बंद का व्यापक असर, सर्व आदिवासी समाज और सर्व एससी समाज द्वारा संयुक्त रैली कर सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

अनुसूचित जाति/ जनजातियों में क्रिमिलेयर लागू करने के सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले के विरोध में बुधवार को जिले के सभी ब्लाक मुख्यालय सहित कस्बों में बंद का व्यापक असर देखा गया। एसटी एससी संयुक्त समिति द्वारा आयोजित बंद और रैली में बीजापुर मुख्यालय में करीब 15 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। समिति द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे से लोगों का धरना स्थल आना शुरू हो गया। दोपहर 1 बजे अचानक भीड़ बढ़ने के चलते बैठक व्यवस्था में जुटे वालिंटियर को काफी परेशानी होती दिखी। आम सभा करीब सवा दो बजे तक चली जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने दलित आदिवासी समाज को मिले आरक्षण के कारणों पर अपनी बात रखते हुए आरक्षण व्यवस्था को पूर्ववत रखे जाने की मांग के साथ आगे और आंदोलन की बात कही। इस दौरान एसटी एससी संयुक्त समिति के अध्यक्ष शंकर कुडियम, विधायक विक्रम मंडावी, महार समाज के अध्यक्ष अजय दुर्गम, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी, सतनामी समाज अध्यक्ष कल्याण सिंह कुर्रे, परधान समाज सकनी चंद्रैया, मुरिया समाज सुकुल साय तेलाम, उरांव समाज पीआर भगत, कंवर समाज कमलेश पैंकरा, गोंडवाना समन्वय समिति के अमित कोरसा, अशोक तलांडी, नीना रावतिया उद्दे, कमलेश कारम, कामेश्वर दुब्बा, बृजलाल पुजारी आदि ने सभा को संबोधित किया। संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष शंकर कुडियम ने बताया की आक्रोश रैली मुख्य मार्ग से गुजरते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची जहां प्रतिनिधि के तौर पर डिप्टी कलेक्टर उत्तम पंचारी और तहसीलदार डीआर ध्रुव ने ज्ञापन लिया। इस दौरान आदिवासी समाज प्रमुखों द्वारा कलेक्टर से मुलाकात कर मांग को दोहराया तथा समाज की मांग पर कलेक्टर रैली के बीच पहुंच कर आदिवासी विकास पर सरकार की मंशा स्पष्ट करते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में राष्ट्रपति, भारत सरकार, प्रधानमंत्री, कानून मंत्र, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सर्वोच्च न्यायालय, अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के नाम सौंपा गया। शंकर कुडियम ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 01 अगस्त को दिए गए फैसले अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कोटे के अंदर कोटा और कोट के अंदर क्रीमी लेयर निर्धारित करने का अधिकार राज्यों को देने के निर्णय पारित किया है। इस निर्णय से देश भर के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग प्रभावित हो रहे हैं।

25 अगस्त को होगी व्यापमं की प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 25 अगस्त 2024 को सुबह 10 बजे से मध्यान्ह 12.15 बजे तक प्रथम पाली में प्रयोगशाला सहायक भर्ती परीक्षा तथा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक द्वितीय पाली में प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा जगदलपुर शहर के 09 केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। जिसके तहत परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 02 जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1702 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 03 जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1703 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-01 जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1704 शासकीय बहुउद्दशीय हायर सेकेण्डरी स्कूल जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1705 शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय शांति नगर जगदलपुर और परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1706 शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल क्रमांक-02 राजेन्द्र नगर वार्ड गीदम रोड जगदलपुर में दोनों पाली में भर्ती परीक्षा होगी।

खण्ड स्त्रोत समन्वयक के द्वारा बुनागांव के स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विकास खंड कोंडागांव अंतर्गत सभी शालाओं में शिक्षा गुणवत्ता में कसावट लाने शिक्षा अधिकारियों के द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में संकुल केंद्र बुनागांव के जनपद प्राथमिक, उच्च प्राथमिक शाला बुनागांव का विकास खंड स्त्रोत समन्वयक रामलाल नेताम के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लेने के साथ ही कक्षाओं में जाकर गणित विषय का अध्यापन कराया गया। उनके द्वारा भाग और गुणा के सवाल और बच्चों के हाजिर जवाबी से अधिकारी के द्वारा प्रसन्नता व्यक्त किया गया। शिक्षकों के साथ शालाओं की गतिविधियों की चर्चा करने के साथ ही आवश्यक सभी पंजियो का निरीक्षण व संधारण, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, नवाचारी शिक्षा, नवाजतन के बारे में जानकारी लेने के साथ आवश्यक निर्देश दिए। खण्ड स्त्रोत समन्वयक के द्वारा शाला परिसर की साफ-सफाई, बेहतरीन प्रिंट रीच सजावट, टीएलएम निर्माण और शिक्षक सूरज नेताम के द्वारा किए जा रहे नवाचारी शिक्षकीय कार्यों की सराहना की। इस दौरान संकुल समन्वयक धरम देवांगन, शाला के शिक्षिका शकुंतला यादव, रोशनी साहू, रुपेश कल्लो, प्रदीप नाग उपस्थित रहे।

कटेकल्याण में 28 अगस्त, गीदम में 29 अगस्त तथा दंतेवाड़ा में 30 अगस्त को

दंतेवाड़ा। कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार सेफ इंटेलिजेंस सिक्योरिटी सर्विस रायपुर द्वारा कुल 700 पदों पर सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर एवं लेबर पद पर भर्ती कर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश में पदस्थ किया जाना है। इस हेतु संस्था के द्वारा विकासखण्ड कटेकल्याण में 28 अगस्त एवं गीदम में 29 अगस्त तथा दंतेवाड़ा में 30 अगस्त 2024 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जावेगा। जिसमें जिले के सभी शिक्षित बेरोजगार युवक शामिल हो कर अपना भविष्य संवार सकते हैं। सभी प्लेसमेंट कैंप का कार्यक्रम समय प्रातः 11 बजे कटेकल्याण, गीदम एवं दंतेवाड़ा में संपन्न की जावेगी।

भारत बंद के दौरान कोंडागांव मुस्लिम समाज ने आदिवासियों को दिया पूर्ण समर्थन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

बुधवार भारत बंद के दौरान कोंडागांव नगर में भारत बंद का असर दिखा, जहां संयुक्त मोर्चा अनुसुचित जाति, अनुसुचित जन जाति, अन्य पिछड़ा व अल्पसंख्यक जिला कोडांगाव, छत्तीसगढ़ के आव्हान पर भारत बंद में मुस्लिम समाज का पूर्ण समर्थन देखने को मिला। भारत बंद के दौरान कोंडागांव नगर में मुस्लिम समाज का पूर्ण समर्थन देखने को मिला जहां मस्जिद के सामने मुस्लिम सामाज के द्वारा कोल्ड ड्रिंक और नाश्ते का आयोजन भी किया। बंद के समर्थन में मुस्लिम समाज के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद यासीन, इशरार अहमद, इरसाद खान, सकुर खान, नियाज़ खान, मोनू खान, प्यारु भाई, असलम मंसूरी, अनीश मंसूरी, जमाल बडगुजर, मोईनुद्दीन बडगुजर और कौसर खान अन्य सभी ने रैली में भाग लेकर अपना समर्थन व्यक्त किया।

हानिकारक गाजर घास को समूल नष्ट करने कृषकों को किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

गाजर घास उन्मूलन जागरूकता सप्ताह का आयोजन 16 अगस्त से 22 अगस्त तक कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर एवं अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना खरपतवार प्रबंधन के तत्वावधान में किया गया। इसके तहत गाजरघास उन्मूलन हेतु ग्राम पुसवाड़ा एवं सिंगारभाट में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नितीश तिवारी ने गाजर घास के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गाजरघास का प्रकोप पिछले कुछ वर्षों से सभी प्रकार की खाद्यान्न फसलों, सब्जियां एवं उद्यानों में भी बढ़ता जा रहा है। गाजरघास का पौधा 3-4 महीने में अपना जीवन चक्र पूरा कर लेता है तथा एक वर्ष में इसकी 3-4 पीढ़िया पूरी होती जाती है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीरबल साहू ने बताया कि वर्षा ऋतु में गाजरघास को फूल आने से पहले जड़ से उखाड़कर कम्पोस्ट एवं वर्मी कम्पोस्ट बनाना चाहिए व अकृषित क्षेत्रों में शाकनाशी रसायन जैसे ग्लायफोसेट 1.5-2.0 प्रतिशत या मेट्रीब्यूजिन 0.3-0.5 प्रतिशत घोल का फूल आने के पहले छिड़काव करने से गाजरघास नष्ट हो जाती है। गाजरघास का एक पौधा 10,000 से 25,000 अत्यंत सूक्ष्म बीज पैदा कर सकता है एवं पूरे वर्ष भर उगता एवं फलता-फूलता रहता है। उप संचालक कृषि जितेन्द्र कोमरा ने कृषकों को विभागीय योजनाओं एवं समसमायिक जानकारी प्रदान की तथा गाजरघास को समूल नष्ट करने के लिए कृषकों को जागरूक होने आह्वान किया। वैज्ञानिक डॉ. सी. एल. ठाकुर ने गाजरघास के दुष्प्रभाव के बारे में बताया कि इसके सम्पर्क में आने से मनुष्यों में त्वचा संबंधी रोग जैसे एक्जिमा, एलर्जी, बुखार एवं दमा आदि बीमारियां होती हैं। अत्यधिक प्रभाव होने पर मनुष्य की मृत्यु तक हो जाती है तथा पशुओं के लिए भी यह खरपतवार अत्यधिक विषाक्त होता है। गाजरघास के तेजी से फैलने के कारण अन्य उपयोगी वनस्पतियां खत्म होने लगती है, जैव विविधता के लिये गाजरघास एक बहुत बड़ा खतरा बनता जा रही है।

डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन 31 अगस्त तक

कांकेर। शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण के लिए रजिस्ट्रेशन 28 से 31 अगस्त तक कराना होगा। रजिस्ट्रेशन के पश्चात् आबंटित सीटों पर 04 से 07 सितम्बर तक प्रवेश लिया जाएगा। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के समस्या निवारण के लिए अभ्यर्थी सुविधा केंद्र भी बनाया गया है। शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर के प्राचार्य ने बताया कि डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स के प्रथम वर्ष में प्रवेश पीपीटी-2024 या कक्षा दसवीं के आधार पर होगी। इसी प्रकार डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स के द्वितीय वर्ष (लैटरल एंट्री) में प्रवेश दो वर्षीय आईटीआई या कक्षा 12वीं उत्तीर्ण के आधार पर काउंसिलिंग द्वारा होगी।

फॉर्म नं. आईएनसी-26

{कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में}

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में बदलने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन

केंद्र सरकार (क्षेत्रीय निदेशक), उत्तर पश्चिमी क्षेत्र आरओसी भवन,
रूपल पार्क सोसाइटी के सामने, अंकुर बस स्टॉप के पीछे, नारनपुरा, अहमदाबाद-380013, गुजरात

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा(4) और कंपनी (निगमन) नियम 2014 के नियम 30 के उप नियम (5) के खंड (ए) के मामले में

और

आर.के. एसोसिएट्स एंड होटेलियर्स प्राइवेट लिमिटेड
(सीआईएन - U55100CT2009PTC021098) के मामले में,
जिसका पंजीकृत कार्यालय रेलवे स्टेशन के सामने, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001
..याचिकाकर्ता

एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कम्पनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन लाने हेतु पुष्टिकरण हेतु क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र, अहमदाबाद, गुजरात (केन्द्र सरकार)को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है, यह विशेष प्रस्ताव असाधारण आम बैठक में कम्पनी को सक्षम करने हेतु मंगलवार **20.08.2024** को आयोजित बैठक में कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को "छत्तीसगढ़ राज्य" से "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" में स्थानांतरित करने हेतु पारित किया गया।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित संशोधन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियां निवेशक शिकायत प्रपत्र भरकर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर कर सकता है अथवा क्षेत्रीय निदेशक का पता: उत्तर पश्चिमी क्षेत्र, आरओसी भवन, रूपल पार्क सोसाइटी के सामने, अंकुर बस स्टॉप के पीछे, नारनपुरा, अहमदाबाद-380013, गुजरात के पते पर इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर प्रेषित करवा सकता है अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकता है, जिसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी को इसके नीचे वर्णित कार्यालय पर भेजी जानी चाहिए:

पता: रेलवे स्टेशन के सामने, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001

आर.के. एसोसिएटेड एंड होटेलियर्स प्राइवेट लिमिटेड हेतु
शरण बिहारी अग्रवाल
निदेशक (डीआईएन: 00394548)
पता: मकान नं. 53, फ्रेंड्स कॉलोनी ईस्ट, श्रीनिवासपुरी, नई दिल्ली-110020

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)
Email-ID: ee-res.kondagaon@nic.NO.07786-296017

मैनुअल पद्धति वर्ष 2024-25 हेतु सूचना क्रमांक-12 (तृतीय दौर)
निविदा आमंत्रण

क्रमांक/12/व.ले.लि./नि.प्र./ग्रा.यां. सेवा/2024-25 कोण्डागांव दिनांक 20/08/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सामग्री प्रदाय हेतु मैन्युणल के अपेंडिक्स 2.15 के अनुसार प्रपत्र 'सी' में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 29/08/2024 शाम 5.00 बजे तकः-

स. क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत प्रति कार्य (रुपए लाख में)
1	2	3
1	समुदाय के लिए खेल मैदान निर्माण कार्य भाग-1 (पेवेलियन, शौचालय, सिटिंग गैलरी, आहता, नलकूप खनन कार्य) विद्युतीकरण कार्य सहित (शेष कार्य हेतु) रांधना, वि.ख. माकड़ी	16.23
2	समुदाय के लिए तटबंध निर्माण, (बुढआसागर तालाब) (शेष कार्य हेतु) माकड़ी वि.ख. माकड़ी	9.88
3	सामुदायिक भवन निर्माण शौचालय सहित- (समूहों के लिए आजीविका कार्यकलाप के लिए वर्क शेड निर्माण कार्य) विद्युतीकरण कार्य सहित, (शेष कार्य हेतु) मसोरा वि. ख. कोण्डागांव	9.39

2 उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in दिनांक 21/08/2024 से देखी एवं डाऊनलोड की जा सकती है।

3 भुगतान मनरेगा प्रकिया के तहत किया जावेगा।

विकास की युक्ति-नशे से मुक्ति | Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

G-242501917/4

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403